राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 75, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली रविवार 01 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा ने हृदय स्वास्थ्य पर जागरूकता .... पेज 03

योगीराज में प्रदेश में हत्या में 9 तो डकैती में 16 प्रतिशत की आयी कमी .... पेज 05

लवलीना ने जीता भारतीयों का दिल,प्रीति ने भी गोल्डेन टिकट की अर्जी लगायी .... पेज 07

## राजस्थान : 31 साल बाद कुम्हेर कांड का फैसला, 9 को उम्रकैद

### 41 बरी; 32 आरोपियों की हो चुकी मौत, 16 दलितों की हत्या की थी

भरतपुर। भरतपुर की एससी/एसटी कोर्ट ने कुम्हेर कांड में शनिवार को फैसला सुनाया।

31 साल पुराने मामले में कोर्ट ने 9 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 41 को बरी कर दिया। ट्रायल के दौरान 32 आरोपियों की मौत हो चुकी है। एक आरोपी अब तक फरार है।

6 जून 1992 में कुम्हेर में 16 दलितों की हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड की जांच पुलिस ने शुरू की थी। बाद में यह मामला सीबीआई के



हवाले कर दिया गया था। सीबीआई ने जांच करते हुए 83 लोगों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया था।

वकील राजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया- 6 जून 1992 में कुम्हेर इलाके में दो समाजों के लोगों के बीच आपसी कहासुनी हुई थी। झगड़े ने बड़ा रूप ले लिया था। कोर्ट ने 283 लोगों के बयान लिए थे। आजीवन कारावास की सजा पाने वाले लक्खो, प्रेम सिंह, मान सिंह, राजवीर, प्रीतम, पारस जैन, चेतन, शिव सिंह और गोपाल है। फैसला आते ही जिन आरोपियों को सजा मिली, उनके परिजन रोने लग गए।

#### 5 मृतकों की पहचान भी नहीं हो सकी थी

कुम्हेर कांड 1992 की गर्मियों में हुआ था। दो समाजों के बीच 1 जून को सिनेमाघर में टिकट को लेकर झगड़ा हुआ था। सिनेमा हॉल के अंदर ही झगड़ा हो गया था। इसके बाद एक पक्ष के लोगों ने 5 जून को पंचायत बुलाई थी और तय किया दूसरे पक्ष के लोगों को सबक सिखाएंगे। 6 जून को एकजुट हुए लोगों ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया था। 16 लोगों की हत्या कर दी गई थी। 40 से ज्यादा घायल हुए थे। मरने वाले 5 लोगों की शिनाख्त तक नहीं हो सकी थी।

## हॉकी : भारत की पाक पर सबसे बड़ी जीत

### एशियाड के ग्रुप स्टेज में 10-2 से हराया

**एजेंसी**

हांगझोउ। 19वें एशियन गेम्स के 7वें दिन हॉकी में भारत ने पाकिस्तान पर सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। भारतीय टीम ने पाकिस्तान को पूल-ए के लीग मुकाबले में 10-2 से हराया। कप्तान हरमनप्रीत ने 4 गोल दागे। भारत ने पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ 10 गोल किए हैं।

चीन के हांगझोउ में चल रहे एशियन गेम्स में शनिवार को भारतीय खिलाड़ियों ने 5 मेडल जीते, इनमें दो गोल्ड, दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज शामिल है।

भारत ने स्क्वॉश का गोल्ड पाकिस्तान को हराकर ही जीता है। भारत के कुल 10 गोल्ड हो गए हैं।

भारत 38 मेडल जीत चुका है। इसमें 10 गोल्ड, 14 सिल्वर और 14 ब्रॉन्ज शामिल है। भारत मेडल टैली में चौथे नंबर पर है।

## दिल्ली वालों को जल्द मिलेगी कूड़े के पहाड़ों से मुक्ति : सीएम

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि निगम में आम आदमी पार्टी(आप) की सरकार आने के बाद से लैंडफिल साइट से कूड़ा खत्म करने के काम में काफी तेजी आई है और तय लक्ष्य से अधिक गति से कूड़ा हटाया जा रहा है।

केजरीवाल ने भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा करके कहा, पिछले साल मध्य नवंबर से भलस्वा लैंडफिल साइट से कूड़ा साफ करने का काम शुरू हुआ था।

लक्ष्य रखा गया था कि अगले 18 महीने के अंदर भलस्वा लैंडफिल साइट से लगभग 30 लाख टन कूड़ा कम किया जाएगा। तीस सितंबर तक लगभग 14 लाख टन कूड़ा कम करने



का लक्ष्य रखा गया था। यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि लक्ष्य से कहीं अधिक गति से कूड़ा साफ करने का काम चल रहा है। सितंबर तक भलस्वा लैंडफिल साइट से तय लक्ष्य 14 लाख टन के बजाय 18 लाख टन कूड़ा कम किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि मौजूदा एजेंसी जब अगले साल 15 मई तक 45 लाख टन कूड़ा साफ कर लेगी तब यहां पर 35 एकड़ जमीन खाली हो जाएगी। जब सारा कूड़ा साफ हो जाएगा, तो यहां पर काफी जमीन खाली हो जाएगी।

भलस्वा लैंडफिल साइट के बगल से गुजर रही सड़क से पंजाब और हरियाणा से लोग दिल्ली आते हैं। दिल्ली में प्रवेश करते ही उनको कूड़े का पहाड़ दिखाई देता था।

ये कूड़े का पहाड साफ हो जाएगा तो इस जमीन का कई तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है।

दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से जल्द मुक्ति मिलेगी। इसके लिए अतिरिक्त एजेंसी नियुक्त करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। दिल्ली को समय से पहले कूड़े के पहाड़ों से मुक्ति मिल जाएगी।

## नियंत्रण रेखा पर आतंकवादियों के घुसपैठ नाकाम, दो ढेर

**एजेंसी**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया तथा इसी क्रम में हुए मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए।

पुलिस ने यह जानकारी दी। कुपवाड़ा जिले के माछिल सेक्टर के कुमकाडी इलाके में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के करीब आतंकवादियों के घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि कुपवाड़ा पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए खुफिया इनपुट के आधार पर सेना और पुलिस की ओर से संयुक्त रूप से घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया गया था।

कुपवाड़ा पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया,कुपवाड़ा पुलिस की ओर से प्राप्त एक खुफिया इनपुट के आधार पर, माचल सेक्टर के कुमकाडिया क्षेत्र में सेना और पुलिस ने चलाये एक संयुक्त अभियान में अब तक घुसपैठ करने वाले दो आतंकवादी मारे गए हैं।

मारे गए आतंकवादियों की पहचान और समूह से संबद्धता तत्काल स्थापित नहीं कयह दूसरी घुसपैठ की कोशिश है जिसे पिछली रात कश्मीर में सेना ने नाकाम कर दिया है।

गत 16 सितंबर को बारामूला जिले के उरी सेक्टर में मुठभेड़ में तीन घुसपैठिए मारे गए। उस घुसपैठ विरोधी अभियान के बाद, सेना ने कहा कि घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को पाकिस्तानी सेना से 'गोलीबारी का समर्थन' भी मिला। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक ऑपरेशन जारी था।

## जयपुर में युवक की पीट-पीटकर हत्या

### एक दर्जन लोग राउंडअप; 50 लाख का मुआवजा

राजस्थान के जयपुर में बाइक से टक्कर के बाद दो पक्षों में संघर्ष हो गया। जिसमें एक युवक की मौत हो गई है। जिसके चलते इलाके में तनाव है। दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। वहीं, हत्या के बाद से ही इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। दूसरी तरफ डीजीपी उमेश मिश्रा ने शांति बनाए रखने की अपील की है। मिश्रा ने दिए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए है। लगभग एक दर्जन संदिग्ध को किया गया राउंडअप जयपुर के सुभाष चौक व रामगंज में स्थिति नियंत्रण में है। पर्याप्त मात्रा में एसटीएफ सहित जाप्ता तैनात, पुलिस कमिश्नर सहित वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे है। सरकार ने 50 लाख मुआवजे और संविदा पर नौकरी देने की घोषणा की है। डेयरी बूथ भी दिया जाएगा। पीड़ित पक्ष सरकार से लिखित में आश्वासन चाहता है। इसलिए खबर लिखे जाने तक सुपुर्द ए खाक नहीं किया गया।

#### एक दर्जन लोग राउंडअप

ड्रोन के जरिए रखी जा रही है स्थिति पर नियंत्रण।डीजीपी ने बताया कि घटना में लिप्त लोगो के विरूद्ध होगी नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी।

मिश्रा ने की शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है। पुलिस ने गुस्साए लोगों से समझाइश कर जाम भी खुलवा दिया है। इस केस में पुलिस ने करीब एक दर्जन लोगों को राउंडअप भी किया है। SHO (सुभाष चौक) सुरेश सिंह खटीक ने बताया- जयपुर में फूटा खुर्रा रामगंज के रहने वाले इकबाल (18) पुत्र अब्दुल मजीज का मर्डर हुआ है। रात करीब 10.45 बजे जयसिंहपुरा खोर से इकबाल बाइक लेकर घर जा रहा था। इसी दौरान गंगापोल में राहुलजी का बाजार में उसकी बाइक दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। बाइक टक्कर होने की बात को लेकर दोनों युवकों में गाली-गलौज हो गई थी।



#### 50 लाख मुआवजे का एलान

सरकार ने 50 लाख मुआवजे और संविदा पर नौकरी देने की घोषणा की है। डेयरी बूथ भी दिया जाएगा। मामले के मुताबिक बुजुर्ग ने दोनों को गाली-गलौज करने से मना किया। इसको लेकर इकबाल की वहां खड़े लोगों से भी कहासुनी हो गई और उन्होंने इकबाल को डंडे-सरिये से पीटना शुरू कर दिया। पैर-सिर पर ताबड़तोड़ वार से इकबाल लहूलुहान हो गया। इस दौरान दूसरा घायल युवक वहां से भाग निकला।

## सौ आकांक्षी ब्लॉक, सौ आकांक्षी गांवों के विकास का मॉडल बनाए

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 112 आकांक्षी जिलों के विकास के कार्यक्रम की महत्वाकांक्षी सफलता और 25 करोड़ लोगों के जीवन में बदलाव आने की सराहना करते हुए आज नौकरशाही को नसीहत दी कि वे अब देश के सौ ब्लॉकों और सौ पिछड़े गांवों को चिह्नित करके उनके विकास का मॉडल तैयार करें।

मोदी ने यहां भारत मंडपम में देश के महत्वाकांक्षी ब्लॉकों के लिए संकल्प सप्ताह नाम से सप्ताह भर का एक कार्यक्रम शुरू किया।

इस अवसर पर उन्होंने महत्वाकांक्षी ब्लॉक प्रोग्राम पोर्टल भी लॉन्च किया और एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने ब्लॉक स्तर के तीन अधिकारियों से भी बातचीत की।




नई दिल्ली के भारत मंडपम में आकांक्षी ब्लॉकों के लिए 'संकल्प सप्ताह' नामक एक सप्ताह के कार्यक्रम क शुभारंभ प्रधान मंत्री नरेंद्र ने किया।

## 854 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी

### वॉट्सऐप-टेलीग्राम से फंसाया, ज्यादा रिटर्न का लालच देते थे; 6 गिरफ्तार

बेंगलुरु। बेंगलुरु पुलिस ने 854 करोड़ रुपए की साइबर धोखाधड़ी पकड़ी है। 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर एक निवेश योजना की आड़ में देशभर से हजारों लोगों को ठगने का आरोप है। अधिकारियों ने शनिवार (30 सितंबर) को बताया कि इनसे 5 करोड़ रुपए और लैपटॉप, मोबाइल फोन, प्रिंटर, स्वाइपिंग मशीन समेत कई डिवाइस बरामद की गई हैं।

जांच में पता चला है कि इस साइबर धोखाधड़ी के देशभर में 5,013 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से बेंगलुरु शहर में 17 मामले दर्ज किए गए। बेंगलुरु में 49 लाख रुपए ठगे गए हैं। पुलिस के मुताबिक, गिरोह ने पीड़ितों को वॉट्सऐप और टेलीग्राम व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के जरिए अपने जाल में फंसाया। शुरुआत में उन्हें यह कहकर कि एक हजार रुपए से 10 हजार रुपए का निवेश करें तो उन्हें हर दिन 1,000 रुपए से 5,000 रुपए का मुनाफा होगा। आरोपियों ने निवेश पर ज्यादा रिटर्न देने का वादा किया। लोगों का भरोसा जीतने के बाद उनसे बड़ी राशि जमा करानी शुरू कर दी।

#### ऑनलाइन पैसा लिया

हजारों पीड़ितों ने एक लाख से लेकर 10 लाख या उससे ज्यादा की राशि इन्वेस्ट की। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों ने निवेश किया पैसा ऑनलाइन पेमेंट के जरिए अलग-अलग बैंक खातों में भेजा। निवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद जब पीड़ित पैसा निकालने की



कोशिश करते तो उन्हें कभी वापस नहीं मिलता। आरोपियों ने ना तो इंटरेस्ट और ना ही जमा किया पैसा पीड़ितों को दिया।

#### 84 बैंक खातों में जमा कराई गई राशि

पैसा मिलने के बाद आरोपी उसे मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े खातों में भेज देते। उन्होंने बताया कि कुल 854 करोड़ रुपए की राशि अलग-अलग राज्यों के 84 बैंक खातों में जमा कराई गई। इनमें से कुछ खाते फर्जी पते और पहचान का इस्तेमाल करके खोले गए थे। उन्होंने कुछ लोगों के सही बैंक खातों का भी इस्तेमाल किया और इसके लिए उन्हें कमीशन भी दिया।

यह पैसा क्रिप्टो करेंसी (बाइनेंस), पेमेंट गेटवे, गेमिंग ऐप के जरिए अलग-अलग ऑनलाइन पेमेंट गेटवे में भेजी गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर बी दयानंद ने कहा कि पहले भी सेंट्रल क्राइम ब्रांच (ष्टष्ट?ष्क्) साइबर धोखाधड़ी का पता लगाने में सफल रही है। अपराधियों ने कुछ लोगों को उनके निवेश किए पैसे पर ज्यादा इंटरेस्ट का लालच देकर फंसा लिया।

#### तीन मास्टरमाइंड अभी नहीं पकड़े गए

पुलिस ने बताया कि आरोपी मनोज, पनींद्र, चक्रधर, श्रीनिवास, सोमशेखर और वसंत को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी बेंगलुरु के निवासी हैं। धोखाधड़ी के मास्टरमाइंड तीन अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है। गिरफ्तार सभी 6 आरोपियों ने अलग-अलग भूमिका निभाई।

पुलिस ने कहा कि उनमें से कुछ को वॉट्सऐप और टेलीग्राम के जरिए टारगेट की पहचान करने और उन तक पहुंचने का काम सौंपा गया था। जबकि अन्य का काम ठगी गई राशि को जमा करने और ट्रांसफर करने के लिए बैंक खातों की व्यवस्था करना था।

#### तीन महीने से काम कर रही थी पुलिस

पुलिस ने कहा कि सीसीबी तीन महीने से इस मामले पर काम कर रही थी। तकनीकी निगरानी और अन्य महत्वपूर्ण सुरागों का पता लगाने के बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब रही।

## तमिलनाडु के मरापलम में भीषण हादसा, आठ की मौत; 27 घायल

चेन्नई। तमिलनाडु के मरापलम के पास एक बस के खाई में गिरने की वजह से तकरीबन आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 27 पर्यटकों के घायल होने की खबर है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पर्यटकों की बस दक्षिणी राज्य कोयंबटूर जिले में ऊटी से मेट्टुपालयम की ओर जा रही थी। उसी वक्त अचानक यह भीषण हादसा हुआ। दुर्घटनाग्रस्त हुई बस में 55 लोग




सवार थे। पुलिस ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए कुन्नूर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। इस बस में 55 लोग सवार थे। घायलों को एम्बुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

#### ड्राइवर ने खो दिया था नियंत्रण

पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में यह निकलकर आया है कि ड्राइवर ने व्हील पर से अपना नियंत्रण खो दिया था। जिसकी वजह से कुन्नूर के पास मारापालम में 100 फीट गहरी खाई में गिर गया।

## जम्मू-कश्मीर खुले में शौच से मुक्त प्रदेश बना

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। जम्मू -कश्मीर ने खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ प्लस) मॉडल वाले प्रदेश का दर्जा प्राप्त कर लिया है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण के तहत जम्मू-कश्मीर के सभी 6650 गांव ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित किए गए हैं और प्रदेश को सौ प्रतिशत ओडीएफ प्लस मॉडल वाले राज्य का दर्जा मिल गया है।

मंत्रालय के अनुसार पूरे राज्य में 17.4 लाख से अधिक घरेलू शौचालय, पांच लाख सोक पिट; 1.8 लाख कम्पोस्ट पिट, 6509 अपशिष्ट अलग करने के पृथक्करण शेड और 5523 सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण किया गया है।


**रेप केस** | तमिलनाडु के वचथी गांव में पुलिस, फॉरेस्ट और रेवेन्यू अफसरों ने किया था दुष्कर्म

## 31 साल पुराने रेप केस में 215 सरकारी कर्मचारी दोषी

**एजेंसी**

**चेन्नई।** तमिलनाडु के वचथी गांव के 31 साल पुराने रेप केस में मद्रास हाईकोर्ट ने 215 लोगों को दोषी करार किया है। दोषियों में पुलिसवाले, फॉरेस्ट और रेवेन्यू अधिकारी शामिल हैं। 1992 में इन लोगों ने आदिवासी गांव वचथी में 18 महिलाओं का रेप और पुरुषों को टॉर्चर किया था।

2011 में एक लोअर कोर्ट ने इन लोगों को दोषी ठहराया था। इस आदेश के खिलाफ आरोपियों ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। शुक्रवार (29 सितंबर) को हाईकोर्ट ने लोकर कोर्ट का फैसला



बरकरार रखा।

#### तस्करी की गई चंदन की लकड़ी ढूंढने के लिए अधिकारियों ने की थी रेड

20 जून 1992 को फॉरेस्ट और रेवेन्यू अधिकारियों के साथ मिलकर पुलिस टीम ने वाचथी गांव में रेड डाली थी।

ये लोग यहां तस्करी की गई चंदन की लकड़ी ढूंढने आए थे। पुलिस और सरकारी अधिकारियों ने गांव के लोगों को चंदन तस्कर वीरप्पन का समर्थक बताते हुए तीन दिन तक उनके साथ बर्बरता की थी।

269 दोषियों में से 126 फॉरेस्ट ऑफिसर, 84 पुलिसवाले और 5 रेवेन्यू अधिकारी थे। 2011 में जब लोकर कोर्ट का आदेश आया, तब तक 54 दोषियों की मौत हो चुकी थी।

#### 1 से 10 साल की सजा, 10 लाख जुर्माना लगाया था

2011 के अपने फैसले में लोअर कोर्ट ने सभी दोषियों को 1 से 10 साल तक की जेल की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही हर दोषी को 10 लाख रुपए देने आदेश दिया गया था, जो 18 रेप विक्टिम्स को दिए जाते। इनमें से हर दोषी 5 लाख रुपए जमा कर चुका है, जबकि 5 लाख बकाया है। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने अपने आदेश में राज्य सरकार को निर्देश दिया कि पीड़ितों को नौकरी या उनके और उनके परिवारों को स्व-रोजगार के अवसर मुहैया कराए जाएं। कोर्ट ने सरकार को ये निर्देश भी दिया था कि तत्कालीन जिला कलेक्टर, सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस और डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर दोषियों के खिलाफ एक्शन ले क्योंकि उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर थी।

## राहुल गांधी ने लोकतांत्रिक चेतना का अलख जगाया : कमलनाथ

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज राज्य में वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की जनसभा के बाद कहा कि गांधी ने लोकतांत्रिक चेतना का अलख जगाया है। कमलनाथ ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा है कि राज्य की धरती पर श्री गांधी ने जो लोकतांत्रिक चेतना का अलख जगाया है, उसके लिए वे मध्यप्रदेश की पूरी जनता की ओर से उनका आभार व्यक्त करता हूं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वे कालापीपल और आसपास की जनता के प्रति भी आभार व्यक्त करते हैं



नई दिल्ली
रविवार 01 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# शार्ट न्यूज

## जरनैल सिंह, पत्नी, पुत्र सहित गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो (वीबी) ने शनिवार को वाहद-संधार शुगर मिल्स लिमिटेड फगवाड़ा के प्रबंध निदेशक जरनैल सिंह वाहद, उनकी पत्नी रूपिंदर कौर वाहद, और बेटे संदीप सिंह वाहद को चीनी मिल फगवाड़ा की सरकारी जमीन का दुरुपयोग करने और राज्य सरकार को वित्तीय नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। रुपिंदर कौर संधार शुगर मिल्स की निदेशक हैं और उनके पुत्र संदीप सिंह वाहद, निदेशक वाहद संधार शुगर मिल लिमिटेड फगवाड़ा और शुगर मिल प्लाजा प्राइवेट लिमिटेड, फगवाड़ा के निदेशक हैं। आरोपी जरनैल सिंह वाहद शिरोमणि अकाली दल पार्टी की सलाहकार समिति का सदस्य है और अकाली दल सरकार के दौरान पूर्व चेयरमैन मार्कफेड भी था। ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि जगतजीत शुगर मिल्स कंपनी लिमिटेड, वहाद संधार शुगर्स लिमिटेड फगवाड़ा, शुगर मिल प्लाजा प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, निदेशकों, अतिरिक्त निदेशक आदि के खिलाफ एक जांच की गई थी। ब्यूरो द्वारा जांच के दौरान यह पाया गया कि कपूरथला राज्य के महाराजा जगतजीत सिंह ने अपने आदेश समझौते दिनांक नौ फरवरी 1933 के साथ जगतजीत शुगर मिल्स कंपनी लिमिटेड को विकसित करने के लिए अपने राज्य में चीनी मिल उद्योग आवंटित किया था।

## डेढ़ करोड़ के हाथी दांत के साथ पांच लोग गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान के उदयपुर जिले की सवीना थाना पुलिस ने करीब डेढ़ करोड़ के हाथी दांत को बरामद कर सीआरपीएफ के एक सबइंस्पेक्टर सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एमएन ने आज बताया कि हाथी दांत बेचने की फिराक में घूम रहे इन लोगों को गिरफ्तार कर इनके पास से तीन फीट लम्बा एवं आठ किलो वजनी हाथी दांत बरामद किया है। आरोपी तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले से हाथी दांत की तस्करी कर उदयपुर सौदा करने गये थे। उन्होंने बताया कि बरामद हाथी दांत की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब डेढ करोड़ रुपए है। उन्होंने बताया कि सीआईडी क्राइम ब्रांच को एक सूचना पर उदयपुर जिले की सवीना थाना पुलिस ने सीए सर्किल नायला तालाब के पास हाथी दांत का सौदा करने की फिराक में घूम रहे आरोपी राहुल मीणा (25) निवासी गढ़ी सवाई रामगढ़ थाना गढ़ी अलवर हाल नफरतगढ़ दिल्ली और इसके साथी अमृत सिंह गुर्जर (24) निवासी चुरखेड़ा तहसील महवा जिला दौसा अर्जुन सिंह मीणा (25) एवं संजय सिंह मीणा (31) निवासी मीनापुर तहसील भुसावल जिला भरतपुर तथा मूलत: बिहार के सिवान जिला हाल पालड़ी मीणा थाना खोह नागोरियान जयपुर निवासी रीटा शाह (25) को गिरफ्तार कर लिया।

## क्रय विक्रय सहकारी समितियों में होगा 500 मीट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण

जयपुर। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं राजस्थान राज्य सहकारी विपणन संघ (राजफैड) प्रशासक श्रेया गुहा ने बताया है कि क्रय विक्रय सहकारी समितियों में 500 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण कराएं जाएंगे। गुहा शनिवार को यहां राजफैड की साधारण सभा की बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने बताया कि इसके लिए शीघ्र ही स्वीकृति जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि राजफैड द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर वर्ष 2022 में खरीफ एवं रबी सीजन में 2296.63 करोड़ रूपये की उपज की खरीद की गई। इससे एक लाख 80 हजार 167 किसानों को लाभ मिला। इसी प्रकार 2023-24 में एमएसपी पर दलहन एव तिलहन की सीजन में 3968 करोड़ रूपये की खरीद की गई। इससे 2 लाख 81 हजार 174 किसानों को लाभ मिला। उन्होंने बताया कि राजफैड द्वारा वर्ष 2022 एवं वर्ष 2023 में कुल 11.26 लाख मीट्रिक टन उपज की खरीद की गई, जिसकी राशि 6264 करोड रूपये है। इन दोनों वर्षो में कुल 4 लाख 61 हजार 341 किसानों को लाभ मिला। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में राजफैड ने 3.99 करोड़ रूपये का शुद्ध लाभ एवं सकल लाभ 28.56 करोड रूपये अर्जित किया।

## टंकी की सफाई करने उतरे किशोर की मौत

भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर में नदबई के गांव रायसीस में जलदाय विभाग की उच्च जलाशय टंकी में डूबने से एक किशोर की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। मृतक की माँ की तरफ से जलदाय विभाग के निजी ठेकेदार को नामजद कर पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है। 8वीं कक्षा के छात्र 15 वर्षीय कर्मवीर की मौत पर उसकी माँ रायसीस गांव निवासी ओमवती पत्नी मानसिंह ने दर्ज कराए मामले में कहा है कि ठेकेदार रमनलाल, यदवीर और पुष्पेंद्र ने उसके बेटे कर्मवीर के साथ उसके दोस्त सचिन (15) और धीरू (10) को टँकी साफ करने के लिए 100-100 रूपयो का लालच देकर टँकी के अंदर उतार दिया। जिसके बाद ठेकेदार ने टंकी में पानी भरने के लिए वाल्व को चालू कर दिया जिससे उसके बेटे की टंकी के पाइप में फंस कर मौत हो गई जबकि उसके दोनों दोस्तो ने समय रहते टँकी से निकलकर अपनी जान बचा ली। नदबई पुलिस ने सीएचसी पर शव का पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सौंप नामजद दर्ज कराए गए मामले में जाँच शुरू की है।

## जयपुर में एक युवक की मौत के बाद तनाव व्याप्त, कई आरोपी गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के सुभाष चौक क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दो मोटरसाइकिलों के टकराने के बाद एकत्रित लोगों द्वारा मारपीट के मामले में एक युवक की मौत हो जाने पर क्षेत्र तनाव व्याप्त हो गया। तनाव के बाद क्षेत्र एवं आस पास के क्षैत्रो में पुलिस बल तैनात किया गया है वहीं मामले के अधिकांश आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के बाद सुबह सुभाष चौक थाने के सामने लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया। रामगंज में भी जाम लगा दिया गया। बाद में बाजार में भी पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए और लगभग एक दर्जन संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। सुभाष चौक एवं रामगंज में स्थिति नियंत्रण में है और ड्रोन के जरिए स्थिति पर नजर रखी जा रही है। पर्याप्त मात्रा में एसटीएफ सहित जाप्ता तैनात, पुलिस कमिश्नर सहित वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं। मिश्रा ने बताया कि घटना में लिप्त लोगो के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील भी की। शुक्रवार देर रात सुभाष चौक में दो मोटरसाइकिलों के टकराने के बाद वहां एकत्रित लोगों के द्वारा दो युवकों के साथ मारपीट के बाद घायल इकबाल की मौत हो गई।

## तारा शाहदेव प्रकरण से जुड़े नौ वर्ष पुराने मामले में तीनों आरोपित दोषी करार

रांची। झारखंड में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पी के शर्मा की अदालत ने राष्ट्रीय स्तर की निशानेबाज तारा शाहदेव प्रकरण से जुड़े नौ वर्ष पुराने मामले में तीनों आरोपितों को दोषी करार दिया है। आरोपितों में रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल हसन, उसकी मां कौशल रानी और झारखंड हाइकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (निगरानी) मुश्ताक अहमद शामिल हैं। अदालत ने सजा की बिंदु पर सुनवाई की तिथि पांच अक्टूबर निर्धारित की है। अदालत ने तीनों आरोपितों को आईपीसी की धारा 120बी, 496, 376(2)एन, 323, 298, 506 में दोषी पाया। सीबीआईअभियोजन पक्ष के वरिष्ठ लोक अभियोजक प्रियांशु सिंह और अभियोजक रवि कुमार इस मौके पर मौजूद थे। इस संबंध में नेशनल शूटर तारा शाहदेव ने हिंदपीढ़ी थाने में रंजीत कोहली और उसकी मां कौशल रानी के खिलाफ 19 अगस्त 2014 को मामला दर्ज कराया था। इसमें धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न, और दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया गया था। झारखंड पुलिस ने मामले में अदालत में धारा 34/498ए के तहत रंजीत कोहली और उसकी मां कौशल रानी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। लेकिन पुलिस की ओर से दाखिल चार्जशीट से तारा शाहदेव संतुष्ठ नहीं हुई। तार ने इसका विरोध किया। इसके बाद झारखंड सरकार ने मामले को सीबीआई को केस ट्रांसफर किया। सीबीआई 22 मई 2015 को केस दर्ज किया। मामले में सीबीआई की डीएसपी सीमा पाहुजा ने केस का अनुसंधान किया।

# पुणे : गणेश विसर्जन के दौरान परिवार से मारपीट, 21 गिरफ्तार

### 9 दिन पहले बेटा मरा था; लाउड म्यूजिक बजाने से रोकने पर भीड़ ने हमला किया

पुणे। पुणे में गणेश विसर्जन के दौरान लाउड म्यूजिक बजाने का विरोध करने पर भीड़ ने एक परिवार पर हमला कर दिया। इसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दो महिला समेत 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पुणे की शिंदे बस्ती के सोमाटणे फाटा के पास रहने वाले सुनील शिंदे के 16 साल के बेटे की 9 दिन पहले मौत हुई थी। बेटे की मौत से पूरा परिवार सदमे में था। शोक का माहौल था।

25 सितंबर को सुनील शिंदे के घर के सामने से गणपति मंडल विसर्जन के लिए गुजर रहा था। इस दौरान मंडल के लोग तेज आवाज में म्यूजिक बजा रहे थे। सुनील शिंदे और उनके परिवार ने इस पर आपत्ति जताई।

उन्होंने गणपति मंडल को गाना बजाने से रोका। इस दौरान शिंदे परिवार और गणेश मंडल के कुछ लोगों के बीच हल्की हाथापाई भी हुई। हालांकि, लोगों ने बीच-बचाव कराया और मामला शांत कराया।



#### गणेश विसर्जन से लौटने के बाद हमला किया

गणेश मंडल ने म्यूजिक बंद कर दिया और विसर्जन के लिए आगे बढ़ गए। रात में करीब 11 बजे विसर्जन से लौटने के बाद मंडल के कुछ सदस्यों ने सुनील शिंदे और उनके परिवार पर लोहे की रॉड, लाठियों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस दौरान शिंदे, उनके परिवार के कुछ सदस्यों और उनके ड्राइवर को गंभीर चोटें आई हैं।

#### आर्म्स एक्ट सहित कई धाराओं में केस दर्ज

पुलिस ने बताया कि पीड़ित परिवार ने इस मामले में तालेगांव दाभाड़े थाने में दो महिला समेत 21 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। सभी आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 307, 323, महाराष्ट्र पुलिस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। कोर्ट ने 1 अक्टूबर तक सभी को पुलिस कस्टडी में भेजा है।

## दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे ट्रेन पटरी से उतरी, कोई हताहत नहीं

दार्जिलिंग। पश्चिम बंगाल के उत्तरी क्षेत्र न्यू जलपाईगुड़ी जंक्शन (एनजेपी) जाने वाली दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे की ट्रेन पटरी से उतर गई। इसमें कोई हताहत होने हुआ है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और इस रूट पर दिनभर के लिए ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने एनजेपी स्टेशन के यात्रियों के पैसे वापस कर दिए। एक जॉय राइड ट्रेन भी फंसी हुई थी, जो दार्जिलिंग से घूमकर वापस आ रही थी। एनएफआर अधिकारियों ने कहा कि ट्रैक को साफ करने में लगभग चार-पांच घंटे लगेंगे, क्योंकि भारी बारिश से काम प्रभावित हो रहा है। टॉय ट्रेन, जिसे यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल का दर्जा दिया गया है, एनएफआर के कटिहार डिवीजन के डीएचआर के तहत संचालित होती है।

# त्रिपुरा में टिपरा मोथा की हड़ताल से जनजीवन प्रभावित

**एजेंसी**

अगरतला। त्रिपुरा में राज्य के आदिवासियों की समस्याओं का संवैधानिक समाधान की मांग को लेकर शनिवार को मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा की ओर से त्रिपुरा स्वायत्त जिला परिषद (एडीसी) क्षेत्र में 12 घंटे की हड़ताल का आह्वान किया गया है।

टिपरा मोथा के समर्थकों की हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिल रहे हैं। इसने अंतर-जिला परिवहन सहित राज्य भर में सार्वजनिक यातायात को बाधित किया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक किसी अप्रिय घटना की कोई खबर नहीं है। मोथा समर्थकों ने रेलवे ट्रैक पर नाकाबंदी कर दी है, जिसके कारण खोवाई जिले के अथरमुरा पहाड़ी श्रृंखला में कई ट्रेनें फंसी हुई हैं। सैकड़ों यात्रियों को लेकर अगरतला आ रही ट्रेन को मुंगियाकामी में रोक दिया गया, जबकि अगरतला से ट्रेनों को वापस लौटा दिया गया और तीन अन्य ट्रेनें को रोक दिया गया। वहीं, अगरतला से अन्य जिलों के लिए यात्री बसें का आवागमन बंद रहा। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर दबाव बनाने के लिए बाजारों, राजमार्गों, जिला सड़कों और रेलवे लाइनों पर 36 स्थानों पर आंदोलन किया। उधर, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने हड़ताल का विरोध करते हुए कहा कि इससे आदिवासियों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा, बल्कि तार्किक तरीके से संवैधानिक ढांचे के भीतर राज्य के मूल लोगों के समग्र विकास हेतु सभी हितधारकों को शामिल करते हुए एक सार्वजनिक आंदोलन करने से होगा।

पार्टी ने कहा, बंद से जनता की तकलीफें बढ़ने और गरीब लोगों के आर्थिक नुकसान के अलावा जनजातीय लोगों को कुछ भी हासिल नहीं होगा।

# शिक्षक भर्ती घोटाला : 'आईओ को हटाए ईडी'

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा समर्थित विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच कर रहे अधिकारी (आईओ) को हटाने का निर्देश दिया है।

अदालत के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। न्यायाधीश न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की एकल पीठ ने शुक्रवार को अपने आदेश में ईडी के शीर्ष अधिकारी को अपने आईओ एवं विशेष जांच दल (एसआईटी) के सहायक निदेशक मिथिलेश कुमार मिश्रा तत्काल हटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक को निर्देश दिया जाता है कि श्री मिश्रा को सौंपा गया काम तुरंत किसी अन्य सक्षम अधिकारी को सौंपा जाए।

सूत्रों ने बताया कि अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी को जांच में तेजी लाने और जांच को लंबा न खींचने को लेकर चेतावनी दी। सूत्रों ने कहा कि जांच अधिकारी मिश्रा पिछले सप्ताह सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत रूप से पेश हुए थे और अदालत ने मामले में उनके तर्क पर असंतोष व्यक्त किया था।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी को तीन अक्टूबर को पेश होने का नोटिस दिया था। इसको श्री बनर्जी ने वह दो और तीन अक्टूबर को नयी दिल्ली में पार्टी के आंदोलन कार्यक्रम शामिल होने के लिए जाएंगे।

## फर्नीचर फैक्ट्री में आग लगने से मालिक की मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बाहरी इलाके अखनूर में शनिवार को फर्नीचर और गद्दे बनाने वाली एक फैक्ट्री में भीषण आग लगने से मालिक की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने कहा, अखनूर के गंधरवन गांव में 'नंदिनी' नाम की फर्नीचर फैक्ट्री में सुबह भीषण आग लगने से फैक्ट्री मालिक राजिंदर सिंह की जलकर मौत हो गई और लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया। उन्होंने कहा कि आग बुझाने के लिए तुरंत दमकलों को मौके पर रवाना किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रथम दृष्ट्या आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। इस हादसे से संबंधित मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी।

# मणिपुर हिंसा अखंडता को बिगाड़ने की गतिविधियों का परिणाम : बीरेन

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने शनिवार को कहा कि जो लोग इस राज्य को विघटित करना चाहते हैं उनकी गतिविधियां ही मणिपुर हिंसा का मूल कारण हैं।

सिंह ने उन्होंने कहा, भले ही संकट के कारण सभी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, फिर भी हम भगवान की कृपा से एक साथ रह रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि विस्थापितों के पुनर्वास के लिए विभिन्न स्थानों पर प्रीफैब्रिकेटेड आवासों का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है।

कुछ विस्थापित लोग, जिनके घर हिंसा में जलाए नहीं गए थे या जमींदोज नहीं किए गए थे, उन्होंने अपने मूल निवास स्थानों पर फिर से बसना शुरू कर दिया है। जिन लोगों के घर जल गए हैं, उनके लिए सरकार नए घर बनाने की योजना बना रही है।



उन्होंने बताया कि राहत शिविरों में रहने वाले श्रमिक कार्ड धारकों के बच्चों की शिक्षा के लिए विशेष योजना के तहत सरकार रुपये की राशि प्रदान कर रही है।

राहत शिविरों में रहने वाले प्रत्येक श्रमिक कार्ड धारकों को 5000 रुपये दिए जाएंगे ताकि उनके बच्चों की शिक्षा में थोड़ी मदद की जा सके। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा है कि राज्य सरकार पहले ही रुपये की वित्तीय सहायता वितरित कर चुकी है। राहत शिविरों में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पहले चरण के रूप में 1000 रुपये दिए जाने की जानकारी दी गई। दूसरे चरण के रूप में जल्द ही 1000 का वितरण किया जाएगा।

विभिन्न राहत शिविरों में रह रहे लोगों के प्रति प्रेरणा व्यक्त करते हुए श्री बीरेन ने कहा कि सरकार सभी विस्थापित लोगों के पुनर्वास और आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए हर संभव उपाय कर रही है।

# उत्तराखंड : हाथी दांत के साथ महिला समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर/नैनीताल। उत्तराखंड के काशीपुर में पुलिस ने शनिवार को चार किलों हाथी दांत के साथ तीन वन्य जीव तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला शामिल है।

ऊधमसिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) टीएस मंजूनाथ ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आईटीआई थाना पुलिस को पिछले दिनों हाथी दांत की तस्करी की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस सक्रिय हो गयी।

मुखबिर की सूचना पुलिस ने आज जाल बिछा दिया और तीनों तस्कर आसानी से जाल में फंस गये। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद हाथी दांत का मूल्य 12 लाख रुपये आंका गया है। गिरफ्तार आरोपियों में देवेन्द्र सिंह निवासी गन्ना सेंटर, देवलचौड़, हल्द्वानी, मनोज बोरा निवासी हरिपुर, लालमणि गन्ना सेंटर और सुखमणि निवासी पंचेश्वर, कोट हरखेड़ा, चंपावत शामिल है। मंजूनाथ ने बताया कि आरोपी हाथी दांत का सौदा करने के लिये ले जा रहे थे। पुलिस ने तीनों को वन विभाग की टीम के हवाले कर दिया है। आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

## आतंकवादी हमले के मामले में एनआईए की छापामारी

जम्मू। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के राजौरी के ढांगरी गांव में हुए, आतंकवादी हमले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम ने शनिवार को पुंछ जिले में कई जगहों पर छापे मारे। एक अधिकारी ने कहा, एनआईए टीम ने स्थानीय पुलिस की सहायता से सुबह पुंछ जिले में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। आखिरी रिपोर्ट आने तक छापेमारी जारी थी। साथ ही पुंछ जिले के गुरसाई गांव के दो लोगों पर आतंकवादियों को शरण देने के मामले में एनआईए ने पहले ही मामला दर्ज कर लिया है।

## वाहिद संधार चीनी मिल ने 600 से अधिक किसानों को धोखा दिया, 40 करोड़ रु से अधिक की देनदारी

जालंधर। पंजाब के सतर्कता ब्यूरो ने अपनी जांच के दौरान कपूरथला जिले के फगवाड़ा में गोल्डन संधार चीनी मिल के बारे में खुलासा किया है। मिल, जिसे पहले वाहिद संधार शुगर मिल्स के नाम से जाना जाता था, पिछले चार वर्षों से गन्ना किसानों को बकाया भुगतान करने में विफल रही है, जिससे लगभग 40 करोड़ 71 लाख 68 हजार रुपये का भारी कर्ज हो गया है। ब्यूरो के प्रवक्ता ने शनिवार को यहां कहा कि यह मामला ऐसे समय सामने आया है, जब आगामी गन्ना फसल पेराई सीजन नवंबर के पहले सप्ताह में शुरू होने वाला है। मेहनती गन्ना किसानों की बार-बार मांग के बावजूद, वाहिद संधार शुगर मिल्स द्वारा अपने पिछले प्रबंधन के तहत गोल्डन संधार चीनी मिल ने अपने वित्तीय दायित्वों की उपेक्षा करना जारी रखा है। इसके अलावा, एक चिंताजनक बात यह है कि किसानों को अब आईडीबीआई बैंक फगवाड़ा से कानूनी नोटिस मिल रहे हैं, जिसमें उनसे प्रत्येक बैंक को कुल 3,00,000 रुपये के केसीसी ऋण चुकाने का आग्रह किया जा रहा है। किसानों को जो बात परेशान करती है वह यह है कि उन्हें बैंक से ऋण मांगने या ऋण राशि का उपयोग करने की कोई याद नहीं है।

## राजपुरा में 138 करोड़ रु की लागत से बनेगा हॉलैंड आधारित कैटल फीड प्लांट

चंडीगढ़। पंजाब में औद्योगिक विकास को और अधिक बढ़ावा देने के लिए हॉलैंड की कंपनी 138 करोड़ रुपए की लागत से कैटल फीड प्लांट स्थापित कर रही है, इसकी आधार शिला मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान रविवार को रखेंगे।

इस सम्बन्ध में फ़ैसला मान की नीदरलैंड की राजदूत मैरीसा गेराड्ज़ के साथ हुई बैठक के दौरान लिया गया, गेराड्ज ने यहाँ मुख्यमंत्री के साथ उनके आवास पर मुलाकात की।

विचार-विमर्श के दौरान श्री मान ने पंजाब को निवेश के लिए सबसे पसन्दीदा स्थान बताते हुए राजदूत को अवगत करवाया कि राज्य में उद्योगपतियों के कल्याण के लिए समर्पित सिंगल विंडो प्रणाली लागू करने वाली उद्योग समर्थक सरकार है। उन्होंने कहा कि पंजाब नये अवसरों की धरती है और विश्व भर की प्रमुख कंपनियाँ राज्य में निवेश करने के लिए तैयार हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीदरलैंड के उद्यमियों को भी पंजाब में निवेश करके बहुत फ़ायदा होगा, जो देश के औद्योगिक केंद्र के तौर पर तेज़ी से उभर रहा है।

## दो सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर में आज दो अलग अलग सड़क हादसों में बाइक सवार एक महिला सहित दो व्यक्तियों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंगरा-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर बासी के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक एक महिला की मौत हो गई। बाइक सवार गांधी नगर सेवर रोड निवासी रामा देवी अपने बेटे पुष्पेंद्र के साथ सरकार की योजना में मिल रहे मोबाइल को लेने बाइक पर वैर जा रहीं थी। घटना में गम्भीर रूप से घायल रामादेवी को लोगों ने जिला आरबीएम अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# ओडिशा विस में फिर हंगामा, कार्यवाही स्थगित

भुवनेश्वर। ओडिशा में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों द्वारा शनिवार को सदन में हंगामा के कारण सुबह करीब 10: 31 बजे से शाम चार बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी गयी।

जैसे ही आज सदन में प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू हुई वैसे ही भाजपा सदस्य सदन के वेल में आ गए और गुरुवार को अध्यक्ष द्वारा अपने दो सदस्यों के निलंबन को हटाने और सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के अरुण साहू द्वारा नेता प्रतिपक्ष जयनारायण मिश्र के मानसिक स्वास्थ्य पर की गई अपमानजनक टिप्पणी को हटाने की मांग करते हुए नारे लगाने लगे। सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद अध्यक्ष प्रमिला मलिक ने बीजद के सुधीर सामल को अपना प्रश्न उठाने के लिए कहा, लेकिन इससे पहले कि वह प्रश्न को आगे बढ़ाते, भाजपा सदस्य वेल में आ गए और सदन में विरोध प्रदर्शन करने लगे।



भाजपा के दो विधायकों मोहन चरण माझी और मुकेश महालिंग को गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष के आसन पर कथित तौर पर दाल फेंकने के बाद शेष सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था। भाजपा सदस्य अपने दो विधायकों का निलंबन वापस लेने और विपक्ष के नेता को दिए गए सत्तारूढ़ दल के नेता अरुण साहू के अपमानजनक 'मानसिक विकार' बयान को सदन के रिकॉर्ड से हटाने की मांग कर रहे थे।

हंगामे और सदस्यों के आरोप-प्रत्यारोप को देखते हुए अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# हिमाचल में पुनर्निर्माण व बहाली के लिए 671 करोड़ शीघ्र जारी किये जाएंगे

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि देश में प्राकृतिक आपदा के कारण हुए नुकसान का प्रभाव बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ा है। जहां एक ओर विभिन्न जिलों में आपदा के कारण कुछ दिनों के लिए शिक्षण संस्थान बंद रहे, वहीं कुछ बच्चे उनके घरों और जमीनों के नुकसान के कारण स्कूल नहीं जा पाये। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षण संस्थान जितने दिन बंद रहे उतने दिन बच्चों को अतिरिक्त कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाई करवाई जायेगी। इससे बच्चों की पढ़ाई में आये व्यवधान से हुई क्षति को पूरा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए पहले दिन से ही हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। आपदा प्रभावित लोगों की सहायता हेतु एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के तहत 750 करोड़ रुपये राहत राशि एवं आवश्यक सेवाओं की बहाली के लिए जिलों को जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने लोक निर्माण एवं जल शक्ति विभाग को विभिन्न परियोजनाओं के पुनर्निर्माण एवं बहाली के लिए 829 करोड़ रुपये अभी तक जारी किये हैं। इसके अतिरिक्त इन विभागों को 671 करोड़ रुपये पुनर्निर्माण एवं बहाली के लिए शीघ्र जारी किये जाएंगे।



सुक्खू ने कहा कि आपदा से प्रभावित परिवार जो कि राहत शिविरों में रह रहे हैं, उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में किराये के मकान में रहने के लिए 5000 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 10000 रुपये किराये के रूप में अगले छह महीनों तक के लिए सरकार प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त इन परिवारों को रसोई गैस, 20 किलोग्राम आटा, 15 किलोग्राम चावल, तीन किलोग्राम दाल, दो किलोग्राम चीनी व दो लीटर तेल भी आगामी 31 मार्च, 2024 तक सरकार द्वारा नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना के अन्तर्गत आपदा प्रभावित परिवारों के घरों के लिए रिटेनिंग वॉल तथा नालों के तटीयकरण का प्रावधान किया गया है। इस निधि के अन्तर्गत इस वित्तीय वर्ष में प्रति विधानसभा क्षेत्र के लिए दो करोड़ 10 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च, 2023 तक सभी जिलों में एसडीपी के अन्तर्गत जो भी अनस्पेंट राशि उपलब्ध होगी, उसे आपदा प्रभावित परिवारों के घरों के लिए रिटेनिंग वॉल तथा नालों के तटीयकरण के लिए खर्च करने की अनुमति दी जा रही है। सुक्खू ने कहा कि सरकार द्वारा 12 जुलाई, 2023 को जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार यह निर्णय लिया गया है कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा में ग्रामीण क्षेत्रों में जिन परिसम्पत्तियों का नुकसान हुआ है, उनको मनरेगा के अन्तर्गत मदद प्रदान की जाएगी।

# एसआई की पुत्री छह साल से ले रही फर्जी दस्तावेजों पर बेरोजगारी भत्ता

**एजेंसी**

हिसार। हरियाणा में यहां शहर के पटेल नगर की मनोहर कॉलोनी निवासी सोनिया के फर्जी के दस्तावेजों के आधार पर बेरोजगारी भत्ता लेने का मामला सामने आया है। सोनिया के माता-पिता दोनों सरकारी नौकरी में हैं लेकिन वह रोजगार कार्यालय में जमा फर्जी दस्तावेजों में माता-पिता को बेरोजगार बता कर बेरोजगारी भत्ता लेती रही।

रोजगार कार्यालय ने गत शुक्रवार को इस सम्बंध में सिविल लाइन थाने में शिकायत दी तथा इस आधार पर सोनिया के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। थाने में दी गई शिकायत में रोजगार के विभाग के सहायक रोजगार अधिकारी ने बताया है कि सोनिया ने 2017 में रोजगार कार्यालय में फर्जी दस्तावेज जमा करा कर बेरोजगारी भत्ता लेना शुरू किया।

उसने जो दस्तावेज जमा कराए उनमें अपने परिवार की आय सालाना 48 हजार रुपये दिखाई और माता को बेरोजगार बताया, जबकि जांच में सामने आया कि युवती के माता और पिता दोनों सरकारी नौकरी में कार्यरत हैं। उसके पिता पुलिस विभाग में उप निरीक्षक पद कार्यरत हैं और उनकी तीन लाख रुपये से अधिक की सालाना आय है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

## शार्ट न्यूज

### जनप्रिय राजनेता स्वर्गीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया को उनकी 22वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ एवं नेशनल मीडिया नेटवर्क की और से आज संघ के मुख्यालय बरवाला में संघ के राष्ट्रीय महासचिव शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया की 22वीं पुण्यतिथि पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि माननीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया ने केंद्रीय रेल, पर्यटन एवं मानव संसाधन मंत्री रहते हुए अनेकों लोकोपयोगी सराहनीय कार्य किए। वे एक सहृदय, मृदुभाषी,सौम्य व्यक्तित्व के स्वामी एवं जनप्रिय बहुमुखी प्रतिभा के धनी राजनेता थे।

### राजधानी में एनआईए की छापेमारी, तीन आईएसआईएस आतंकियों की तलाश

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) दिल्ली में आईएसआईएस आतंकियों की तलाश कर रही है। तीन आतंकियों के राजधानी में छिपे होने की आशंका जताई जा रही है। मीडियो रिपोर्ट्स के अनुसार, आतंकियों के नाम मोहम्मद शाहनवाज आलम उर्फ शैफी उज्जमा उर्फ अब्दुल्ला, रिजवान अब्दुल हाजी अली और अब्दुल्लाह फयाज शैख हैं। एनआईए ने इनपर तीन-तीन लाख रुपये का इनाम रखा है। पिछले दिनों एनआईए ने गैंगस्टर और खलिस्तानी-आतंकियों के खिलाफ बड़ा फैसला लेते हुए देश के कई राज्यों में छापेमारी की थी। गैंगस्टरों की तलाश में एनआईए ने दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और उत्तराखंड के 50 से ज्यादा इलाकों में छापेमारी की थी। एनआईए ने यह कदम आतंकवादियों और ड्रग्स डीलर्ज के बीच साठगांठ को खत्म करने के मकसद से उठाया। दरअसल, भारत में बैठे आतंकी मददगार विदेशों में रहे रहे आतंकियों और गैंगस्टरों को हवाला चैनल के माध्यम से हथियार और ड्रग्स की सप्लाई करते हैं।

### अपनी फिल्म का प्रमोशन करने पहुंचे मुरलीधरन

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित लॉयड इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में प्रसिद्ध क्रिकेटर मुथैया मुरलीधरन पहुंचे। मुरली धरन के जीवन पर आधारित फिल्म 800 बनाया गया है। उल्लेखनीय है की मुथैया मुरलीधरन ने अपने क्रिकेट के करियर में 800 विकेट लिए हैं। अंतरराष्ट्रीय मैचों में मुथैया मुरलीधरन का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। मुथैया मुरलीधरन ने छात्रों से बातचीत के दौरान बताया कि हमारा संघर्ष फिल्म 800 में दिखेगा। आपको मेरा जीवन क्रिकेट के मैदान में कैसा रहा है और क्रिकेट के मैदान के बाहर मेरा जीवन कैसा रहा है, इसका वास्तविक स्वरूप फिल्म में आपको दिखेगा। फिल्म 800 में मुरलीधरन का किरदार निभा रहे मधुर मित्तल भी लॉयड इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचे। जहां मधुर मित्तल ने छात्रों से बात करते हुए बताया की फिल्म में मुरलीधरन के किरदार को बेहतर तरीके से निभाने का प्रयास किया गया है। इस दौरान श्रीलंकाई क्रिकेटर मुथैया मुरलीधर ने क्रिकेट पिच पर हाथ भी आजमाया। उन्होंने गेंदबाजी की। क्रिकेटर मुरलीधरन को देखने के लिए छात्रों की काफी भीड़ जमा थी।

### दो बाइक टकराई, एक की मौत

गाजियाबाद। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार देर रात सड़क हादसा हो गया। दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। घायलों का इलाज गाजियाबाद और दिल्ली के अस्पतालों में चल रहा है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, एक बाइक पर सवार टोलकर्मी रॉन्ग साइड चल रहे थे। इस वजह से ये हादसा हुआ है। ये सड़क हादसा शुक्रवार रात करीब 12 बजे एक्सप्रेस-वे पर दुहाई से करीब 4 किलोमीटर पहले मसूरी थाना क्षेत्र में हुआ। बाइक सवार दो व्यक्ति ग्रेटर नोएडा के दादरी से पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर चढ़कर कुंडली (हरियाणा) की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान हाईवे की देखरेख करने वाली कंपनी हाईवे इन्फ्रा के दो कर्मचारी भी ड्यूटी पूरी करने के बाद बाइक से कुंडली की तरफ जाने वाली लेन पर रॉन्ग साइड चढ़ गए। एक मोड़ पर दोनों बाइकों में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक चालक लखमीचंद (23 वर्ष) निवासी गांव बेहेटा साहू, थाना बनियाटेड़ा जनपद संभल की मौत हो गई। जबकि उसका साथी धर्मेंद्र घायल हो गया, जो दिल्ली के त्रञ्जक्रहॉस्पिटल में भर्ती है।

### गाजियाबाद में चार लोगों का धर्मांतरण

गाजियाबाद। गाजियाबाद में चार महिला-पुरुषों ने स्वेच्छा से धर्मांतरण कर लिया। वे मुस्लिम धर्म छोड़कर हिन्दू धर्म में आ गए। साहिबाबाद क्षेत्र के एक मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में हवन-यज्ञ के बाद पूजा-अर्चना हुई और उन्हें सनातन धर्म ग्रहण कराकर नाम परिवर्तन किए गए। हिन्दू रक्षा दल ने इसे घर वापसी नाम दिया है। तनवीर को तुषार झा, बेटे हुसैन को युवराज और इरशाद को गिरीश भारद्वाज व मीना को सूरजमुखी नाम दिया गया है। धर्मांतरण का ये कार्यक्रम शुक्रवार को भोपुरा के मंदिर में हिन्दू रक्षा दल की तरफ से हुआ था। इस कार्यक्रम में दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी भैया भी मौजूद रहे। पिंकी भैया ने कहा, जो लोग इस्लाम छोड़कर सनातन धर्म में आना चाहते हैं, उनका स्वागत है। ये कार्य हर सनातनी को अपने जीवन में करना चाहिए। जो सनातन में आएंगे, हम उनकी सुरक्षा करेंगे और भविष्य में उनका हर तरह से साथ भी देंगे। इस तरह के कार्यक्रम जारी रहेंगे। इरशाद से गिरीश भारद्वाज बनने वाले व्यक्ति का कहना था कि हमारे पूर्वज किन्हीं कारणों से मुस्लिम धर्म अपना लिए थे। अब हमें अपनी गलती का अहसास हुआ है।

### शिक्षक व उनकी पत्नी को बंधक बनाकर लूट

मोदीनगर। मोदीनगर के निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव ड़बाना में देर रात बदमाशों ने शिक्षक व उनकी पत्नी को बंधक बनाकर लूट की। बदमाश दो लाख की नकदी व लाखों के जेवरात लूटकर ले गए। लूट का विरोध दंपित को मारपीट कर घायल कर दिया। शिक्षक की हालात गंभीर बनी हुई है। गांव ड़बाना निवासी अनिल कुमार बुलन्दशहर के सिकन्दराबाद स्थित सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं। उनके पुत्र शेखर गुजरात में प्रोविडेंट फंड कार्यालय में अधिकारी पद पर कार्यरत हैं। उनकी पुत्री शिखा की शादी तय हो गई। घर में शादी की तैयारी चल रही है। शेखर ने बताया कि रात को भाई प्रिंस के साथ घर की प्रथम मंजिल पर सो रहे थे। पिता अनिल कुमार व माता बबीता देवी नीचे वाले कमरे में सो रहे थे। एक छोटी बहन दूसरे कमरे में सो रही थी। एक बजे लगभग छह से अधिक बदमाश दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए और उनके माता पिता वाले कमरे में घुस गए। बदमाशों की आहट सुनकर उनके पिता जाग गए और बदमाशों से भिड़ गए। बदमाशों ने अनिल के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। लहूलुहान अनिल जमीन पर बेहोश हो गए।

### डीयू के एसओएल में यूजी दाखिले का बना रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) में इस बार स्नातक कोर्सेज में दाखिले का रिकॉर्ड बन गया है। इस बार स्नातक स्तर पर ही शनिवार तक 1 लाख 32 हजार 449 दाखिले हो गए हैं। जबकि शनिवार को ही दाखिले की तिथि को बढ़ाकर 20 अक्तूबर तक कर दिया गया है। ऐसे में दाखिले का आंकड़ा 1.75 लाख तक पहुंच सकता है। एसओएल में औसतन हर साल 1.20 लाख से 1.25 लाख तक दाखिले होते रहे हैं। बीते साल यूजी-पीजी मिलाकर 1.18 लाख दाखिले हुए थे। एसओल में दाखिला प्रक्रिया 14 जून से शुरु हुई थी। करीब साढ़े तीन महीने की दाखिला प्रक्रिया के दौरान छात्रों से अच्छा रिस्पांस मिला है। कैंपस ऑफ ओपन लर्निंग की निदेशक प्रो पायल मागो ने बताया कि 30 सितंबर तक हमारे स्नातक कोर्सेज में ही 1 लाख 78, 342 पंजीकरण हो चुके हैं। इनमें से एक लाख 32 हजार 449 छात्रों ने फीस का भुगतान कर दाखिला पक्का कर लिया। इतने ज्यादा दाखिले होना एक रिकॉर्ड है।

# दिल्ली में आज से 'ग्रेप' लागू

## इन चीजों पर रहेंगी पाबंदियां; प्रदूषण स्तर पर काम करेगा पूरा सिस्टम

नई दिल्ली । दिल्ली-एनसीआर में सर्दी के मौसम में होने वाले वायु प्रदूषण की रोक-थाम को लेकर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) रविवार से लागू हो गया है। हॉट स्पॉट के साथ निर्माणाधीन स्थलों पर पहले चरण में निरीक्षण और सावधानी बरती जाएगी। नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही 500 स्क्वायर मीटर में बड़ी उन निर्माण स्थलों पर रोक रहेगी, जिन्होंने संबंधित एजेंसी के पास रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है। इस दौरान सिविक एजेंसियां मशीनों से सफाई करेंगी। खूले में कूड़ा जलाने में प्रतिबंध है।



### दिल्ली में प्रदूषण का स्तर

उधर, शनिवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 166 दर्ज किया गया। सूचकांक के 200 से ऊपर जाने पर पाबंदियां सख्त होंगी। अभी एहतियातन ग्रेप लागू कर दिया है। सर्दी के मौसम में पराली, वाहनों से होने वाले प्रदूषण व धूल प्रदूषण से दिल्ली गैस चैंबर बन जाती है। इसे लेकर सरकार सख्त है। प्रदूषण से लोगों को राहत दिलाने के लिए ग्रेप लागू किया गया है।

### दिल्ली में एक अक्टूबर से ग्रेप लागू

ग्रेप के दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पहले फेज में एक्यूआई 201 से 300 होने पर डीजल जनरेटर सेट्स के रेगुलर पावर सप्लाई की पाबंदी है। हालांकि, 31 दिसंबर तक आपातकालीन सेवाओं की नौ महत्वपूर्ण श्रेणियों में डीजल जनरेटर सेट के इस्तेमाल के लिए तीन महीने की राहत दी गई है। चरण दो के तहत एक्यूआई 301 से 400 होने पर डीजल जनरेटर सेट्स पर बैन का नियम है।

### एंटी स्मॉग गन लगाना अनिवार्य

दिल्ली में 13 हॉट स्पॉट चिन्हित किए हैं। इन हॉट स्पॉट के लिए अलग-अलग एक्शन प्लान बनाया गया है। इसी तरह निर्माण स्थल पर निगरानी रखने के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। 500 वर्गमीटर से ज्यादा वाले निर्माण साइट को डस्ट कंट्रोल करने के लिए वेब पोर्टल पर पंजीकृत करना है। वहीं, 5 हजार वर्ग मीटर से ज्यादा वाले निर्माण साइट पर एंटी स्मॉग गन लगाना अनिवार्य होगा।

### पराली के लिए दिल्ली सरकार तैयार

दिल्ली के खेतों में पराली गलाने के लिए पूसा बायो-डी-कंपोजर का मुफ्त में सफलता पूर्वक छिड़काव किया जाएगा। वाहन से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए पीयूसी सर्टिफिकेट की जांच की जाएगी। साथ ही 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहन के प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के लिए 385 टीमें गठित की गई हैं।

पिछले सालों की तरह इस साल भी दिल्ली के अंदर पटाखों के उत्पादन, भंडारण और किसी भी प्रकार की बिक्री या खरीद पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

# एमएम कॉलेज में दो गुटों में संघर्ष, तानी पिस्टल

मोदीनगर। दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित मुलतानीमल मोदी पीजी कालेज में दो गुटों के बीच वर्चस्व को लेकर शुक्रवार दोपहर संघर्ष हो गया। एक पक्ष ने फायरिंग करने के लिए पिस्टल तान दी। दोनों पक्षों में एम.कॉम में एक छात्र का दाखिला कराने के लिए घमासान हुआ। एक पक्ष के छात्र का दाखिला हो गया, जिससे दूसरा पक्ष बिफर गया। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सुदामापुरी कॉलोनी निवासी विपुल शर्मा कॉलेज में बीए का छात्र है। विपुल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का जिला संयोजक है। शुक्रवार को एम.कॉम में दाखिले की अंतिम तिथि थी।

बताया गया कि विपुल शर्मा को अपने किसी जानकार एम.कॉम में दाखिला कराना था। वहीं, भोजपुर के गांव अमराला निवासी आर्यन के भी किसी जानकार दाखिला होना था। कॉलेज प्रबंधन के अनुसार कॉलेज में एक ही सीट खाली थी। उस सीट पर विपुल पक्ष का दाखिला हो गया। इस बात की जानकारी लगते ही आर्यन पक्ष भड़क गया। दोनों पक्षों में वर्चस्व को लेकर झड़प होने लगी। आर्यन पक्ष ने फोन कर अपने कई साथी वहां बुला लिए। जानकारी के बाद विपुल पक्ष के भी कई लोग वहां पहुंच गए। विपुल ने आरोप लगाया कि कालेज प्राचार्य कार्यालय के बाहर आर्यन पक्ष ने उस पर हमला कर दिया। दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे व धारदार हथियार चले।

तभी आर्यन ने पिस्टल निकाली लेकिन गोली फंस गई। मौके पर मौजूद शिक्षक और छात्रों में दहशत व्याप्त हो गई। किसी तरह शिक्षकों ने साहस दिखाकर मामला निपटाया। मौके पर पहुंची पुलिस के सामने आक्रोशित छात्रों ने कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। छात्रों ने बाहरी लोगों के कॉलेज में पिस्टल लेकर घुसने को लेकर पुलिस को खरी-खोटी सुनाई। इसके बाद विपुल पक्ष के छात्र थाने पहुंच गए। एसीपी ने छात्रों को कार्रवाई की आश्वासन दिया।

# 15 हजार करोड़ घोटाले में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

## 2660 फर्जी फर्म बनाने में था शामिल

नोएडा। हजारों करोड़ रुपए के जीएसटी घोटाले में वांछित चल रहे आरोपी को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित है। इस मामले में अब तक 23 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आरोपी की पहचान मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा निवासी प्रवीण कुमार के रूप में हुई थी। इसे बोटेनिकल गार्डन के पास से गिरफ्तार किया गया। सात इनामी आरोपी अभी भी इस मामले में फरार चल रहे हैं।

डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि नोएडा पुलिस ने करीब तीन माह पूर्व जीएसटी फर्जीवाड़े का पर्दाफाश किया था। जांच में करीब 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक का फर्जी वाड़ा सामने आया था। इस मामले में आशीष अलावादी, बलदेव उर्फ बल्ली, विकास डबास, प्रवीण, अंचित गोयल, प्रदीप गोयल, अर्जित गोयल, रोहित नागपाल आदि की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।




गिरोह के जालसाजों ने देश के अलग-अलग हिस्से में 2660 फर्जी कंपनी बनाकर इन कंपनियों के नाम पर इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त कर करीब 15,000 करोड़ रुपए का घोटाला किया था। यह कंपनियां सिर्फ कागजों में थी, धरातल पर इसका कोई अस्तित्व नहीं था। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं। उन पर इनाम की राशि बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। आरोपियों के घरों की कुर्की की प्रक्रिया चल रही है। कई आरोपियों की संपत्ति को कुर्क भी किया जा चुका है। आरोपियों के खिलाफ नोएडा पुलिस लुकआउट नोटिस भी जारी कर चुकी है।

# सांसद डा. महेश शर्मा के जन्मदिन पर उमड़ा जनसैलाब, लाखों ने दी बधाई

नोएडा । शनिवार को डा. महेश शर्मा, माननीय सांसद गौतमबुद्धनगर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार के जन्मदिवस के अवसर पर सर्वप्रथम पूज्य माताजी श्रीमती ललिता देवी जी का आशीर्वाद लिया। उसके उपरान्त ''अभिनन्दन समारोह'' डा. महेश शर्मा फैन्स क्लब द्वारा प्रात: 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक गोल्डन ड्रीम बैंकेंट प्लाटिनम हॉल, नॉलेज पार्क -5, ग्रेटर नोएडा में बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें क्षेत्र की जनता ने लाखों की संख्या में माननीय सांसद जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनायें एवं दीर्घायु की कामना की।

सांसद डा. महेश शर्मा के जन्मदिन को लेकर लोकसभा गौतमबुद्ध नगर में जिलेवासियों में काफी खुशी का माहौल रहा। उनके जन्मदिन को यादगार बनाने के लिये विभिन्न संगठनों द्वारा अन्य जगहों पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोषल मीडिया पर भी लोगों ने जमकर बधाई दी । भाजपा के आला कमान से लेकर निचले स्तर के पदाधिकारियों ने भी जन्मदिन पर उनको जन्मदिन की शुभकामनायें दी



एवं लोगों का बधाईयों का ताता लगा रहा। माननीय सांसद डा. महेष शर्मा जी ने जन्मदिन के कार्यक्रम में आये क्षेत्रवासियों का दिल की गहराईयों के साथ अभिनन्दन किया कि आप सब बड़ी संख्या में यहां पर उपस्थित हुये हो, मैं आपसभी के आगमन का आभारी हूँ।

इस मौके पर उपस्थित प्रसिद्ध रागिनी गायक ब्रह्मपाल नागर जी की पूरी कलाकारों की टीम ने सांसद जी द्वारा कराये गये विकास कार्यो पर एक रागिनी गाकर उस गाने का विमोचन किया और क्षेत्र की जनता को सांस्कृतिक एवं देषभक्ति गीत सुनाकर उनसभी का अभिवादन किया। डा. महेश शर्मा फैन्स क्लब के सहयोगी जिन्होनें इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई उन सबका भी माननीय सांसद जी ने आभार प्रकट किया।

जन्मदिन के अवसर पर माननीय सांसद डा. महेश शर्मा जी के साथ माननीय दादरी विधायक श्री तेजपाल नागर, एम.एल.सी. नरेन्द्र भाटी, एम.एल.सी. शिक्षक श्रीचंद शर्मा, सिकन्द्राबाद विधायक श्री लक्ष्मीराज सिंह, चेयरमैन दादरी गीता पंडित, खुर्जा विधायक श्रीमती मीनाक्षी सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष गौतमबुद्धनगर अमित चौधरी, श्री प्रशान्त त्यागी, श्री टी.एन. गोविल, पूर्व विधायक बिजेन्द्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, संदीप शर्मा, बलराज भाटी, सुरेश चंद शर्मा, सत्य प्रकाष सिंह, सोनू वर्मा, सतपाल तालान, अभिषेक शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर विजय भाटी, जिलाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर गजेन्द्र मावी, गणेष जाटव, उमेश त्यागी, जैनेन्द्र चौरसिया, विधायक प्रतिनिधि दीपक यादव, देव मिश्रा, संतोश झा, गौरव पटेल, ओमवीर अवाना, एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन पूरी टीम के साथ, फेनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा पूरी टीम के साथ, डीडीआरडब्ल्युए. अध्यक्ष एनपी सिंह पूरी टीम के साथ, पंजाबी समिति नोएडा विरेन्द्र मेहता पूरी टीम के साथ, अग्रवाल मित्र मंडल से संजय गोलय, सत्यनारायण गोयल सभी साथियों के साथ, नोएडा , गौतमबुद्धनगर सिकन्द्राबाद खुर्जा के सभी मण्डल अध्यक्ष पूरी टीम के साथ एवं जिले के सभी पदाधिकारी मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष पूरी टीम के साथ एवं नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा के सभी सोसाईटियों से आये सभी सामाजिक संस्थायें से आये पदाधिकारीगण एवं उनके सदस्य और हजारों की संख्या में आयें क्षेत्रवासियों ने इस आयोजन की शोभा बढ़ायी।

# सांस्कृतिक संबंध दिलों को जोड़ने वाला होता है : अनूप लाठर

## जी20 के उपलक्ष्य में श्री अरबिंदो कॉलेज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक परिषद के सहयोग से श्री अरबिंदो कॉलेज द्वारा जी 20 के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय भारत-चीन के परस्पर मजबूत सम्बंधो की भूमिका को आधार बनाया जाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष अनूप लाठर के साथ-साथ प्रो. रविन्द्र कुमार, प्रो. निरंजन कुमार एवं जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व पीवीसी प्रो. चिंतामणि महापात्रा वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर अनूप लाठर ने अपने वक्तव्य में कहा कि चीन से हमारे



सम्बन्ध बहुत पुराने हैं। पारंपरिक और व्यापारिक दोनो ही रूपों में उनसे हमारा सम्बंध हृदय, मन और आत्मा का हैं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। स्वागत वक्तव्य में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विपिन कुमार अग्रवाल ने भारत और चीन को एक साथ आने और उसके माध्यम से विश्व प्रगति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रो. निरंजन कुमार ने इंडस वैली सभ्यता के प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि 'सन्धि-पत्र' स्वार्थो से प्रबल नहीं होना चाहिए, भारत-चीन का संबंध भविष्य को गति देने वाला है। प्रो. रविन्द्र कुमार ने भारत की गौरवशाली परंपरा से सीखने की बात कही। उन्होंने ज्ञान के साथ-साथ अनुभव की महत्वत्ता पर भी बल दिया।

उन्होंने महाभारत के दो प्रसंगो के माध्यम से शब्दों के चयन के महत्व पर भी जोर दिया। मुख्य वक्ता प्रो. चिंतामणि महापात्रा ने कहा कि चीन की शैक्षणिक संस्थाओं के पास अनेकों विचार है, परंतु प्राचीन भारतीय पौराणिक ग्रंथों में ज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की वह सूचनाएँ पहले से विद्यमान हैं। कार्यक्रम का समापन भारत और चीन के लोकनृत्य इव गायन के साथ संपन्न हुआ।

### एनडीए में पास होने वाले सैनिक स्कूल के बच्चों से मिलेंगे केजरीवाल, 32 छात्रों ने पास की है परीक्षा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पहले शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपेटरी स्कूल (एएफपीएस सैनिक स्कूल) के पहले बैच के 32 बच्चों ने पहली बार में ही एनडीए परीक्षा पास कर बाजी मारी है। इनमें नौ लड़कियां भी शामिल हैं। इन बच्चों से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार शाम मुलाकात करेंगे। केजरीवाल ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी है। अरविंद केजरीवाल ने लिखा, इन 32 बच्चों को आज मैंने मिलने के लिए शाम को अपने घर बुलाया है। हर बच्चे की कहानी प्रेरणादायी है। दिल्ली सरकार का आर्म्ड फोर्सेज स्कूल देशभर में दूसरे नंबर पर रहा जहां सर्वाधिक बच्चों ने इस परीक्षा को पास किया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि इतने बच्चों का एनडीए परीक्षा पास करना गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने एक्स कर कहा कि दिल्ली के शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपेटरी स्कूल के 32 छात्रों ने एनडीए परीक्षा उत्तीर्ण की है, जो देशभर में किसी एक स्कूल से एनडीए परीक्षा पास करने वाले छात्रों में से एक है। उन्होंने कहा कि इस स्कूल ने पहले ही साल में बेहतरीन नतीजे दिखाए हैं। मुझे यकीन है कि दिल्ली से अधिक से अधिक छात्र अब एनडीए परीक्षा पास करेंगे और भविष्य के अधिकारी के रूप में हमारे देश को गौरवान्वित करेंगे।

# पार्सल में ड्रग्स बताकर रिटायर्ड अधिकारी से ठगे 2.88 करोड़

नोएडा। पार्सल में ड्रग्स होने की बात कहकर महागुन मॉडर्न सोसाइटी में रहने वाले रिटायर्ड अधिकारी से 2.88 करोड़ की ठगी हुई। सेक्टर-113 थाने में दी शिकायत में प्रवीण कुमार सिन्हा ने बताया कि बीते दिनों उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को फेडेक्स कोरियर का कर्मचारी बताया।

उसने कहा कि आपके नाम से मुंबई से ताइवान एक पार्सल गया है, जिसमें आपका आधार कार्ड इस्तेमाल हुआ है। पार्सल में 2 किलो कपड़े, दो लैपटॉप, तीन पासपोर्ट और मादक पदार्थ एमडीएमई गया है। आपके खिलाफ मुंबई पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उसने मुंबई पुलिस के कथित अधिकारी से बात करवाई। उसके बाद मुंबई पुलिस के कथित अधिकारी ने नारकोटिक्स विभाग को कॉल ट्रांसफर किया, तथा स्काईप कॉल से बात की। उन्हें बताया गया कि यह मामला मनी




लॉन्ड्रिंग से भी संबंधित है। इसके बाद एक के बाद एक अधिकारी बनकर कई लोगों से बात कराई गई। उनको बताया गया कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आपके खाते का प्रयोग किया गया है। इसलिए आरबीआई इसकी जांच करेगा। आरोपियों ने उनको डरा धमका कर उनके बैंक की डिटेल ले ली। इसके बाद खाते में जमा 2.88 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर ली। आरोपियों ने कहा था कि आरबीआई के वैरीफिकेशन के बाद रकम को वापस कर दिया जाएगा। लेकिन ऐसा हुआ नहीं इसके बाद पीड़ित ने पुलिस से मामले की शिकायत की।

# यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा ने हृदय स्वास्थ्य पर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वॉकथॉन का आयोजन किया

## 'चलतारहेमेरादिल' वॉकथॉन के मौके पर पहुंचे क्रिकेटर भुवनेश्वर कुमार और सबा करीम

**गाजियाबाद ।** हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष में वॉकथॉन का आयोजन किया। ऋचलतारहेमेरादिल नामक वॉकथॉन, जिसका उद्देश्य भारत में हो रही हृदयरोगों की बढ़ती हुई प्रवृत्ति पर प्रकाश डालना और सामान्य जीवनशैली के साधारण संशोधनों का हृदय स्वास्थ्य पर कैसे प्रभाव पड़ सकता है, इस पर जोर देना था।

भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेटर भुवनेश्वर कुमार ने अस्पताल के परिसर से वॉकथॉन का उद्धघाटन किया , इस अवसर पर राष्ट्रीय क्रिकेटर सवा करीम, यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. अजय त्यागी, यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. कपिल त्यागी मौजूद थे,



और उनके साथ कई डॉक्टर्स और समर्पित अस्पताल कर्मचारी भी जुड़े थे।

1000 से अधिक प्रतिभागियों ने, जिनमें स्थानीय आवासी और वृद्ध नागरिक शामिल थे, वॉकथॉन में हिस्सा लिया।

सभी उपस्थित व्यक्तियों को मुफ्त टी-शर्ट दी गयी और वॉकथॉन के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार जीतने का मौका मिला। इसके अलावा, हर प्रतिभागी को हृदय स्वास्थ्य जांच के लिए मुफ्त कूपन भी प्राप्त हुआ। वॉकथॉन के बाद अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों के पैनल द्वारा हृदय स्वास्थ्य पर एक ज्ञानवर्धन सांवाद आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज रंजन, हृदय सर्जरी विभाग के निदेशक डॉ अखिल रुस्तगी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ दीपांकर वत्स, डॉ अजीत सिंह और डॉक्टर कृष्ण यादव जैसे प्रख्यात डॉक्टर शामिल थे। इस चर्चा में यह बताया गया कि हृदय संबंधित बीमारियों को रोकने में नियमित शारीरिक गतिविधि, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली की महत्वपूर्ण भूमिका है।

भारतीय क्रिकेटर भुवनेश्वर कुमार ने इस दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया कि नियमित व्यायाम व सुबह की सैर से फिटनेस बेहतर होगी और हृदय स्वस्थ रहेगा। यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की यह पहल, इस जागरूकता के बारे में लोगों को शिक्षित करने और हृदय रोग जैसे जीवनसंघातक खतरे को कम करने के लिए उपयोगी है।

यथार्थ हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा के असिस्टेंट मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार बालियान ने निष्क्रिय जीवनशैली के कारण हृदयरोगों के बढ़ने का जिक्र किया। उन्होंने चिंता जताई कि कई भारतीय लोग हार्ट अटैक के लक्षणों के बारे में अज्ञान हैं, और वॉकथॉन और स्वास्थ्य चर्चा जैसे कार्यक्रम लोगों को हृदय रोगों व उनके लक्षणों के प्रति जागरूक करने के लिए ज़रूरी हैं।

# संपादकीय



## दहशतगर्दी की आग

पाकिस्तान अपनी जमीनी हकीकत पर परदा डालने के मकसद से भी भारत के हिस्से वाले कश्मीर में अशांति पैदा करने की कोशिश करता है।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में एक बार फिर बड़ा बम विस्फोट हुआ। जुमे की नमाज और ईद-ए-मिलाद उन नबी के मौके पर जब लोग इकट्ठा थे, दो मस्जिदों के बाहर जबरदस्त धमाके हुए, जिसमें कम से कम छप्पन लोगों के मारे जाने और करीब एक सौ तीस के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि हुई है। आजादी के बाद से ही बलूचिस्तान में चरमपंथी गतिविधियां बढ़ती रही हैं।

मगर पाकिस्तान सरकार उस पर काबू पाने के लिए राजनीतिक रास्ता अख्तियार करने के बजाय बंदूक का सहारा लेती रही है। इसका नतीजा यह हुआ है कि उस इलाके में चरमपंथी संगठन अब सेना को चुनौती देने की स्थिति में पहुंच गए हैं। 2005 के बाद जब पाकिस्तानी सेना ने बड़े पैमाने पर बलूचों का सफाया करना शुरू किया, तो चरमपंथ और ताकतवर होता गया। उसके बाद से उस इलाके में कई बड़े बम धमाके हुए हैं, जिनमें बड़े पैमाने पर लोग मारे जा चुके हैं। पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था अब इस पर काबू पाने में पूरी तरह विफल नजर आती है। उल्टा कुछ मौकों पर पाकिस्तानी हुक्मरान पलट कर बलूचिस्तान में अशांति का जिम्मेदार भारत को ठहराने की कोशिश करते देखे गए।

दरअसल, बलूच लोगों की शुरू से शिकायत रही है कि भूभाग के हिसाब से उन्हें न तो राजनीतिक हिस्सेदारी मिली है और न आर्थिक। बलूचिस्तान पाकिस्तान का करीब चालीस फीसद हिस्सा है, मगर इतना गरीब और पिछड़ा हुआ है कि बच्चों के लिए माकूल मदरसे तक नहीं हैं। बलूच लोग पाकिस्तान से अलग अपना स्वायत्त शासन चाहते हैं। मगर पाकिस्तान की हुकूमत उन्हें बंदूक के बल पर खामोश करने की कोशिश करती रही है।

विचित्र है कि पाकिस्तान अपने यहां के एक बड़े हिस्से में व्याप्त अलगाववाद को तो संभाल नहीं पाता, मगर भारत के कश्मीर में अलगाववाद की आग जलाए रखने की हर कोशिश करता है। वह खुद जिस आग में जल रहा है, वही आग भारत में लगाए रखना चाहता है। इसके लिए उसकी सेना और खुफिया एजंसी बेपनाह पैसा खर्च करती हैं।

अभी कुछ दिनों पहले वहां के विदेशमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर फिर से कश्मीर की स्वायत्तता का राग अलापा। इसके पहले अनेक मौकों पर उसके प्रधानमंत्री और दूसरे आला नेता अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का मुद्दा उठाते रहे हैं। इस मामले को सुलझाने के लिए तीसरे पक्ष की मध्यस्थता तक की बात करते रहे हैं। मगर बलूचिस्तान, जो उसकी जमीन का हिस्सा है, वहां फैले असंतोष को दूर करने को लेकर वह कभी इस तरह फिक्रमंद नहीं दिखा।

दरअसल, पाकिस्तान अपनी जमीनी हकीकत पर परदा डालने के मकसद से भी भारत के हिस्से वाले कश्मीर में अशांति पैदा करने की कोशिश करता है। जिस दिन वह अपनी असल समस्याओं को सुलझाने को लेकर संजीदा होगा, उस दिन शायद उसे बलूचिस्तान का दर्द समझ में आएगा और कश्मीर में नाहक दखलंदाजी का मोल भी। मगर शुरू से ही वह महाशक्तियों का मोहरा बन कर कभी इस तरफ तो कभी उस तरफ करवट बदलता रहता है।

पहले अमेरिका के पाले में जाकर उसने इमदाद बटोरी, अब चीन के पहलू में बैठा हुआ है। फिलवक्त उसकी स्थिति यह है कि रोजमर्रा के खर्चे के लिए भी उसे कर्ज लेना पड़ता है।

सेना की बादशाहत से वहां की हुकूमत मुक्त नहीं हो पा रही। ऐसे में न केवल बलूचिस्तान, बल्कि पाकिस्तान के दूसरे हिस्सों में भी गहरा असंतोष है। जब तक वह हकीकत से आंखें नहीं मिलाएगा, उसे दहशतगर्दी की आग में झुलसते रहना पड़ेगा।

## मसले सुलझाने में ही बेहतरी

**समझा जा सकता है कि कनाडा में रह रहे सिख समुदाय का वहां की सरकार पर भारी दबाव है और ट्रूडो सरकार उसकी नाराजगी मोल नहीं लेना चाहती।**

कभी भी दो देशों के बीच लंबे समय तक तनातनी फायदेमंद साबित नहीं होती। वह भी जब दो ऐसे देशों के बीच किसी मसले पर मनमुटाव हो जाए, जो लंबे वक्त से बेहद करीबी रहे हैं, तो उन्हें उस मसले को मिल-बैठ कर सुलझा लेने में ही बेहतरी समझी जाती है। अच्छी बात है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का भारत के प्रति रुख अब नरम पड़ रहा है।

उन्होंने भारत के साथ कनाडा के संबंधों का महत्त्व बताते हुए रिश्ते बेहतर करने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि भारत के साथ करीबी संबंधों को लेकर कनाडा बहुत गंभीर है और दोनों अहम भू-राजनीतिक भागीदार हैं। वैश्विक स्तर पर भारत का महत्त्व बढ़ रहा है। ऐसे में जरूरी है कि कनाडा और उसके सहयोगी भारत के साथ मिलकर काम करें।

दरअसल, भारत में आतंकी और आपराधिक मामलों में वांछित हरदीप सिंह निज्जर की बीते जून माह में अज्ञात लोगों ने कनाडा में हत्या कर दी थी। जस्टिन ट्रूडो ने न केवल भारत पर उसकी हत्या के आरोप लगाए, बल्कि भारतीय राजनयिक को कनाडा से निकालने जैसा सख्त कदम भी उठाया। यही नहीं, उन्होंने अमेरिका समेत अपने मित्र और साझीदार देशों के जरिए भारत के खिलाफ दबाव की रणनीति भी अपनानी चाही, मगर इसमें वह कामयाब नहीं हुए।

निज्जर मामले में कनाडा की अनावश्यक अक्रामकता के बाद भारत ने अपने एक के बाद एक लिए फैसलों से ट्रूडो को बता दिया कि उस पर अब वैश्विक दबाव काम नहीं करेगा। भारत ने कनाडा के जवाब में जिस प्रकार सबसे पहले उसके राजनयिक को वापस भेजा, फिर कनाडाई नागरिकों को वीजा जारी करने पर अस्थायी रोक लगाई और अंतरराष्ट्रीय जगत के समक्ष अपना पक्ष मजबूती से रखा, उसका सकारात्मक असर पड़ा।

सिख फार जस्टिस के प्रमुख और कनाडा में रहकर भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे खालिस्तानी चरमपंथी और निज्जर के करीबी गुरपतवंत सिंह पन्नू की संपित्तयों को कुर्क किए जाने से भी दुनिया को यह संदेश गया कि भारत किसी भी तरह के अलगाववाद के सख्त खिलाफ है।

ट्रूडो ने भारत से संबंध बेहतर बनाने की बात ऐसे समय कही जब विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन के साथ वाशिंगटन में मुलाकात कर रहे थे। दोनों के बीच कई मुद्दों पर बातचीत हुई। निज्जर की हत्या का मुद्दा भी उठा। मगर जिस प्रकार जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर इस मामले को संभाला है, उससे कनाडा अपने कदम पर विचार करने को विवश हुआ है। ट्रूडो संबंधों की दुहाई देकर भले यह कहें कि निज्जर की हत्या की सच्चाई सामने लाने के लिए भारत-कनाडा मिलकर काम करें, लेकिन अभी तक उनके पास निज्जर हत्याकांड से जुड़े सबूत नहीं हैं।

समझा जा सकता है कि कनाडा में रह रहे सिख समुदाय का वहां की सरकार पर भारी दबाव है और ट्रूडो सरकार उसकी नाराजगी मोल नहीं लेना चाहती। मगर इसके चलते बिना किसी सबूत के वह भारत से अपने रिश्ते खराब कर ले, तो वह उसके लिए बड़ा और स्थायी नुकसान साबित होगा। दशकों से दोनों देशों के मित्रवत संबंध रहे हैं।

उस संबंध में कनाडा के शीर्ष स्तर से दिखाई असावधानी खटास पैदा कर गई है। अब ट्रूडो उसे संभालने की कोशिश कर रहे हैं, तो यह एक सुखद बात है। मगर ये कोशिशें कितनी कामयाब होंगी और भारत सरकार किस स्तर तक उन पर भरोसा करेगी, यह कनाडा के भविष्य में उठाए जाने वाले कदम पर निर्भर करेगा।

# भारत कनाडा मामले में अमेरिकी रुख पर दुनियां की नज़रें



### कनाडा प्रकरण में अमेरिका की भूमिका - भारत को बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता को रेखांकित करना ज़रूरी - एडवोकेट किशन भावनी गोंदिया

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में जी-20 शिखर सम्मेलन दिल्ली घोषणापत्र, कुछल भारतीय नेतृत्व, तेजी से बढ़तीअर्थव्यवस्था बढ़ता जनसमर्थन, हर क्षेत्र में चौमुखी विकास सहित अनेक मुद्दों पर भारत की दस्तक महसूस की जा रही है, जिससे भारत की बॉस औरऑटोग्राफ की उपाधि सिद्ध होते जा रही है ।बड़े बुजुर्गों का कहना हैकि घी गोदड़ी में छुपाकर खाना चाहिए वरना ज्वेलेसी रूपी नाग से भिड़ंत होते हुए कमजोर होने और सफलता फिसल जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। हम अनेक क्षेत्रों चाहे वह व्यापार व्यवसाय तकनीकी प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में देखते हैं कि आपसी ज्वेलेसी के चलते कंपटीशन, टांग खींचना जैसे कृत्य शुरू हो जाते हैं।

वैसे अगर हम इस परिपेक्ष में वर्तमान नए भारत, दबंग प्रतिष्ठित बुलंद भारत को देखें तो स्वाभाविक है, सफलता में उन देशों को मजा ना आता हो और सामने होकर यारी दिलदारी और पीछे टांग खींचने की बारी से भी इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि आज हर देश अपना ओहदा उच्चपद रुतबा खोना नहीं चाहता इसके लिए यदि वह सामने से कुछ नहीं कर सकता तो, पर्दे के पीछे कुछ संभावनाएं बढ़ जाती है। परंतु सच तो सामने आकर ही रहता है, अगर भारत सच्चा है तो हमारे में कहावत है सचु त बीठो नचु यानें अगर हमसच्चे हैं तो भरे बाजार में लोगों के बीच अपनी सच्चाई का सबूत देकर खुशी से नाच सकते हैं। आज यह विषय हम इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि भारत के रिश्ते अब तक पड़ोसी और विस्तारवादी देश से तल्खी में थे, परंतु विगत कुछ दिनों से कनाडा के साथ तल्खी चल रही है।

इसलिए अब इस एंगल से सोचना जरूरी है, क्योंकि यह स्थिति जानबूझकर उठाई गई है या स्वाभाविक है इसे देखने की जरूरत है, क्योंकि कनाडा फाइव आइस, जी7 का सदस्य है, तो अमेरिका हमारा अत्यंत करीबी दोस्त है, जिसके लिए परीक्षा की घड़ी है कि इस मुद्दे को मिलकर सुलझाने की चेष्टा करें, क्योंकि भारत पश्चिमी देशों का सदस्य नहीं है परंतु पश्चिम से बहुत अच्छे रिश्ते हैं।

परंतु दबी जबान से यह बात सामने आ रही है कि 28 सितंबर 2023 को वॉशिंगटन डीसी में भारत अमेरिका विदेश मंत्रियों की बैठक में अमेरिका ने इस मुद्देको उठाया है, जिसे बाहरी तौर पर साफ इनकार किया जा रहा है ,परंतु मोंटसेंशियल में कनाडा पीएम द्वारा भारत की तारीफ और अमेरिका द्वारा विदेश मंत्रियों की बैठक में मुद्दा उठाने की गारंटी वाली बात कह कर इसपर बल दिया हैऔर रणनीति कूटनीति की बू रही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, कनाडा प्रकरण में अमेरिका की भूमिका, भारत को बेहद सतर्क रहने को रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम 28 सितंबर 2023 को वॉशिंगटन डीसी में भारत अमेरिका विदेश मंत्रियों की बैठक की करें, तो, संभावना जताई जा रही है कि, अमेरिका के विदेश मंत्री ने गुरुवार को समकश के साथ मीटिंग के वक्त निज्जर की हत्या का मुद्दा उठाया। रॉयटर्स के मुताबिक, एक अमेरिकी अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की। अधिकारी ने बताया- उन्होंने भारत सरकार से मामले की जांच में सहयोग करने के लिए कहा है।

की दूसरी तरफ, दोनों देशों के विदेश मंत्रियों में से किसी ने भी प्रेसवार्ता में मुलाकात का एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया। हालांकि एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया की इस दौरान कनाडा के पीएम के लगाए आरोपों का मामला विदेशमंत्री ने सामने रखा। मीडिया में रिपोर्ट के अनुसार, नाम न बताए जाने की शर्त पर अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ब्लिंकन ने भारत को कनाडाई जांच में सहयोग करने का आश्वासन दिया है। वहीं विदेश विभाग के प्रवक्ता ने इस मुद्दे पर भारत सरकार के साथ लगातार बातचीत और उनसे सहयोग करने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि इससे पहले विदेश मंत्री ने बीते दिनोंकनाडा के आरोपों पर सबूत देने की बात कही थी।

उन्होंने कनाडाई पीएम के आरोपों पर कहा था कि अगर आपके पास विशिष्ट जानकारी है, अगर आपके पास कुछ प्रासंगिक है, तो हमें बताएं। हम इसे देखने को तैयार हैं। वे आगे ये भी बोले कि अभी तस्वीर पूरी बन नहीं पा रही है क्योंकि संदर्भ का पता नहीं। इसके साथ ही उन्होंने आईना दिखाते हुए ये भी कहा था कि राजनीतिक कारणों से खालिस्तानियों के प्रतिकनाडा काफी उदार है। साथ ही वह इस दौरान कनाडा में भारतीय राजनियकों को मिलने वाली धमकी और भारतीय वाणिज्य दूतावासों पर हमलों पर भी चिंता जताई थीं।

साथियों बात अगर हम अमेरिका की करें तो, जहां एक तरफ चीन के डर के कारण भारत के साथमजबूत सामरिक संबंध बनाना चाहता है तो वहीं दूसरी तरफ भारत की एकता और अखंडता को चुनौती देने वाले आतंकवादी तत्वों को पनाह देने वाले कनाडा का साथ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। अमेरिका दशकों तक भारत को परेशान करने के लिए पाकिस्तान का भी इसी तरह से इस्तेमाल करता रहा है।

लेकिन भारत बदल रहा है और अब समय आ गया है कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को यह साफ-साफ बता दिया जाए कि सामरिक साझेदारी, व्यापार और आर्थिक समझौता भारत के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है लेकिन यह भारत की एकता अखंडता और संप्रभुता से बढ़कर ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है और यह बात अमेरिका और उसके सहयोगी देश जितनी जल्दी समझ ले उतना ही यह विश्व की शांति के लिए बेहतर होगा। चीन की आक्रामक नीति से परेशान अमेरिका एक तरफ जहां भारत को अपने एक मददगार देश के तौर पर देख रहा है, दोनों ही देश चीन की आक्रामक नीतियों के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं, संयुक्त सैन्याभ्यास कर चीन को संकेत दे रहे हैं, आर्थिक मोर्चे पर लगातार नए-नए समझौते कर आर्थिक संबंधों को मजबूत कर रहे हैं। यहां तक कि रक्षा क्षेत्र में भी कई विकल्प होने के बावजूद भारत अमेरिका के साथ रक्षा समझौते कर उसकी अर्थव्यवस्था को मदद देने का काम कर रहा है लेकिन इसके बावजूद अमेरिका की चुप्पी ने भारत को सतर्क कर दिया है ।निज्जर हत्याकांड में कनाडा द्वारा लगाए गए बेतुके आरोप की वजह से भारत और कनाडा के रिश्तों पर तो बुरा असर पड़ ही रहा है ।लेकिन इस पूरे मामले में कई जानकारी के सामने आने के बाद अब अमेरिका के रुख को भी लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

साथियों बात अगर हम कनाडाई पीएम का मोंट्रियल में दिए गए वक्तव्य की करें तो, कनाडाई पीएम ने कहा किउन्हें अमेरिका से आश्वासन मिला है कि विदेश मंत्री गुरुवार को वाशिंगटन में भारतीय विदेश मंत्री के साथ बैठक के दौरान निज्जर हत्या में भारत की भूमिका के बारे में सार्वजनिक रूप से लगाए गए आरोपों को उठाएंगे। मीडिया के मुताबिक, पीएम ने कहा कि अमेरिका भारत सरकार से बात करने में हमारे साथ रहा है।

उन्होंने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसे सभी लोकतांत्रिक देशों और कानून के शासन का सम्मान करने वाले सभी देशों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। आगे कहा, हम भारत सरकार के प्रति अपने दृष्टिकोण सहित अपने सभी साझेदारों के साथ कानून के शासन में रहते हुए एकविचारशील जिम्मेदार तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत एक बढ़ती हुई आर्थिक शक्ति और महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक खिलाड़ी है। जैसा कि हमने पिछले साल अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति में कहा था कि हम भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने को लेकर बहुत गंभीर हैं। जाहिर तौर पर कानून के शासन वाले देश के रूप में, हमें इस बात पर जोर देने की जरूरत है कि भारत को यह सुनिश्चित करने के लिए कनाडा के साथ काम करने की जरूरत है कि हमें निज्जर के मामले के पूरे तथ्य मिलें। कनाडा के पीएम ने भारत से गतिरोध के बीच कहा है कि कनाडा अभी भी भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एक बार फिर कथित आरोपों को लेकर कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की हत्या मेंभारत सरकार की संलिप्तता के विश्वसनीय आरोपों के बावजूद कनाडा अभी भी भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव की ओर इशारा करते हुए ट्रूडो ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि कनाडा और उसके सहयोगी भारत के साथ जुड़े रहें।

मॉन्ट्रियल में एक प्रेस कांफ्रेंस में बोलते हुए ट्रूडो ने कहा कि उन्हें लगता है कि यह बेहद महत्वपूर्ण है कि कनाडा और उसके सहयोगी विश्व मंच पर भारत के बढ़ते महत्व को देखते हुए उसके साथ रचनात्मक और गंभीरता से जुड़ते रहें। उन्होंने ये भी कहा कि साथ ही कानून के शासन वाले देश के रूप में हम चाहते हैं कि भारत, कनाडा के साथ मिलकर काम करे, आगे कहा किअमेरिका हमारे साथ है और वह भारत के सामने कनाडा की धरती पर कनाडाई नागरिक की हत्या के मामले को उठा रहा है। आगे कहा कि सभी लोकतांत्रिक देश चाहते हैं कि, सभी देश उनके कानून का सम्मान करें और उसे गंभीरता से लें।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारतअमेरिका यारीकनाडा मामले पर कूटनीतिक हल निकालने की बारी।

# भारत की विशालता के साथ अनेक धर्म, संप्रदाय के खुशनुमा रंग

पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है कि भारत स्वयं में एक लघु विश्व है। निसंदेह इ भारत पर अध्ययन करने वाले सभी चिंतकों तथा विद्वानों ने एकमत से यह माना है कि भारत विविधताओं व बहुलताओं के मामले में विश्व का अनूठा एवं दिलचस्प देश है। अनेक प्रकार की भाषाएं, रीति रिवाज, खान-पान, रहन-सहन, लोकगीत, नृत्य, धर्म, संप्रदाय, सामाजिक संरचनाएं और संस्थाएं इस देश को बेहद बहुलतावादी और वैविध्यपूर्ण राष्ट्र बनाती है। इस विशाल, बहु भाषाई, बहु सांस्कृतिक देश की अपनी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक, दार्शनिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, जनसांख्यिकी और भाषाई विभिन्नताएं, विषमताऐ और विशेषताएं विद्वमान है। जो इस देश की विविधता में एकता की खूबी को प्रदर्शित करती है। भारत की सामाजिक संरचना स्वयं में काफी जटिल है। देश में समाज बहुत सारे वर्गों उप वर्गों में बटा हुआ है, इसी तरह यहां समाज में ग्रामीण, उपनगरीय, नगरीय, महा नगरीय, जनजातीय, पहाड़ी कैसे वर्गों में विभाजित हुआ है। भारत में सामाजिक वर्ग भेद के साथ अंदरुनी अंतर्द्वंद भी बहुत ज्यादा है, जैसे कि एकल परिवार और संयुक्त परिवार जातिवादी जाति विहीन समाज ग्रामीण नगरीय द्वंद विवाह सन्यास का द्वंद जो अनेक रूपों में भारतीय समाज में जनमानस के रूप में दिखाई देता है और यह द्वंद स्वतंत्रता के पश्चात से दिखाई देने लगा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जहां ग्राम स्वराज को आर्थिक विकास की धुरी मानते हुए सर्वोदय पंचायती राज स्वरोजगार एवं परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना चाहते थे, दूसरी तरफ पंडित जवाहरलाल नेहरू का झुकाव औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र को तीव्र औद्योगिकरण , कल कारखानों को मजबूत करने की ओर था। इसीलिए भारतीय समाज में मिश्रित अर्थव्यवस्था की नई व्यवस्था के माध्यम से इसका समुचित समाधान निकाला गया था।

भारत के राजनीतिक द्वंद भी बहुतायत में रहे हैं। आजादी से पहले कांग्रेस के गरम पंथ हुआ नरम पंथ का द्वंद चलता रहा है और पूर्ण स्वराज की मांग का उहापोह तथा आजादी के बाद संविधान निर्माण के समय संविधान की संघात्मक तथा एकात्मक रचना का विवाद या समाजवाद पूंजीवाद का द्वंद इसी तरह भारत दोनों में उलझता रहा है, और उसके बाद समाधान निकाल कर उससे बाहर भी आया है। भारत धार्मिक ,दार्शनिक व आध्यात्मिक दृष्टि से एक बेहद समृद्ध राष्ट्र रहा है। विश्व के चार प्रमुख धर्मों हिंदू, सिख, बौद्ध ,जैन की जन्मस्थली भारत ही रही है। इसी तरह भारत वेद पुराणों, उपनिषदों ,ब्राह्मणों, समितियों और आरण्यकों के प्राचीन साहित्य से लबालब भी रहा है। इसके अलावा इस्लाम ,ईसाई ,पारसी जैसे धर्मों को देश में स्वयं सम्मानित कर अपनी मुख्यधारा में समाहित भी किया है। भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति के मामले में गुटनिरपेक्षता की नीति को अपना कर किसी भी गुट में न रहते हुए स्वतंत्र विकास की नीति को अपनाया था।

## समाज को आईना दिखाती यह वायरल कविता

कहाँ पर बोलना है
और कहाँ पर बोल जाते हैं।
जहाँ खामोश रहना है
वहाँ मुँह खोल जाते हैं।

कटा जब शीश सैनिक का
तो हम खामोश रहते हैं।
कटा एक सीन पिक्चर का
तो सारे बोल जाते हैं।

नयी नस्लों के ये बच्चे
जमाने भर की सुनते हैं।
मगर माँ बाप कुछ बोले
तो बच्चे बोल जाते हैं।

बहुत ऊँची दुकानों में
कटाते जेब सब अपनी।
मगर मज़दूर माँगेगा
तो सिक्के बोल जाते हैं।

अगर मखमल करे गलती
तो कोई कुछ नहीं कहता।
फटी चादर की गलती हो
तो सारे बोल जाते हैं।

हवाओं की तबाही को
सभी चुपचाप सहते हैं।
च़रागों से हुई गलती
तो सारे बोल जाते हैं।

बनाते फिरते हैं रिश्ते
जमाने भर से अक्सर।
मगर जब घर में हो जरूरत
तो रिश्ते भूल जाते हैं।

कहाँ पर बोलना है
और कहाँ पर बोल जाते हैं।
जहाँ खामोश रहना है
वहाँ मुँह खोल जाते हैं।

# रोहिंग्या मुसलमानों की देश में हो रहीं घुसपैठ के लिए कौन जिम्मेदार ?

## म्यामार के हजारों रोहिंग्या मुस्लिम भारत में अवैध रूप से लिए हुए हैं शरण



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

म्यामार की सरकार द्वारा अपने देश के रोहिंग्या मुसलमानों को नागरिकता देने से इनकार करने के बाद लाखों की संख्या में रोहिंग्या मुसलमान बांग्लादेश और भारत में शरण ले रहें हैं। इसके अलावा बांग्लादेश के रिफयूजी कैंपों में रोहिंग्या मुसलमान अपने साथ होने वाले अत्याचार से दुखी होकर बांग्लादेश को छोड़कर भारत में अवैध रूप से घुसपैठ करके शरण ले रहें हैं। ऐसे में कहीं ना कहीं भारत में इतनी ज्यादा संख्या में रोहिंग्या मुसलमानों के आने से देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो रहा है। लेकिन यहां पर यह सवाल उठता है कि, आखिरकार इतनी बड़ी संख्या में बांग्लादेश और म्यामार से निकलकर ये रोहिंग्या मुसलमान भारत की सीमा में कैसे दाखिल हो रहें हैं ? इसके अलावा भारत में घुसपैठ करने के बाद इन रोहिंग्या मुसलमानों के पास इनका आधार कार्ड, पैन कार्ड ओर वोटर कार्ड कैसे बन जाता है।

### केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, रोहिंग्या मुस्लिम देश के लिए खतरा

जबकि केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बकायदा लिखित हलफनामा देकर कहा है कि म्यामार और बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत में घुसपैठ करके दाखिल होने वाले रोहिंग्या मुसलमानों से भारत की सुरक्षा के लिए काफी ज्यादा खतरा है। दरअसल केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को दिए अपने लिखित हलफनामें में यह विस्तार से बताया कि रोहिंग्या मुसलमान किन किन आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हैं और कैसे वह भारत की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया की भारत में रह रहें रोहिंग्या मुसलमान अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन आईएसआईएस से भी जुड़े हुए हैं।

इसके अलावा केंद्र सरकार के मुताबिक भारत में ज्यादातर रोहिंग्या मुसलमान हवाला के कारोबार से भी जुड़े हुए हैं। इन रोहिंग्या मुसलमानों के हवाला कारोबार में लिप्त होने से कहीं ना कहीं देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंच रहा हैं।



### आइएसआई से जुड़ें हैं भारत में रह रहें रोहिंग्या मुसलमानों के तार

केंद्र सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दिए गए अपने लिखित हलफनामे के मुताबिक, भारत में अवैध रूप से रह रहें रोहिंग्या मुसलमानों के तार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी जुड़े हुए हैं। ऐसे में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में तर्क दिया है कि कहीं ना कहीं रोहिंग्या मुसलमानों के देश में रहने से देश की सुरक्षा को काफी ज्यादा खतरा है। क्योंकि देश के अंदर होने वाली सभी गतिविधियों की सूचना इन रोहिंग्या मुसलमानों के माध्यम से आईएसआई तक पहुंचती रहती है। नतीजतन केंद्र सरकार के मुताबिक इन सभी रोहिंग्या मुसलमानों को वापस इनके देश म्यामार भेजना ही सही होगा। लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि इन रोहिंग्या मुसलमानों को खुद म्यामार भी अपनी नागरिकता देने से इनकार कर रहा है। ऐसे में ये रोहिंग्या मुसलमान आखिर जाए तो कहा जाए ?

### भारत में मानव तस्करी और फर्जी पहचान पत्र बनाने का काम करतें हैं रोहिंग्या मुसलमान

देश में अवैध रूप से रह रहें हजारों रोहिंग्या मुसलमान में से ज्यादातर मानव तस्करी के काम से भी जुड़े हुए है। इसके अलावा इनमें से तो कई रोहिंग्या मुसलमान लोगों के फर्जी पहचान पत्र मसलन आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी कार्ड बनाने का भी काम करतें है। ऐसे में इन रोहिंग्या मुसलमानों के द्वारा की जाने वाली मानव तस्करी और फर्जी प्रमाण पत्र बनाने की वजह से देश में फ्राड से जुड़े अपराधों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल उठता है कि आखिरकार देश में अवैध रूप से रह रहें रोहिंग्या मुसलमानों को देश से किस प्रकार निकालकर वापस भेजा जाए। इतना ही नहीं देश के अलग अलग शहरों मसलन दिल्ली और कोलकाता में रह रहें ये रोहिंग्या मुसलमान किसी भी सूरत में वापस जाने को तैयार नहीं हैं।

### रोहिंग्या मुसलमानों की देश में आसानी से होने वाली घुसपैठ का कारण

रोहिंग्या मुसलमानों की भारत में आसानी से होने वाली घुसपैठ से देश की केंद्र सरकार चिंतित है। दरअसल केंद्र सरकार की चिंता की सबसे बड़ी वजह यह है कि आखिरकार बार्डर पर इतनी सुरक्षा होने के बावजूद भी ये रोहिंग्या मुसलमान में भारत की सीमा में इतनी आसानी से कैसे दाखिल हो जातें हैं। दरअसल केंद्र सरकार के मुताबिक देश में ज्यादातर रोहिंग्या मुसलमान बांग्लादेश की पश्चिम बंगाल और असम से लगी हुई सीमा से भारत में अवैध रूप से घुसपैठ कर लेते है। हालांकि यदि आंकड़ों के हिसाब से देखे तो रोहिंग्या मुसलमानों की सबसे ज्यादा घुसपैठ पश्चिम बंगाल की सीमा से होती है। दरअसल पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर बांग्लादेश से आने वाले रोहिंग्याओं के प्रति नरम रूख अख्तियार करने का भी आरोप विपक्षी दल की ओर से लगाया जाता रहा है। इसके अलावा ममता बनर्जी के उपर बांग्लादेश से आए रोहिंग्या शरणार्थियों को वोटर आईडी, पैन कार्ड और आधार कार्ड जारी करके उनका अपनी पार्टी के पक्ष में मतदाता के रूप में इस्तेमाल करने का भी आरोप लगता है। हालांकि ममता बनर्जी इस बात से हमेशा से इनकार करती रहीं हैं। लेकिन जिस तरह से बीते कुछ विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में रोहिंग्या मुसलमान फर्जी मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड के साथ मतदान करते हुए पकड़े गए, वह ममता बनर्जी के रोहिंग्या मुसलमानों के प्रति उदारता व सहानुभूति का सबूत है। हालांकि असम में एनआरसी का ड्राफट लागू होने के बाद वहा पर रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ में काफी ज्यादा कमी आई है। लेकिन पश्चिम बंगाल के हालात रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ के लिहाज से अभी भी बहुत चिंताजनक बने हुए हैं। ऐसे में ममता बनर्जी की सरकार को पश्चिम बंगाल में रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ को रोकने के लिए सख्त से सख्त कदम उठाना चाहिए।

## शार्ट न्यूज

### घर में घुसा ट्रक, महिला समेत पांच घायल

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के नैनी क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक शनिवार तड़के सड़क किनारे बने एक मकान की दीवार तोड़कर अंदर घुस गया। इस हादसे में घर में सो रही एक महिला, उसका बेटा और पोती के साथ ट्रक चालक और उसका क्लीनर भी घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नैनी थाना क्षेत्र में रीवां राजमार्ग पर सड़क किनारे स्थित धनुहां गांव में बने एक मकान की दीवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक तोड़कर अंदर घुस गया। मकान में सो रही श्यामा, बेटा सुभाष और दो साल की पोती घायल हो गयीं। शोर सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचित किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक के केबिन में फंसे चालक अर्जुन एवं खलासी छोटेलाल को किसी तरह बाहर निकाल कर सभी को अस्पताल पहुंचाया। चालक और खलासी शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के शिवराजपुर के निवासी हैं। पुलिस ने ट्रक को हटाकर सड़क किनारे खड़ा कराया। उन्होंने बताया कि ट्रक पर सिलकासैंड बालू लदा कर घूरपुर से प्रयागराज की तरफ आ रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### अलग-अलग सड़क हादसे में चार की मौत

फतेहपुर। फतेहपुर में तेज रफ्तार ने अलग अलग तीन थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में चार लोगों की जान ले ली।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मरने वालों में एक बीएससी का छात्र और मसाला फैक्टी का मालिक है। जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गुगौली गांव के पास हाइवे पर एक पंचर खड़े ट्रेलर ट्रक में पीछे से कार जा घुसी जिससे कार के परखच्चे उड़ गए।हादसे में कानपुर निवासी सुनील कुमार कश्यप 45 वर्ष और चालक अखिलेश कुमार तिवारी 40 वर्ष की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। थाना प्रभारी आनंद पाल सिंह ने बताया कि मृतक के भाई सुशील कश्यप ने बताया कि मृतक भाई की मसाला फैक्ट्री है उसी काम के लिए फतेहपुर आया था।रात में वापस जाते समय हादसा में मौत हो गई। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के अमेना गांव निवासी राम सागर का 20 वर्षीय पुत्र ओम प्रकाश बीएससी का छात्र है सुबह ट्रैक्टर में बैठकर मजदूरी करने जा रहा था।तभी भवानीपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया।हादसे में युवक ओम प्रकाश घायल हो जिसको नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। जिसमे उन्होंने मांग की है कि शाहजहांपुर से उच्च न्यायालय प्रयागराज की दूरी करीब 400 किलोमीटर की है। इस कारण वादकारियों और अधिवक्ताओं को आने जाने में काफी दिक्कतें होती हैं। अधिवक्ताओं और वादकारियों को लखनऊ खंडपीठ से होकर ही निकलना पड़ता है। अधिवक्ताओं पर हो रहे हमलों को देखते हुए एसोसिएशन की तरफ से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की भी मांग की गई। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि, समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो, आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। शाहजहांपुर में सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश कुमार वैश्य के नेतृत्व में आज एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। जिसमे उन्होंने मांग की है कि उच्च न्यायालय प्रयागराज की दूरी शाहजहांपुर से 400 किलोमीटर की है। वादकारियों और अधिवक्ताओं को वहां आने-जाने में काफी दिक्कतें होती है।

### ग्राम पंचायत घर में कुंबल लगाकर चोरी

मेरठ। मेरठ के गांव चन्दसारा पंचायत घर में चोरों ने कुंबल लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। सुबह दिवार कटी देख सफाई कर्मचारी ने मामले की जानकारी ग्रामीणों को दी। जिसके बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्राम प्रधान से तहरीर लेकर चोरों की तलाश शुरू कर दी। गांव चन्दसारा पंचायत घर में चोरों ने ग्राम पंचायत घर के ताले तोड़कर चौधरी की घटना को अंजाम दे दिया। शनिवार दोपहर को सफाई कर्मचारी के पहुंचने पर पंचायत घर में कुंबल देखने के बाद सफाई कर्मचारियों ने घटना की जानकारी ग्राम प्रधान सुरेश कुमार को दी। ग्राम प्रधान का कहना है कि कर पंचायत घर में रखा लाखों रुपए का कीमती सामान चोरी कर ले गए। इस दौरान घटनास्थल पर बड़ी संख्या में गांव वासी इकट्ठा हो गए। जानकारी पाकर प्रशान्त त्यागी, पूर्व बीडीसी सियानंद मास्टर, जितेंद्र त्यागी, सत्येंद्र त्यागी, आकाश कुमार, प्रभु, गुड्डू त्यागी, सुधीर त्यागी, बिरम सिंह भी पहुंच गए। पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी लेने के बाद चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### वाराणसी में डेंगू मरीजों की संख्या पहुंची 138

**वाराणसी।** वाराणसी में पिछले कुछ दिनों में डेंगू के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो चुका है। जनपद में 138 से ज्यादा मरीजों की पुष्टि हुई है। अस्पतालों का ओपीडी मरीजों से भरा हुआ है। बचाव के लिए जनपद के कई जगहों पर प्रतिदिन एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है, जिसकी मदद से लोगों को डेंगू और अन्य संक्रामक रोगों से बचाए जा सके। डाक्टरों का कहना है कि वाराणसी में वर्तमान हालात के अनुसार स्थिति काफी नियंत्रण में है। जिला अस्पताल से लेकर मंडल अस्पतालों में डेंगू मरीज़ों के लिए बेड पर्याप्त है। वाराणसी के स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार वाराणसी में अब पहले के मुकाबले डेंगू के मामलों में कमी आई है। इन दिनों जनपद में रोजाना तकरीबन 5 से 6 डेंगू मरीजों की पुष्टि हो रही है। ऐसे में सैकड़ो की संख्या में मरीज मंडलीय व जिला अस्पताल में वायरल फीवर व अन्य इसके लक्षणों के साथ पहुंच रहे हैं।

### साथी की मौत पर आजमगढ़ में पदयात्रा

**आजमगढ़।** प्रतापगढ़ में अपने साथी की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर आजमगढ़ जिले में पंचायत सहायक यूनियन ने पदयात्रा कर साथी को न्याय देने की मांग की। इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में शामिल पदाधिकारियों का कहना है कि जिस तरह से हमारे साथ गौरव कुमार यादव की प्रतापगढ़ में पेड़ पर काफी ऊंचाई पर टांगकर आत्महत्या का रूप दिया गया वह पूरी तरह से गलत है। प्रतापगढ़ के जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि प्रतापगढ़ जिला प्रशासन ने मामले की गंभीरता को नहीं समझा। अन्यथा घटना के बाद जिले के आला-अधिकारी संज्ञान लेते। यही कारण है कि हम लोगों को प्रदर्शन करने के लिए विवश होना पड़ा। आजमगढ़ जिले में प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे ठेकमा ब्लाक से आए आसिफ खान ने बताया कि प्रतापगढ़ के बाबागंज ब्लॉक के मसवन गांव निवासी गौरव कुमार यादव की संदिग्ध हालात में घर के पास पेड़ पर लटकी लाश मिली थी।

### हाथरस में ट्रेन से कटकर दो युवकों की मौत

हाथरस। हाथरस में ट्रेन की चपेट में आकर दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। हाथरस में कासगंज मथुरा रेलवे ट्रैक पर रेलवे ट्रैक पार करते समय 40 वर्षीय योगेंद्र ठाकुर पुत्र सत्य प्रकाश निवासी असरोई थाना इगलास जिला अलीगढ़ की मौत मुरसान क्षेत्र अंतर्गत कलेक्ट्रेट के सामने रेलवे ट्रैक पार करते समय हो गई। वह एक पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गया। कुछ देर बाद जब मृतक के शव की शिनाख्त हुई तो मौके पर काफी भीड़ लग गई। पुलिस भी वहां पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम गृह भिजवाया है। मृतक ने पांच बच्चे हैं। पोस्टमार्टम गृह पर भी काफी भीड़ लगी है। इधर, हाथरस जंक्शन रेलवे स्टेशन के निकट कस्बा सिकंदराराऊ में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। कस्बा सिकंदराराऊ निवासी 30 वर्षीय पुष्पेंद्र पिछले दिनों जाहरवीर मेले में दुकान लगाने के लिए गया था। वह जब वापस लौटकर ट्रेन से सिकंदराराऊ जा रहा था तो हाथरस जंक्शन रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से उसका पैर फिसल गया। इससे वह नीचे गिर गया और उसके दोनों पैर कट गए। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर जीआरपी पहुंच गई।


# योगीराज में प्रदेश में हत्या में 9 तो डकैती में 16 प्रतिशत की आयी कमी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखी गयी 8 माह में समस्त जिलों में हुए जघन्य अपराधों की पूरी रिपोर्ट

**लखनऊ।** प्रदेश की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने के प्रयासों में जुटे सीएम योगी को इसमें लगातार कामयाबी मिल रही है। हाल ही में एनेक्सी में कानून व्यवस्था की हाई लेवल मीटिंग में तब इसकी पुष्टि हुई, जब यूपी पुलिस के उच्च अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष पिछले आठ माह की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रदेश में पिछले 6 वर्षों में जघन्य अपराध हत्या, लूट, डकैती और बलात्कार के मामलों में काफी कमी दर्ज की गयी है। बैठक में इन मामलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करने और लगाम लगाने वाले टॉप फाइव और बॉटम 5 जिलों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों के अधिकारियों को सुधार लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अगले माह की बैठक में उनकी रिपोर्ट संतोषजनक नहीं मिली तो एक्शन लिया जाएगा।

### चंदौली, औरेया और ललिपुर को सीएम ने दी चेतावनी

उत्तर प्रदेश में पिछले आठ माह में हत्या के 1921 अभियोग पंजीकृत किये गये, जिसमें से 1322 में आरोप पत्र एवं 90 में अन्तिम रिपोर्ट लगायी। वहीं 509 विवेचनाधीन हैं। पिछले 6 वर्षों में प्रदेश में हत्या में 9.02 प्रतिशत की कमी आयी है। उक्त अभियोगों में



संलिप्त 4705 अभियुक्तों में से 4230 अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही गयी तथा 475 अभियुक्त वांछित हैं, जिसके लिये लगातार छापेमारी की जा रही है। वहीं महोबा, श्रावस्ती, सीतापुर, जालौन और कौशाम्बी में मामले बढ़े हैं। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस जिलों के अधिकारियों को इन पर लगाम लगाने के निर्देश दिये हैं। वहीं हत्या के मामलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करने वालों में अमरोहा, झांसी, जालौन और हरदोई शामिल हैं, जबकि चंदौली, औरैया, ललितपुर और बांदा का प्रदर्शन खराब रहा है। इस सीएम ने इन जिलों के अधिकारियों को सुधारने लाने के साथ सख्त चेतावनी दी है।

### लूट को रोकने में महाराजगंज और कासगंज अव्वल

इसी तरह प्रदेश में लूट के 789 अभियोग पंजीकृत किये गये, जिसमें से 589 में आरोप पत्र एवं 20 में अन्तिम रिपोर्ट लगायी। वहीं 180 विवेचनाधीन हैं। पिछले आठ माह में प्रदेश में लूट के 24.61 प्रतिशत की कमी आयी है। उक्त अभियोगों में संलिप्त 2222 अभियुक्तों में से 2118 अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही गयी तथा 104 अभियुक्त वांछित हैं, जिसके लिये लगातार छापेमारी की जा रही है। वहीं महाराजगंज, ललितपुर, संतकबीरनगर, बलरामपुर और कासगंज में मामले बढ़े हैं। लूट के मामले में एकाएक कार्रवाई करने वाले जिलों में फिरोजाबाद, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर और पीलीभीत शामिल हैं जबकि प्रयागराज कमिश्नरेट, कौशांबी, देवरिया, अमेठी और महोबा का प्रदर्शन खराब रहा।

### प्रदेश में डकैती में 16.22 प्रतिशत की आयी कमी

बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेशभर में डकैती के 30 अभियोग पंजीकृत किये गये, जिसमें 18 में आरोप पत्र दाखिल किए गए हैं। वहीं 12 मामले विवेचनाधीन हैं। पिछले 6 वर्षों में प्रदेशभर में डकैती में 16.22 प्रतिशत की कमी आयी। इन अभियोगों में संलिप्त कुल 224 अभियुक्तों में से 200 अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही की गयी तथा 24 अभियुक्त वांछित हैं। वहीं कुछ जिलों में बढ़ोत्तरी हुई है, जिसमें वाराणसी कमिश्नरेट, झांसी, अमेठी, औरैया और कन्नौज शामिल हैं। वहीं फिरोजाबाद, बाराबंकी, सीतापुर, ललिपुर और कासगंज ने डकैती के मामलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि कन्नौज, हाथरस, बदायूं, औरैया और प्रयागराज कमिश्नरेट का प्रदर्शन खराब रहा।

# सीतापुर में तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मौत

## बकरी चराने के दौरान गहरे पानी में जाने से हुआ हादसा, परिजनों ने तालाब से निकाले शव

**सीतापुर।** सीतापुर में तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चियों की मौत हो गयी।

हादसा उस समय हुआ जब दोनों मासूम बच्चियां बकरी चराने के लिए तालाब की तरफ गयी थी। ग्रामीणों की सूचना पर परिजनों ने जब तक बच्चियों को बाहर निकाला तब तक बच्चियों की मौत हो गयी थी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### बच्चियों की तालाब में डूबने से मौत

घटना सदरपुर थाना इलाके की है। यहां



दो बच्चियों की तालाब में डूबकर मौत होने से हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के मुताबिक, ग्राम छपर तल्ला निवासी श्रीकांत की 7 वर्षीय बेटी शांति गांव के ही नागेंद्र की 9 वर्षीय बेटी बसंती के साथ बकरियों को चराने के लिए गांव के बाहर स्थित तालाब किनारे ले गयी थी।

इसी दौरान दोनों बच्चियां तालाब किनारे नहाने के लिए उतरी और नहाने के दौरान ही दोनों गहरे पानी में पहुंचने से डूबने लगी। तालाब के पास गुजर रहे ग्रामीणों ने गांव पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी।

### दोनों बच्चियों की मौत से कोहराम

सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने दोनों बच्चियों को बाहर निकाला लेकिन तब तक दोनों मासूम बच्चियों की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## बुलंदशहर में चोर मकान का तोड़कर ढाई लाख के गहने लेकर फरार हुए

बुलंदशहर । उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में चोरों ने मकान का ताला तोड़कर 2.50 लाख के गहने और नगदी चोरी कर फरार हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक किशोर कुमार ने शनिवार को बताया कि कि बुलंदशहर के नरसैना थाना क्षेत्र की कस्बा बुगरासी स्थित मोहल्ला रोगनग्रान में कल देर रात मुरारी लाल के घर से चोर गहने और नकदी लेकर फरार हो गए है। मकान मालिक चार दिन से मकान में ताला लगाकर कहीं गया हुआ था। शुक्रवार रात में अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर चार तोले सोना 40 टोल चांदी के आभूषण और 15 हजार की नगदी चोरी कर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि पीड़ित के तकरीबन चार तोले सोना और 40 तोले चांदी के आभूषण थे जिन्हें चोर चुरा के ले गए पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की बारीकी से जांच पड़ताल में जुट गई।

# डबल मीनिंग बातें करने वाला हेड मास्टर सस्पेंड

मुरादाबाद। मुरादाबाद में महिला टीचर्स के साथ डबल मीनिंग बातें करने के आरोपी कंपोजिट स्कूल नगला बनवीर के हेड मास्टर मोहम्मद अदीब को सस्पेंड कर दिया गया है। मुरादाबाद ग्रामीण ब्लॉक के एबीएसए शुभम गुप्ता ने स्कूल पहुंचकर मामले की छानबीन की। शिकायत करने वाली टीचर्स और अन्य स्टाफ के बयान दर्ज किए।

एबीएसए की रिपोर्ट के आधार पर बीएसए ने आरोपी हेड मास्टर को सस्पेंड कर दिया है। स्कूल की कुछ टीचर्स ने बीएसए से शिकायत की थी कि स्कूल का इंचार्ज अध्यापक मोहम्मद अदीब उनके साथ अश्लील आचरण करता है। उन्हें अश्लील इशारे करता है और डबल मीनिंग बातें करता है।

शिकायत करने वाली टीचर्स ने मोहम्मद अदीब द्वारा स्कूल में नॉनवेज बनवाने से लेकर स्कूल में कई फर्जीवाड़ों तक की शिकायतें की थीं। बीएसए अजीत कुमार ने एक जांच कमेटी एबीएसए शुभम गुप्ता के नेतृत्व में गठित की। शुक्रवार को एबीएसए कंपोजिट स्कूल नगला बनवीर पहुंचे। काफी देर तक मामले की छानबीन की।

उन्होंने शिकायत करने वाली महिला टीचर्स, बाकी स्टाफ और बच्चों से भी जानकारी की।

इसके अलावा आरोपी शिक्षक से भी उसका पक्ष पूछा गया। मामला बेहद गंभीर है और विभाग की बदनामी कराने वाला है। इसलिए बीएसए ने इस मामले में गंभीरता से त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। फिर हेड मास्टर मोहम्मद अदीब को सस्पेंड कर दिया गया। बीएसए ने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बाघ ने फसल की रखवाली कर रहे किसानों पर किया हमला

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के कतर्नियाघाट संरक्षित वन क्षेत्र अंतर्गत बर्दिया गांव में शनिवार को धान के फसल की रखवाली करने गए किसानों पर बाघ ने हमला कर दिया। आसपास के लोगों के हांका लगाने पर बाघ जंगल की ओर चला गया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। यहां एक घायल की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि कतर्नियाघाट संरक्षित वन क्षेत्र के बर्दिया गांव में आज सुबह बाघ ने खेत में काम कर रहे किसान पर हमला कर दिया। भारत-नेपाल सीमा के निकट जंगल से सटे थाना सुजौली क्षेत्र के बर्दिया गांव में सुबह करीब सात बजे फ़कीरपुरी गांव निवासी वृद्ध किसान बाबूराम (70) पुत्र मोतीराम पड़ोस के गांव बर्दिया में लगे धान के फसल की निगरानी करने गए थे। तभी खेत में मौजूद बाघ ने हमला कर दिया।

साथ में मौजूद बर्दिया गांव निवासी महेश (25) पुत्र कल्लू उसे बचाने के लिए दौड़ पड़ा। उस पर भी बाघ ने हमला कर दिया।किसानों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण हाका लगाते हुए दौड़ पड़े। जिसपर बाघ दोनों को घायल कर जंगल की ओर भाग गया। घटना की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। ग्रामीणों ने दोनों घायल किसान को सीएचसी मोतीपुर में भर्ती कराया। जहां से बाबूराम की हालत गंभीर होने पर परिवारीजन इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल ले गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुचे वन क्षेत्राधिकारी कतर्नियाघाट अनूप कुमार ने घटनास्थल के आसपास गश्त शुरू कर लोगों को सतर्क किया।

## किसान आंदोलन के चलते 15 ट्रेनें निरस्त


प्रयागराज। फिरोजाबाद मंडल ने किसान आंदोलन के चलते 15 ट्रेनों के निरस्त किए जाने की घोषणा की है। यह ट्रेनें 28 सितंबर से लेकर एक अक्तूबर तक के लिए निरस्त की गई हैं। इसमें कुछ ट्रेनें प्रयागराज से होकर भी गुजरती हैं। प्रयागराज समेत आसपास के यात्रियों को भी इसकी असुविधा होगी। उत्तर मध्य रेलवे की ओर से निरस्त ट्रेनों की सूची जारी की गई है। इसी तरह 10 ट्रेनों का संचालन तो होगा लेकिन उनका रूट डायवर्जन कर दिया गया है। 06 ट्रेनों को आंशिक रूप से निरस्त किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि यात्रियों को इससे कुछ असुविधा होगी। यात्रियों की सहूलियत के लिए ही कुछ ट्रेनों का संचालन नहीं निरस्त किया है बल्कि उन्हें दूसरे रूट से भेजा जाएगा।

# चार हजार हेक्टेयर में बसेगा कुंभ मेला

**प्रयागराज।** दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कुंभ मेला-2025 में गंगा, श्यामल यमुना और अन्त: सलिला स्वरूप में प्रवाहित सरस्वती के संगम तट पर चार हजार हेक्टेयर में बसाया जाएगा।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संगम की रेती पर आस्था और विश्वास का यह सबसे बड़ा मेला है। त्रिवेणी की रेती पर अस्थायी तंबुओं के अनोखे शहर में श्रद्धालुओं को गंगा और यमुना के तटों पर आवागमन के लिए 30 पंटून पुलों को तैयार कराया जाएगा। इस बार कुंभ में दुनिया से करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं के मेले में पहुंचने की उम्मीद है। वर्ष 2019 के अर्ध कुंभ में करीब 25 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और लुप्त सरस्वती के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगायी थी।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को मेला प्राधिकरण की 15वीं बोर्ड बैठक में सैद्धांतिक स्वीकृति दी गयी। मेला क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से 25 सेक्टरों में



बांटा जाएगा। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 14500 लाख टॉयलेट बनाए जाएंगे। उसकी साफ सफाई के लिए दस हजार सफाई कर्मी आबद्ध किया जाना प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 के अर्ध कुंभ को 3200 हेक्टेअर में बसाया गया था जबकि इस 2025 में 800 हेक्टेअर क्षेत्रफल की बढोतरी के साथ चार हजार हेक्टेअर क्षेत्रफल में बसाया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं के आवागम के लिए 22 पंटून पुलों को तैयार कराया गया था जबकि इस बार श्रद्धालुओं की अधिकता के अंदेशे को देखते हुए 30 पंटून पुल तैयार कराया जाएगा।

त्रिवेणी की रेती पर मकर संक्रांति स्नान पर्व से शुरू होकर महाशिवरात्रि तक करीब 45 दिनों तक चलने वाले दिव्य और भव्य कुंभ के दौरान कल्पवासी एक मास का कायाशोधन का कल्पवास भी करेंगे।

इस दौरान पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि छह स्नान पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाएंगे।

# अंतरिक्ष अपार्टमेंट हादसा में बिल्डर-ठेकेदार की लापरवाही

## खुदाई में सुरक्षा मानकों की अनदेखी, बिल्डर और 2 इंजीनियर को नोटिस; मासूम समेत 2 की मौत

लखनऊ। लखनऊ में अंतरिक्ष अपार्टमेंट का हादसा बिल्डर और ठेकेदार की लापरवाही से हुआ। मल्टीलेवल पार्किंग बनाते वक्त, खुदाई के मानकों को दरकिनार कर दिया गया। मिट्टी के कई फीट ऊंचे पहाड़ बनने के बावजूद मजदूरों के परिवार को वहां से शिफ्ट नहीं किया गया।

हादसे की सूरत बनने दी गई, समय रहते अगर मजदूर और उनके परिवारों को हटा दिया जाता। तो पिता और उसकी मासूम बेटी की मौत न होती। इस लापरवाही की पड़ताल करने के



लिए आवास विकास के अधिकारी पहुंचे। आवास विकास की तरफ से वीएन इन्फ्रा बिल्डर और उनके दो अवर अभियंताओं को नोटिस भेजा गया है। माना गया कि बिल्डर और मौके पर मौजूद ठेकेदार की लापरवाही से हादसा हुआ।

### अगर घर खाली कराते तो न होता हादसा

हादसे में जान गंवाने वाले मुकादम के पिता शब्बीर का आरोप है कि अंतरिक्ष अबरलि ग्रीन अपार्टमेंट के निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के के लिए रोड किनारे अस्थायी रूप से झोपड़ी बनाई गई थी। जिसमें 15 के करीब परिवार रहते थे। बगल में अंडरग्राउंड पार्किंग के लिए खुदाई शुरू करा दी, लेकिन मजदूरों के रहने की दूसरी जगह व्यवस्था नहीं की। जिससे लोग मौत के मुंह में सोने को मजबूर थे।

इस हादसे के बाद अचानक आवास विकास के अफसर भी नींद से जागे हैं। अब वृन्दावन और अवध विहार के सभी निर्माणों की जांच शुरू कर दी गई है। अंतरिक्ष अपार्टमेंट वृन्दावन योजना के सेक्टर 11 में तैयार किया जा रहा था। ये हादसा गुरुवार रात 11 बजे हुआ था। जिसके बाद 5 घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन चला। 12 दबे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया था।

## प्राइवेट कर्मचारी से 2.5 लाख की ठगी

मुरादाबाद। मुरादाबाद में साइबर ठगों ने एक कंपनी कर्मचारी के बैंक अकाउंट से एटीएम कार्ड बदलकर 2.5 लाख रुपए निकाल लिये। घटना 3 सितंबर की है। पीड़ित तभी से थाने और सर्विलांस सेल के चक्कर लगा रहा है। पाकबड़ा थाने से उसे सर्विलांस सेल भेज दिया गया, सर्विलांस सेल से थाने में जाकर रिपोर्ट लिखाने को कहा गया। पुलिस चाहती तो संबंधित एटीएम बूथ के सीसीटीवी फुटेज चेक करके आसानी से एटीएम कार्ड बदलने वाले ठगों का पता लगा सकती थी। घटना 3 सितंबर को थाना पाकबड़ा के सामने एचडीएफसी बैंक की है। संभल जिले में ऐचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र में पेली गांव के निवासी नेमचंद्र गाजियाबाद में एक कंपनी में जॉब करते हैं। नेमचंद्र ने बताया कि वो किसी काम से अपने गांव आए थे। 3 सितंबर को उन्हें कुछ सामान लेना था इसलिए पाकबड़ा आए थे। पाकबड़ा में एटीएम से रुपये निकाल रहे थे। उन्हें कुछ दिक्कत आई तो एटीएम बूथ पर पहले से खड़े दो युवकों ने मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड ले लिया। इसके बाद उन्होंने कुछ देर रुपये निकालने की कोशिश का नाटक किया और इसी दौरान एटीएम कार्ड बदल लिया। थोड़ी देर बाद युवकों ने कहा कि आपका कार्ड काम नहीं कर रहा। इसके बाद नेमचंद्र अपने गांव चले गए। उसी दिन उनके मोबाइल पर रुपये निकाले जाने का मैसेज आया।

## लखीमपुर में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**गोला गोकर्ण नाथ।** लखीमपुर खीरी के बिजुआ क्षेत्र में कटान से पीड़ित परिवार में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शारदा नदी के तेज उफान के बाद पीड़ित परिवार का मकान नदी में कट गया था, जिसके बाद परिवार एक पंचायत भवन में रहता था। दूसरी ओर पति हार्ट की बीमारी से जूझ रहा है, जिसका लखनऊ में इलाज चल रहा था। पति के मुताबिक, पत्नी कुछ दिनों से तनाव में रहती थी। जिसके बाद शुक्रवार की शाम को उसने यह कदम उठा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामाभर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीसीटीवी कैमरे वाले रूम को लॉक करा दिया है। महिला का नाम संगीता देवी (39) पत्नी मंगाराम यादव था जो कि गांव चकपुरवा की निवासी थी। घटना शुक्रवार रात करीब 8 बजे की है। मृतक महिला के पति मंगाराम ने बताया कि उनका घर चकपुरवा गांव में था।

# डीडीओ ऑफिस का बाबू रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

## जिला विकास अधिकारी पर भी रिश्वत मांगने के आरोप, भुगतान की एवज में 30 हजार की थी मांग

शामली। शामली के जिला विकास कार्यालय में एक लिपिक को सहारनपुर एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ रिश्वत लेते किया गिरफ्तार। पकड़ा गया आरोपी ठेकेदार की गाड़ी का सरकारी भुगतान न करने के मामले में रिश्वत मांग रहा था। एंटी करप्शन टीम ने जनपद की सदर कोतवाली पुलिस



को सौंपा। एंटी करप्शन टीम ने खुद आरोपी को कोतवाली पुलिस को सौंप और मुकदमा पंजीकृत कराकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की। आपको बता दें कि पूरा मामला शामली जनपद के विकास भवन कार्यालय का है। जहां पर घड़ी बुक का थाना क्षेत्र के गांव भैंसवन निवासी अश्वनी पुत्र पप्पू की गाड़ी ठेकेदारी के अंतर्गत भवन एनआरएम में लगी हुई थी, जिसे पिछले करीब मार्च महीने से गाड़ी का सरकारी भुगतान पेंडिंग में था, जिसका करीब 1लाख 42 हजार रु 500 बकाया था। जिसमें अश्वनी से गाड़ी क्या भुगतान करने को लेकर 30 पर्सेंट कमीशन मांगा गया। जिसमें उसमें बताया कि वीडियो और उनके बाबू अक्षय से उनकी कई बार बात हुई है।

## शार्ट न्यूज

### एलन मस्क की दो कंपनियों में किराए के भुगतान को लेकर तनातनी

सैन फ्रांसिस्को। एलन मस्क एक और मुसीबत में फंस गए हैं। उनकी एक कंपनी ने दूसरी पर सबलीज समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इसी को लेकर, सैन फ्रांसिस्को सुपीरियर कोर्ट में मुकदमा दायर कराया गया है। दरअसल, एलन मस्क की एक्स कॉर्प, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, ने वित्तीय सेवा कंपनी एटलस एक्सप्लोरेशन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। इसमें कथित तौर पर पिछले बकाया किराए और अन्य शुल्कों को लेकर 713,500 डॉलर से अधिक की मांग की गई है। मुकदमा सैन फ्रांसिस्को सुपीरियर कोर्ट में दायर किया गया है और एटलस पर उनके सबलीज समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। बता दें, एटलस को पहले प्वांइट अप इंक के नाम से जाना जाता था। यह कंपनी किसी विशेष व्यक्ति को आमंत्रित करती है, जो खास भोजन और यात्रा का लाभ ले सकता है। एटलस और एक्स ने सैन फ्रांसिस्को के वित्तीय जिले में 650 कैलिफोर्निया स्ट्रीट पर कार्यालय स्थान के लिए एक सबलीज समझौता किया था। एक्स के अनुसार, एटलस ने समझौते को जल्दी समाप्त करने का प्रयास किया। एक्स का दावा है कि एटलस पर पिछले वर्ष के सितंबर से नवंबर तक का किराया 340,263 डॉलर से अधिक का बकाया है।

### कर्ज लेकर जमकर खरीदारी कर रहे लोग पर्सनल लोन में 30.8 फीसदी का उछाल

**मुंबई।** त्योहारी सीजन आने से पहले लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। आरबीआई के आंकड़े बताते हैं कि अगस्त में पर्सनल लोन 30.8 प्रतिशत बढ़कर 47.70 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। अगस्त, 2022 में यह 36.47 लाख करोड़ रुपये था। अप्रैल, 2023 से अगस्त, 2023 के बीच पर्सनल लोन 40.85 लाख करोड़ से 16.8 प्रतिशत बढ़कर 47.70 लाख करोड़ रुपये हो गया है। एक साल पहले इसी अवधि में 7 प्रतिशत की बढ़त रही थी। आंकड़ों के मुताबिक, कंज्यूमर ड्यूरेबल को छोड़कर फिक्स्ड डिपॉजिट और शेयर, बांड आदि के एवज में लोग तेजी से कर्ज ले रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा कर्ज हाउसिंग में गया है जो 24.56 लाख करोड़ रुपये रहा है। क्रेडिट कार्ड से लिया जाने वाला कर्ज 30 प्रतिशत बढ़ा है जो एक साल पहले 26.8 प्रतिशत बढ़ा था। शिक्षा के क्षेत्र में कर्ज 11 प्रतिशत की तुलना में 20 प्रतिशत बढ़ा है। वाहन लोन और गहनों को गिरवी रखकर कर्ज लेने की रफ्तार सालाना आधार पर 20.6 प्रतिशत और 22.1 प्रतिशत बढ़ी है। एक साल पहले इसमें 19.5 और 9.2 प्रतिशत की तेजी आई थी।

### लखनऊ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद्द

मुंबई। पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाओं की कमी के चलते भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लखनऊ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया। आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के सहकारिता आयुक्त और रजिस्ट्रार से भी बैंक को बंद करने और सहकारी बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है। बैंक के बंद होने पर प्रत्येक जमाकर्ता जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से पांच लाख रुपये की मौद्रिक सीमा तक अपनी जमा राशि के एवज में प्राप्ति का हकदार होगा। उसे यह राशि बीमा दावा राशि के रूप में प्राप्त होगी। बैंक की ओर से प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, 99.53 प्रतिशत जमाकर्ता डीआईसीजीसी से अपनी जमा राशि की पूरी राशि प्राप्त करने के हकदार हैं। आरबीआई ने कहा, लखनऊ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक अपने वर्तमान जमाकर्ताओं को पूरा भुगतान करने में असमर्थ है।

### सरकार ने चुनावी बॉन्ड की 28वीं किस्त को दी मंजूरी, चार अक्तूबर से शुरू होगी बिक्री

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को चुनावी बॉन्ड की 28वीं किस्त जारी करने को मंजूरी दे दी। यह फैसला राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनावों से पहले आया है। चुनाव की तारीखों की घोषणा जल्द होने की संभावना है। राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले नकद चंदे के विकल्प के तौर पर चुनावी बॉन्ड को पेश किया गया है। बयान में कहा गया है, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को बिक्री के 28वें चरण में अपनी 29 अधिकृत शाखाओं के माध्यम से चुनावी बॉन्ड जारी करने और भुनाने के लिए अधिकृत किया गया है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यह 4-13 अक्टूबर के बीच उपलब्ध रहेगा। चुनावी बॉन्ड के पहले बैच की बिक्री मार्च 2018 में हुई थी। एसबीआई की अधिकृत शाखाओं में बेंगलुरु, लखनऊ, शिमला, देहरादून, कोलकाता, गुवाहाटी, चेन्नई, पटना, नई दिल्ली, चंडीगढ़, श्रीनगर, गांधीनगर, भोपाल, रायपुर और मुंबई शामिल हैं। चुनावी बॉन्ड जारी करने के लिए एसबीआई एकमात्र अधिकृत बैंक है।

### रूस से सस्ता तेल लेने के लिए मोल भाव पर उतरा पड़ोसी, 60 डॉलर प्रति बैरल का कैप लगाने की कर रहा मांग

नई दिल्ली। नकदी संकट से जूझ रहा पाकिस्तान रूस से तेल आयात में छूट की मांग कर रहा है और उसने रूस से 60 डॉलर प्रति बैरल की कीमत सीमा के भीतर रहते हुए दीर्घकालिक तेल समझौता करने का आग्रह किया है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है। एजेंसी की खबर के अनुसार पाकिस्तान, जो वर्तमान में उच्च विदेशी ऋण और कमजोर स्थानीय मुद्रा से जूझ रहा है, उम्मीद कर रहा है कि रूस से रियायती दरों पर कच्चे तेल हासिल होने से देश में तेल की कीमतें स्थिर हो जाएंगी। उन्होंने कहा, पाकिस्तान चाहता था कि रूस दीर्घकालिक आधार पर कच्चे तेल के आयात के लिए बंदरगाह पर ली जाने वाली वास्तविक कीमत 60 डॉलर प्रति बैरल का बेंचमार्क तय करे। इसका मतलब है कि रूस पाकिस्तान को निर्यात किए जाने वाले तेल के लिए माल ढुलाई लागत भी वहन करेगा। इस साल जून में, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घोषणा की थी कि रियायती रूसी कच्चे तेल की पहली खेप बंदरगाह शहर कराची पहुंच गई है।

# दो हज़ार रुपए के नोट जमा करने की अवधि बढ़ी

## लोगों से इन नोटों को सात अक्टूबर 2023 तक जमा कराने या बदलने की अपील की गई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रचलन से वापस लिए गए दो हज़ार रुपए के 14 हजार करोड़ मूल्य के बैंक नोट के जमा नहीं कराये जाने के मद्देनजर इस नोट को जमा करने या बदलने की अवधि सात दिन बढ़ाकर सात अक्टूबर 2023 कर दी है।



रिजर्व बैंक ने कहा कि दो हजार रूपए के बैंक नोट को जमा कराने या बदलने की शनिवार को अंतिम तिथि थी लेकिन कल तक 14 हजार करोड़ मूल्य के बैंक नोट न तो जमा किए गए और न ही बदले गए। इसके मद्देनजर तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। दो हज़ार रुपए के बैंक नोट वैद्य मुद्रा बनी रहेगी और आठ अक्टूबर से इन नोटों को जमा कराने या बदलने के लिय इनको रिजर्व बैंक की 19 क्षेत्रीय शाखाओं में जाना होगा।

उसने कहा कि 29 मई 2023 को जब दो हजार रुपए के बैंक नोट को प्रचलन से वापस लिया गया था तब 3.56 लाख करोड़ रुपए मूल्य के बैंक नोट प्रचलन में थे। आज यानी 30 सितंबर तक इन नोटों को जमा कराने या बदलने की तिथि दी गई थी। गत 29 सितंबर तक 3.42 लाख करोड़ रुपए के नोट ही जमा कराए गए या बदले गए जो प्रचलित नोट का 96 प्रतिशत है। अभी भी चार प्रतिशत नोट प्रचलन में है।

उसने कहा कि लोगों से इन नोटों को सात अक्टूबर 2023 तक जमा कराने या बदलने की अपील की गई है। इसके बाद न तो ये नोट बदले जाएंगे या जमा लिय जायेंगे।

चूंकि निकासी प्रक्रिया के लिए निर्दिष्ट अवधि समाप्त हो गई है और एक समीक्षा के आधार पर दो हज़र रुपए के बैंक नोटों को जमा या विनिमय करने की वर्तमान व्यवस्था को सात अक्टूबर, 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। आठ अक्टूबर से प्रभावी दो हज़ार रुपए के बैंक नोटों को जमा या विनिमय करने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी।

बैंक शाखाओं में जमा या विनिमय बंद कर दिया जाएगा। व्यक्तियों या संस्थाओं द्वारा 19 आरबीआई निर्गम कार्यालयों में एक बार में 20,000 रुपए की सीमा तक दो हज़ार रुपए के बैंक नोटों का आदान-प्रदान जारी रखा जा सकता है।

व्यक्ति या संस्थाएं भारत में अपने बैंक खातों में किसी भी राशि के क्रेडिट के लिए 19 आरबीआई निर्गम कार्यालयों में दो हज़ार रुपए के बैंक नोट जमा कर सकते हैं। देश के भीतर से व्यक्ति या संस्थाएं भारत में अपने बैंक खातों में क्रेडिट के लिए आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालयों में से किसी को संबोधित करते हुए डाक के माध्यम से दो हज़ार रुपए के बैंक नोट भी भेज सकते हैं।

ऐसा विनिमय या क्रेडिट प्रासंगिक आरबीआई या सरकारी नियमों, वैध पहचान दस्तावेजों की प्रस्तुति और आरबीआई द्वारा उचित समझे जाने वाले उचित परिश्रम के अधीन होगा। अदालतें, कानून प्रवर्तन एजेंसियां, सरकारी विभाग या जांच कार्यवाही या प्रवर्तन में शामिल कोई भी अन्य सार्वजनिक प्राधिकरण, आवश्यकता पड़ने पर, बिना किसी सीमा के 19 आरबीआई निर्गम कार्यालयों में से किसी में भी दो हज़ार रुपए के बैंकनोट जमा या विनिमय कर सकता है। आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालयों में दो हज़ार रुपए के बैंक नोटों को जमा या विनिमय करने की उपरोक्त सुविधा अगली सूचना तक उपलब्ध रहेगी।

## भारत-अर्जेंटीना ने सामाजिक सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली। भारत और अर्जेंटीना ने शुक्रवार को एक सामाजिक सुरक्षा समझौते (एसएसए) पर हस्ताक्षर किए। अर्जेंटीना के श्रम, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा मंत्री राकेल किस्मर डी ओल्मोस की उपस्थिति में अर्जेंटीना में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया और अर्जेंटीना के विदेश, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वरशिप मंत्री सैंटियागो कैफिएरो ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। अर्जेंटीना में भारतीय दूतावास की ओर से जारी बयान के अनुसार यह समझौता अस्थायी आधार पर दूसरे देश में काम करने वाले कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को किसी भी कमी, संशोधन, निलंबन या दमन की स्थिति में स्थानीय कानून के अनुसार सेवानिवृत्ति या पेंशन के लिए नकद भत्ता, किराया, सब्सिडी या एकमुश्त भुगतान जैसे अंशदायी लाभों के अधिकार प्रदान करता है। यह एयरलाइनों और जहाजों के चालक दल के सदस्यों सहित अलग-अलग श्रमिकों के संबंध में बीमा अवधि को विनियमित करने वाले कानूनी ढांचे की स्थापना करता है। भारत और अर्जेंटीना के बीच आर्थिक और वाणिज्यिक संबंध हाल के वर्षों में तेजी से बढ़े हैं। टीसीएस, इंफोसिस, क्रिसिल, बजाज मोटरसाइकिल, रॉयल एनफील्ड, हीरो मोटर्स, टीवीएस, ग्लेनमार्क और गोदरेज सहित कई भारतीय कंपनियों ने अर्जेंटीना में एक अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है। ग्लोबैंट और टेचिन सहित अर्जेंटीना की कंपनियों का भी भारत में बड़ा परिचालन है। अर्जेंटीना में भारतीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए लघु या दीर्घकालिक अवधि के लिए इंट्रा-कंपनी ट्रांसफर के तहत काम करने वाले भारतीय पेशेवरों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

अर्जेंटीना के ऐसे नागरिकों की संख्या भी बढ़ रही है जो भारत में रोजगार की तलाश कर रहे हैं। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, लोगों के बीच बढ़ते आदान-प्रदान ने उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक कानूनी ढांचे की आवश्यकता पैदा कर दी है। अर्जेंटीना में भारतीय दूतावास ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा समझौते पर विस्तृत लेकिन त्वरित बातचीत के बाद हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता दोनों देशों में सामाजिक सुरक्षा की दिशा में किए गए लाभों या योगदान के नुकसान के खिलाफ पेशेवरों और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा। यह पेशेवरों और श्रमिकों को अधिक सुविधा प्रदान करेगा।

## सीबीडीटी के चेयरमैन को नौ महीने का सेवा विस्तार

### यूआईडीएआई चीफ का कार्यकाल एक साल बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष नितिन गुप्ता का कार्यकाल शनिवार को अनुबंध के आधार पर नौ महीने के लिए बढ़ा दिया। आयकर विभाग के 1986 बैच के भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी गुप्ता (60) को पिछले साल जून में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) का प्रमुख नियुक्त किया गया था। वे 30 सितंबर को सेवानिवृत्त होने वाले थे। सरकार के आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने 1.10.2023 से 30.06.2024 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अनुबंध के आधार पर गुप्ता की सीबीडीटी अध्यक्ष के रूप में पुन: नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। सीबीडीटी आयकर विभाग के लिए नीति बनाने वाला शीर्ष निकाय है। इसमें एक अध्यक्ष और छह सदस्य हो सकते हैं जो विशेष सचिव स्तर के होते हैं। वरिष्ठ नौकरशाह अमित अग्रवाल को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में एक साल का सेवा विस्तार दिया गया है। अग्रवाल छत्तीसगढ़ कैडर के 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने यूआईडीएआई के सीईओ के रूप में अग्रवाल के कार्यकाल को दो नवंबर 2023 के बाद एक साल की अवधि के लिए यानी दो नवंबर 2024 तक बढ़ाने को मंजूरी दे दी है।

## अरोमा मिशन देश के कई उद्योगों के लिए एक पवित्र अभियान

भारत के माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में, अरोमा मिशन देश के कई उद्योगों के लिए एक पवित्र अभियान बन गया है। सुगंध उद्योग के मूल में स्थित एसेंशियल ऑयल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ईओएआई) किसानों के उत्थान और राष्ट्रीय मिशन में अत्यधिक मूल्य जोड़ने के लिए ऊपर से नीचे तक काम कर रहा है। फरवरी 2024 में 08-09-10 फरवरी को भारत की दक्षिणी राजधानी चेन्नई में आयोजित होने वाले वर्ल्ड अरोमा इंग्रीडिएंट्स कांग्रेस और एक्सपो, 2024 के साथ, ईओएआई गर्व से 25वें द्वि-वार्षिक कार्यक्रम की घोषणा करता है।

केंद्रीय मंत्री बी.एल.वर्मा ने ईओएआई के द्वि-वार्षिक कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के अवसर पर भाग लिया। मीडिया को दिए अपने बयान में उन्होंने कहा कि यह एक्सपो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 5 ट्रिलियन भारतीय अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।




ईओएआई की स्थापना 1956 में कानपुर में हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी में की गई थी, जो बाद में 1992 में एनसीआर में चली गई और अंतत: 2012 में नोएडा में अपनी उपस्थिति मजबूत की। ईओएआई किसानों, वैज्ञानिकों और सुगंध उद्यमियों के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है, जो स्वाद और सुगंध उद्योग को पूरा करता है। वैश्विक स्तर. EOAI के वर्तमान अध्यक्ष- श्री. संजय वार्ष्णेय ने बताया, सिल्वर जुबली कार्यक्रम की थीम भारत- आवश्यक तेलों, सुगंधों और स्वादों का वैश्विक केंद्र होगी। वार्ष्णेय का यह भी अनुमान है कि इस कार्यक्रम में 1200 से अधिक भारतीय और 300 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग लेंगे।

ईओएआई के सचिव प्रदीप जैन ने कहा, यह आयोजन भारत को मानव और फसल संसाधनों के लिए एक केंद्रीय भंडार बनाने पर केंद्रित है। उन्होंने उल्लेख किया कि भारतीय व्यवसाय दुनिया को 7500 करोड़ रुपये से अधिक के आवश्यक तेल, सुगंध और स्वाद का निर्यात करते हैं। भारत में इस अरोमा इंडस्ट्री की कुल कीमत 50000 करोड़ रुपये है।

सुनीत गोयल को आयोजन का अध्यक्ष माना गया और वह सफलता की जिम्मेदारी संभालेंगे।

किसान भारतीय अर्थव्यवस्था के मूल में हैं और ईओएआई मेक इन इंडिया को एक समग्र सफलता की कहानी बनाने के लिए उद्योग के व्यापार मालिकों और ऐसे किसानों को एक साथ लाता है। घरेलू स्तर पर लगाए गए कई नए सुगंधित पौधों और फसलों के साथ, नए उत्पाद अब भारत से वैश्विक खरीदारों के लिए उपलब्ध हैं। इसके अलावा, अधिकांश सुगंध उद्यम सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम (एमएसएमई) का हिस्सा हैं, जिन्हें भारत सरकार के वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा समर्थित किया जा रहा है, जिससे प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलता है।

## शक्कर में खरीदी, खाद्य तेलों में गिरावट, दलहन- दाल में मंदी

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी से भाव मजबूत रहे। खाद्य तेलों में सोयाबीन रिफाइंड सस्ता होकर बिका। तिलहनों में खरीदी बताई गई। संयोगिता गंज अनाज मंडी में दलहन तथा दाल में लिवाली से सुस्ती से भाव कमी हुई। चावल में कामकाज सामान्यवत बताया गया।

### किराना बाजार

शक्कर में मांग बताई गई। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। हल्दी तथा खोपरा बूरा लिवाली से मजबूती लिए रहा। साबूदाना में लिवाली साधारण रही।

### तेल-तिलहन

मांग कमी से खाद्य तेल नरमी लिए रहे। सोयाबीन रिफाइंड सस्ता होकर बिका। तिलहनों में उठाव से मंदी का अभाव रहा।

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में आज दलहनों ? में उठाव सुस्ती से नरमी हुई। दालों में लिवाली घटने से मंदा दर्ज किया गया। चावल में खरीदी रही इससे भाव स्थिर ? बताए गए।

### किराना

शक्कर 3960 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल।

खोपरा गोला 105 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2200 से 3450 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 150 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 7200 से 8100, पैकिंग में 8400 से 8600 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6300 से 6400, सोयाबीन 3500 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल इंदौर 1780 से 1800, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 870 से 875, साल्वेंट 830 से 835, पाम तेल 870 से 875 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 6300 से 6350, चना विशाल 6200 से 6250, मसूर 6250 से 6300, तुअर निमाड़ी 9500 से 11300, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11400 से 11600, तुअर (कर्नाटक) 11700 से 11900, मूंग 8800 से 9700, मूंग हल्की 7500 से 8300, उड़द 9000 से 9200, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 8100 से 8600, तुअर दाल सवा नंबर 14400 से 14500, तुअर दाल फूल 14900 से 15100, तुअर दाल बोल्ड 16000 से 16500, आयातित तुअर दाल 13500 से 13600, मसूर दाल 7750 से 8050, मूंग दाल 10700 से 11000, मूंग मोगर 11500 से 11800, उड़द दाल 10600 से 10800, उड़द मोगर 11100 से 11400 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 9500 से 10000, दुबार 8500 से 9000, मिनी दुबार 7500 से 8000, मोगरा 4200 से 6500, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1640 से 1650, मैदा 1570 से 1580, आटा 1530 से 1540, चना बेसन 4200 से 4250 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

## चुनावी बॉन्ड वैध रिश्वत की तरह

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने चुनावी बॉन्ड पर सरकार को घेरा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को चुनावी बॉन्ड को वैध रिश्वत करार दिया और दावा किया कि चार अक्टूबर को जब इसकी नई किस्त खुलेगी तो यह भाजपा के लिए सुनहरी फसल साबित होगी। बता दें कि सरकार ने शुक्रवार को चुनावी बॉन्ड की 28वीं किस्त जारी करने को मंजूरी दे दी, यह 4 अक्टूबर से 10 दिनों के लिए बिक्री के लिए खुलेगा। यह फैसला राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनावों से पहले आया है। इन राज्यों में चुनाव की तारीखों की घोषणा जल्द ही किए जाने की उम्मीद है। चिदंबरम ने चार अक्तूबर से खुल रहे चुनावी बॉन्ड की 28वीं किस्त के बारे में ट्विटर पर कहा, यह भाजपा के लिए स्वर्णिम फसल साबित होगी। पिछले रिकॉर्ड को देखें तो तथाकथित गुमनाम चंदे का 90 प्रतिशत भाजपा को जाएगा। क्रोनी कैपिटलिस्ट दिल्ली में भगवान और मालिक को अपनी श्रद्धा भेजने के लिए अपनी चेकबुक खोलेंगे। चिदंबरम ने कहा कि चुनावी बॉन्ड रिश्वतखोरी को वैध बना चुका है। राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले नकद चंदे के विकल्प के तौर पर चुनावी बॉन्ड को पेश किया गया है। चुनावी बॉन्ड के पहले बैच की बिक्री मार्च 2018 में हुई थी। चुनावी बॉन्ड जारी करने के लिए सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक को अधिकृत किया गया है। चुनावी बॉन्ड भारतीय नागरिकों या देश में निगमित या स्थापित संस्थाओं द्वारा खरीदे जा सकते हैं। जिन पंजीकृत राजनीतिक दलों ने पिछले लोकसभा या विधानसभा चुनावों में मतदान का एक प्रतिशत से अधिक वोट हासिल किया है, वे चुनावी बॉन्ड के माध्यम से धन प्राप्त करने के पात्र हैं। कांग्रेस ने बीते मंगलवार को आरोप लगाया था कि चुनावी बॉन्ड योजना नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से उठाए गए नकारात्मक कदमों में से एक है क्योंकि यह देश में चुनाव प्रणाली और लोकतंत्र को कमजोर करती है।

## जनवरी में 51 फीसदी तक बढ़ सकता है डीए, सूचकांक में राजस्थान में घटी महंगाई, तो ओड़िशा में बढ़ी

जनवरी 2023 में अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) 132.8 था। फरवरी में 132.7 रहा। मार्च में 133.3 हो गया। अप्रैल में 134.2 पर पहुंच गया। मई में 134.7 रहा। जून में छलांग लगाकर सीपीआई-आईडब्ल्यू 136.4 पर पहुंच गया। जनवरी से केंद्रीय कर्मियों के डीए में चार फीसदी की बढ़ोतरी हो गई। डीए की दर 42 फीसदी पर पहुंच गई। अब केंद्रीय कर्मियों को उम्मीद है कि अगले साल जनवरी में उनका डीए 51 फीसदी तक बढ़ सकता है। हालांकि अभी तक जुलाई से बढ़ने वाले डीए की घोषणा नहीं की गई है। कर्मियों का कहना है कि इसमें भी चार फीसदी की बढ़ोतरी होगी। इसके बाद डीए 46 फीसदी हो जाएगा। अगले साल जनवरी में सरकार इसे पांच फीसदी तक कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो कर्मियों की सेलरी रिवाइज होगी। कई तरह के भत्तों में भी 25 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो जाएगी। जुलाई 2023 में सीपीआई-आईडब्ल्यू 139.7 पर रहा था। अगस्त में वह 139.2 अंकों पर संकलित हुआ। सितंबर, अक्तूबर, नवंबर और दिसंबर में सीपीआई-आईडब्ल्यू 140.2 रह सकता है। ऐसे में उन्हें जनवरी 2024 में पांच फीसदी डीए मिल सकता है। अगर ऐसा होता है तो सरकार को आठवां पे कमीशन गठित करना होगा।

### अगस्त में 139.2 पर रहा सीपीआई-आईडब्ल्यू

श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय से संबंधित कार्यालय द्वारा हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए मूल्य सूचकांक का संकलन सम्पूर्ण देश में फैले हुए 88 महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्रों के 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा मूल्यों के आधार पर किया जाता है। सूचकांक का संकलन 88 औद्योगिक केंद्रों एवं अखिल भारत के लिए किया जाता है। यह संकलन, आगामी महीने के अंतिम कार्यदिवस पर जारी होता है।

अगस्त 2023 के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) 0.5 अंक घटकर 139.2 अंकों के स्तर पर संकलित हुआ है। सूचकांक में पिछले माह की तुलना में 0.36 फीसदी की कमी रही। एक वर्ष पूर्व इन्हीं दो महीनों के बीच 0.23 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम शनिवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 90.77 डॉलर प्रति बैरल आ गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड भी गिरकर 92.20 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## आज से टीसीएस, डीमैट और जन्म प्रमाण पत्र से जुड़े नियम बदलेंगे

**नई दिल्ली।** अक्टूबर महीने की शुरुआत के साथ ही हम एक नई तिमाही में प्रवेश कर रहे हैं। नई तिमाही की शुरुआत के साथ 1 अक्टूबर 2023 से कई नए नियम बदल रहे हैं। ये नियम हम सभी को प्रभावित करने वाले हैं। ऐसे में उनकी जानकारी जरूरी है।

### म्यूचुअल फंड नामिनेशन

म्यूचुअल फंड खातों में नॉमिनी जोड़ने की आखिरी तारीख 30 सितंबर 2023 की तय की गई थी। ऐसे में एक अक्तूबर से जिन खातों में नॉमिनी नहीं जोड़ा जाएगा उन्हें डेबिट फ्रीज किया जा सकता है।

### टीसीएस से जुड़े नए नियम

क्रेडिट कार्ड पर 7 लाख रुपये से अधिक के विदेशी खर्च पर एक अक्तूबर से 20 प्रतिशत टीसीएस लगेगा। हालांकि, अगर इस तरह का खर्च चिकित्सा या शैक्षिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है, तो टीसीएस पांच प्रतिशत ही लगाया जाएगा। विदेशों में शिक्षा के लिए ऋण लेने वालों के लिए सात लाख रुपये की सीमा से ऊपर 0.5 प्रतिशत की दर से टीसीएस देना होगा।

### डीमैट अकाउंट में नॉमिनेशन

डीमैट अकाउंट में नॉमिनी जोड़ने की आखिरी तारीख भी 30 सितंबर 2023 को समाप्त हो रही है। ऐसे में जिन लोगों ने अब तक अपना डीमैट खातों में नॉमिनी का नाम नहीं जोड़ा है उन्हें एक अक्तूबर से परेशानी हो सकती है

### लघु बचत खातों के लिए पैन-आधार

पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (पीपीएफ), सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई), पोस्ट ऑफिस डिपॉजिट और अन्य छोटी बचत योजनाओं के निवेशकों को सितंबर महीने के अंत तक पोस्ट ऑफिस या बैंक ब्रांच में अपना आधार नंबर और पैन नंबर जमा करना होगा। ऐसा करने से चूकने से उनके लघु बचत निवेश को फ्रीज किया जा सकता है। पीपीएफ, एसएसवाई, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) जैसी छोटी बचत योजनाओं में निवेश करने के लिए पैन और आधार नंबर अनिवार्य है। वित्त मंत्रालय ने 31 मार्च 2023 को इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की थी।

### बैंक शाखाओं पर सात अक्तूबर के बाद नहीं बदले जाएंगे 2000 के नोट

30 नवंबर 2023 तक ही ?2000 के नोट भी बदले जानें थे ऐसे में एक अक्तूबर से इन नोटों को रखने वालों को परेशानी हो सकती थी। हालांकि अब आरबीआई ने 2000 के नोट बदलने की आखिरी तारीख बढाकर सात अक्तूबर कर दी है। सात अक्तूबर के बाद रुपये के नोटों को बदलने के लिए सीधे आरबीआई का ही रुख करना होगा क्योंकि स्थानीय बैंकों में इसके बदलने की समयसीमा खत्म हो जाएगी।

### जन्म प्रमाण पत्र जरूरी

एक अक्तूबर से जन्म प्रमाणपत्र कई बातों को प्रमाणित करने के लिए एक एकल दस्तावेज होगा। नए नियमों के मुताबिक, जन्म और मृत्यु का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया गया है। 1 अक्टूबर से जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2023 लागू हो रहा है। इस नियम के तहत जन्म और मृत्यु के लिए निबंधन करवाना अनिवार्य हो जाएगा। इसे लेकर गृह मंत्रालय ने 13 सितंबर को अधिसूचना जारी की थी।

## शार्ट न्यूज

### सेना, जम्मू पर्यटन, लीफ मंकी हाइकिंग क्लब के ट्रैकिंग अभियान का समापन

जम्मू। जम्मू कश्मीर में सेना ने राज्य पर्यटन निदेशालय और लीफ मंकी हाइकिंग क्लब के सहयोग से शनिवार को रामबन जिले के पीर पंजाल रेंज पर तीन दिवसीय ट्रैकिंग अभियान सफलतापूर्वक संपन्न किया। अभियान में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से सोलह ट्रैकरों ने भाग लिया। जम्मू-कश्मीर सरकार के प्रतिनिधि, स्कूली बच्चे और निवासी सफल टीम का स्वागत करने और कार्यक्रम में आकर्षण जोड़ने के लिए सरकारी डिग्री कॉलेज उखराल में एकत्र हुए। ट्रेकर्स ने 2300 मीटर से लेकर 4000 मीटर तक की ऊंचाई में बदलाव के साथ 19 किलोमीटर की दूरी तय की। ट्रेकर टीम ने रामबन जिले में पीर पंजाल रेंज पर दूसरी सबसे ऊंची चोटी (हंसराज टॉप) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की, जबकि ट्रेक को पोगल के पहाड़ी क्षेत्र में लोगों द्वारा गर्मजोशी से समर्थन और प्रोत्साहित किया गया। ट्रेकरों ने सुरम्य पोगल घाटी और अज्ञात घास के मैदानों, झीलों, झरनों और राजसी पीर पंजाल पर्वतमाला की दांतेदार चोटियों को पार किया। प्रतिभागियों ने देशभक्ति, महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार का प्रदर्शन करने के लिए निवासी युवाओं के साथ बातचीत भी की। समापन समारोह पर एसडीएम रामसू, घनश्याम बसोत्रा ने प्रतिभागियों और मीडिया को सम्मानित किया।

### ओडिशा ने सब जूनियर वर्ग का खिताब जीता

नई दिल्ली। हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने शनिवार को पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर ईस्ट जोन चैंपियनशिप में सब जूनियर पुरुष और महिला वर्ग में खिताब जीता। ओडिशा ने हॉकी झारखंड को 2-1 से हराकर पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला ईस्ट जोन चैंपियनशिप का फाइनल जीत लिया। ओडिशा के लिए द्रुपति नाइक (39) और अंजना ज़ाक्सा (37) ने गोल दागे जबकि आइंद नेहा (57) ने हॉकी झारखंड के लिए एकमात्र गोल किया। इस बीच, सब जूनियर महिला वर्ग के तीसरे/चौथे स्थान के मैच में मणिपुर हॉकी ने हॉकी बिहार को 3-1 से हराया। मणिपुर हॉकी के लिए, सेराम हेनथोई चानू (3), कप्तान प्रिंजा देवी मोइरांगथेम (6) और जेरिना चोंगथम (47) ने गोल किए। हॉकी बिहार की ओर से एकमात्र गोल बिजली कुमारी (30) ने किया। सब जूनियर महिला वर्ग के ग्रुप चरण में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा पांच मैचों में से चार जीत और 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रही, जबकि हॉकी झारखंड पांच मैचों में से चार जीत और 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही।

### अरुण जेटली स्टेडियम में एयरटेल नेटवर्क की लाइव स्ट्रीमिंग सबसे अच्छी: रिपोर्ट

नयी दिल्ली। एयरटेल ने ओपनसिग्नल की एक रिपोर्ट के हवाले से कहा है कि उसने खासकर 5जी नेटवर्क पर दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में वॉइस एप्स के साथ, मोबाइल लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग में सर्वश्रेष्ठ अनुभव दिया है। एयरटेल की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में ओपनसिग्नल की रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि आबादी के हिसाब से भारत के 40 सबसे बड़े शहरों में मोबाइल लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग और 5जी लाइव वीडियो के अनुभव के मामले में एयरटेल का प्रदर्शन सबसे अच्छा दिखा है। विज्ञप्ति के अनुसार स्टेडियमों में मोबाइल स्पीड को लेकर एयरटेल ने डाउनलोड की गति कुल 30.5 एमबीपीएस की रही, जबकि इसके 5जी डाउनलोड की स्पीड 274.5 एमबीपीएस रही। विज्ञप्ति के अनुसार एयरटेल ने कुल और 5जी अपलोड स्पीड में क्रमश: 6.6 एमबीपीएस और 26.3 एमबीपीएस के साथ सबसे अच्छा अनुभव दिया। ओपनसिग्नल की रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि भारती एयरटेल के नेतटवर्क की सेवाए ले रहे लोग इस समय इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) वर्ल्ड कप 2023 के स्टेडियमों में सबसे अच्छे नेटवर्क अनुभव और अपलोड आनंद उठा रहे हैं।

### मनोबल के साथ उतरेगी भारतीय टीम

हांगझोउ। लगातार दो मैचों में एकतरफा जीत हासिल करने वाली भारतीय महिला टीम एक अक्टूबर को एशियाई खेलों में बढ़े हुये मनोबल के साथ मजबूत कोरिया के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत ने अपने शुरुआती गेम में सिंगापुर के खिलाफ 13-0 की शानदार जीत के साथ अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया, इसके बाद शुक्रवार को मलेशिया पर 6-0 की शानदार जीत दर्ज की। इन जीतों ने भारतीयों की फॉर्म और स्वर्ण पदक जीतने के उनके दृढ़ संकल्प को उजागर किया। दूसरी ओर, कोरिया भी शानदार फॉर्म में है, उसने सिंगापुर के खिलाफ 4-0 से जीत दर्ज की है और अपने पिछले मैचों में हांगकांग पर 7-0 की शानदार जीत दर्ज की है। दोनों टीमों के बीच खेले गए 19 मैचों में 11 जीत के साथ कोरिया का पलड़ा भारी है। भारत ने छह जीत हासिल की हैं, और दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। यह इतिहास आगामी मुकाबले में एक दिलचस्प आयाम जोड़ता है, जिसमें भारत अपने कोरियाई समकक्षों के खिलाफ अपने रिकॉर्ड में सुधार करने के लिए उत्सुक है। भारतीय कप्तान सविता ने आगामी चुनौती को लेकर कहा कोरिया का सामना हमेशा एक कठिन लड़ाई होती है, और इतिहास बताता है कि उनका पलड़ा भारी रहा है।

### मोदी ने एयर पिस्टल मिश्रित टीम को दी बधाई



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हांगझोउ एशियाई खेल में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, एशियाई खेलों 2022 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने के लिए सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस पर गर्व है। उन्होंने कहा, मैं उनकी उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई देता हूं। उनकी प्रतिभा, समर्पण और टीम वर्क सराहनीय है और भारत के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। गौरतलब है कि भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस ने शनिवार को यहां एशियाई खेलों 2023 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम शूटिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय जोड़ी स्वर्ण पदक मैच में चीन के बोवेन झांग और रैनक्सिन जियांग से 16-14 से हार गई। निशानेबाजी में यह भारत का 19वां पदक था। भारत अब तक छह स्वर्ण, आठ रजत और पांच कांस्य पदक जीत कर निशानेबाजी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चुका है।

### सुब्रतो कप सब-जूनियर बॉयज़ केटेगरी बेंगलुरु में

बेंगलुरु। सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के 62वें संस्करण के सब-जूनियर (अंडर 14) बालक वर्ग के मुकाबले रविवार को बेंगलुरु में शुरू होंगे। यह पहला मौका है जब देश के सबसे प्रतिष्ठित इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट की राष्ट्रीय चैंपियनशिप राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बाहर खेली जा रही है। ग्रुप चरण के मैच एयर फ़ोर्स स्कूल, जलाहल्ली, एयर फ़ोर्स स्कूल, येलहंका और एयर फ़ोर्स ट्रेनिंग कमांड में खेले जाएंगे। सभी नॉकआउट मैच आर्मी सर्विस कोर (एएससी) सेंटर में खेले जाएंगे। श्रेणी का पहला मैच एच.के. सिंह मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल, वेस्ट जैंतिया हिल्स, जोवाई, मेघालय और सैनिक स्कूल तिलैया, कोडरमा, झारखंड के बीच ग्रुप ए का मुकाबला होगा । यह मैच एयर फ़ो स्कूलर्स, जालाहल्ली में सुबह सात बजे से खेला जाएगा। ग्रुप चरण के मैचों में बांग्लादेश की एक टीम सहित ×7 टीमें प्रतिष्ठित खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। उन्हें आठ समूहों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रत्येक समूह के विजेता क्वार्टर फाइनल के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे।

# महान है सचिन, विराट की उनसे तुलना ठीक नहीं: मुरलीधरन

लखनऊ। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को क्रिकेट की दुनिया का अनूठा बल्लेबाज बताते हुये श्रीलंका के पूर्व करिश्मायी स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने कहा कि विराट कोहली की तुलना उनसे करना मुनासिब नहीं होगा।

अपनी फिल्म '800' के प्रमोशन के सिलसिले में यहां आये मुरलीधरन ने शनिवार को एक सवाल के जवाब में कहा विराट ही नहीं बल्कि दुनिया के किसी भी बल्लेबाज की तुलना सचिन से नहीं की जा सकती। वह महान बल्लेबाज रहे हैं। सचिन ने 14 वर्ष की उम्र में रणजी खेलना शुरू किया जबकि मात्र 16 वर्ष की आयु में उन्होने पाकिस्तान के खिलाफ खेल कर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण की उम्र में वकार युनूस जैसे गेंदबाजों का सामना किया। शतकों का शतक लगाने वाले सचिन जैसा प्रतिभाशाली बल्लेबाज सिर्फ एक बार जन्म लेता है। उन्होने कहा निसंदेह विराट कोहली एक बेहतरीन बल्लेबाज है मगर उनकी तुलना सचिन से करना बेमानी होगा। क्रिकेट के हर दौर में प्रतिभावान खिलाड़ी निकल कर सामने आते हैं मगर उनकी तुलना किसी अन्य से करना मुनासिब नहीं होगा।



पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे विश्वकप में भारत की संभावनाओ को बेहतर बताते हुये उन्होने कहा कि भारत को अपनी जमीन पर खेलने का फायदा होगा। रविचंद्रन अश्विन भारतीय टीम के लिये तुरूप का इक्का साबित होंगे। कोई फर्क नहीं पड़ता कि उन्हे टीम में अंतिम समय में शामिल किया गया। वह एक बेहतरीन गेंदबाज है जो बल्लेबाज के दिमाग को पढने की क्षमता रखता है और उसे कभी भी परेशानी में डाल सकता है।

उन्होने कहा कि भारतीय बल्लेबाज और गेंदबाज फार्म में हैं जिनका फायदा टीम को होगा, वैसे इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया की टीमें भी विश्व कप की मजबूत दावेदार हैं जो भारत को कड़ी टक्कर दे सकती हैं। पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश के खिलाड़ी भारतीय उपमहाद्वीप की कंडीशन से भलींभांति वाकिफ है और ये टीमें विश्वकप में चौंका सकती हैं।

मुरलीधरन ने अपने क्रिकेट करियर के अनुभव को साझा करते हुये कहा कि 1996 का विश्व कप उनके क्रिकेट करियर का सबसे यादगार लम्हा था जब उनके देश ने विश्वकप अपने नाम किया था। इस बीच श्रीलंका में गृहयुद्ध के हालात ने आम नागरिक की तरह उन्हे भी झकझोरा मगर यह जीवन की सच्चाई है।

श्रीलंकाई पूर्व स्पिनर ने कहा कि उन्हे वीरेन्द्र सहवाग के सामने गेंदबाजी करना चुनौती भरा लगता था। हालांकि उनके करियर में मिले 800 विकेट में से हर विकेट उनके लिये बेशकीमती है। बल्लेबाजों के बारे में बात करें तो अगर उनसे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा और सचिन तेंदुलकर के बीच चुनने का अवसर दिया जाये तो उनकी नजर सचिन पर ही होगी।

उन्होने कहा कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या विश्वकप में विरोधी गेंदबाजों के लिये मुसीबत खड़ी कर सकते हैं । दोनो बेहतरीन फार्म में है और खतरनाक हैं।

मुरलीधरन ने कहा कि उनकी आत्मकथा पर आधारित फिल्म '800' सत्य घटनाओं पर आधारित है और उन्हे उम्मीद है कि भारतीय दर्शक फिल्म को थियेटर में जाकर देखना पसंद करेंगे।

## स्क्वैश : पाकिस्तान को हराकर भारत ने जीता सोना

एजेंसी

**हांगझोउ।** एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष स्क्वैश टीम ने शनिवार को खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान को 2-1 से हरा कर स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल लिया।

हांगझोउ ओलंपिक सेंटर में सौरव घोषाल, महेश मनगांवकर और अभय सिंह की टीम ने रोमांचक मैच में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पाकिस्तान के इकबाल नासिर ने भारत के महेश मनगांवकर को 3-0 (11-8, 11-3, 11-2) से हराकर मुकाबले की शुरुआत की, लेकिन अगले ही मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी सौरव घोषाल ने मोहम्मद आसिम खान को 3-0 (11-5, 11-1, 11-3) से बराकर भारत को बराबरी दिलाई।

आखिरी मुकाबले में अभय सिंह और जमान नूर के बीच काफी रोमांक गेम देखने को मिला और अंत में भारतीय



खिलाड़ी ने पाकिस्तान स्क्वैश खिलाड़ी को 3-1 (11-7, 9-11, 8-11, 11-9, 12-10) से हराकर यह मुकाबला भारत के पक्ष में कर दिया।

भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी एक अक्टूबर से एकल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में भाग लेंगे। गौरतलब है कि साल 2010 के एशियन गेम्स में पुरुष इवेंट को शामिल किया गया था और तब से भारत की पुरुष टीम ने इस मल्टी-स्पोर्ट इवेंट के हर संस्करण में पदक अपने नाम किया है। भारत ने इस इवेंट में इससे पहले अपना पहला स्वर्ण पदक जीता था, जिसे इंचियोन 2014 में हासिल किया था।

## लवलीना ने जीता भारतीयों का दिल, प्रीति ने भी गोल्डेन टिकट की अर्जी लगायी

हांगझाउ। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता और मौजूदा विश्व चैंपियन लवलीना बोरगोहेन ने एशियाई खेल के बॉक्सिंग में महिलाओं के 75 किग्रा सेमीफाइनल में जगह बना कर भारत के लिये एक पदक सुनिश्चित कर दिया।

लवलीना ने शनिवार को क्वार्टरफाइनल में कोरिया की सुयेओन सियोंग को सर्वसम्मत निर्णय (5-0) से हराकर अंतिम चार में अपना स्थान पक्का किया। भारतीय मुक्केबाज ने मुकाबले की शुरुआत से ही प्रतिद्वंदी मुक्केबाज पर दबाव बनाए रखा और अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए राइट हैंड जैब का बखूबी इस्तेमाल किया और इस मुकाबले को अपने नाम कर लिया।

एक अन्य मुकाबले में भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार ने महिलाओं के 54 किग्रा क्वार्टरफाइनल में




कजाकिस्तान की ज़ैना शेकेरबेकोवा को 4-1 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही प्रीति पवार ने भारत के लिए अगले साल होने वाले पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल किया। ज्ञातव्य है कि नेशनल ओलंपिक कमेटी के पास ओलंपिक खेलों में अपने संबंधित देशों के प्रतिनिधित्व के लिए विशेष अधिकार है। पेरिस खेलों में एथलीटों की भागीदारी उनकी एनओसी पर निर्भर करती है, जो उन्हें पेरिस 2024 में अपने प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनती है। लवलीना बोरगोहेन 75 किग्रा में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, इसलिए उन्हें पेरिस 2024 कोटा हासिल करने के लिए अभी भी एक और मुकाबला जीतने की जरूरत है। प्रीति पवार को कजाकिस्तान प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज ने शुरुआती राउंड में मामूली अंतर से जीत हासिल की, लेकिन ज़ैना शेकेरबेकोवा ने दूसरे राउंड में शानदार वापसी की। तीसरे राउंड में दोनों मुक्केबाज आगे बढ़ रहे थे, लेकिन इस बीच प्रीति ने इस मुकाबले को अपने नाम करने के लिए कई बेहतरीन पंच जड़े। दिन के अन्य मुकाबले में भारत के सचिन सिवाच को कुवैत के तुर्की अबुकुथैला से वॉकओवर मिला और उन्होंने पुरुषों के 57 किग्रा क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई, जबकि नरेंद्र बेरवाल ने पुरुषों के +92 किग्रा वर्ग में ईरान के इमान रमज़ानपुर डेलावर को सर्वसम्मत निर्णय (5-0) से हराकर भारत के लिए पदक पक्का किया।

# मालदीव में राष्ट्रपति चुनाव की वोटिंग खत्म

**इंडिया फर्स्ट बनाम इंडिया आउट रहा मुद्दा; विपक्षी उम्मीदवार मोहम्मद मुइज चीन समर्थक**

मालदीव में राष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग पूरी हो गई है। इलेक्शन कमिशन के मुताबिक 4 बजे तक 78 फीसदी मतदान हुए हैं। चुनाव में राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह और विपक्षी नेता मोहम्मद मुइज के बीच कड़ा मुकाबला है। मालदीव का चुनाव भारत के लिए भी काफी अहम है, इसकी वजह ये है कि विपक्षी पार्टी के नेता मुइज चुनाव जीतने पर मालदीव पर भारत के असर को कम करने का वादा कर रहे हैं।

मुइज सार्वजनिक मंचों से कहते हैं कि वो चीन के साथ रिश्तों को और मजबूत करेंगे। दरअसल, डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता राष्ट्रपति सोलिह को भारत का करीबी माना जाता है। वहीं, विपक्षी पार्टी के मोहम्मद मुइज चीन समर्थक हैं। मालदीव में राष्ट्रपति चुनने के लिए दूसरी बार वोटिंग हो रही है। इससे पहले 8 सितंबर को पहले राउंड की वोटिंग हुई थी। हालांकि, तब किसी को भी बहुमत नहीं मिला था। मुइज के नेतृत्व वाला प्रोग्रेसिव अलायंस 46 प्रतिशत वोटों के साथ आगे रहे था,



जबकि राष्ट्रपति सोलिह की डेमोक्रेटिक पार्टी को 39 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। दरअसल, मालदीव में चुनाव जीतने के लिए 50 प्रतिशत वोट की जरूरत होती है। कोई भी जब इतने वोट हासिल नहीं कर पाया तो चुनाव फिर करवाने पड़े।

### कौन हैं चीन समर्थक मोहम्मद मुइज

ब्रिटेन से पढ़ाई कर लौटे मुइज फिलहाल मालदीव की राजधानी माले के मेयर हैं। वो पेशे से एक सिविल इंजीनियर हैं। 2018 में जब मालदीव के तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल्लाह यामीन को सत्ता छोड़नी पड़ी तब वो देश के कंस्ट्रक्शन मिनिस्टर थे। यामीन के जेल जाने पर मुइज को उनकी पार्टी को लीड करने का मौका मिला।

हालांकि, उन्होंने पार्टी की फॉरेन पॉलिसी से जुड़ी अप्रोच नहीं बदली। वो भी यामीन की तरह चीन के हिमायती हैं। हाल ही में उन्होंने माले शहर के मेयर के तौर पर चीन के साथ एक 16 हजार करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके तहत माले को एक ब्रिज के जरिए शहर के एयरपोर्ट के साथ जोड़ा जाएगा। इस ब्रिज को फ्रेंडशिप ब्रिज भी कहा जा रहा है।

### भारत के तोहफे में दिए दो हेलिकॉप्टरों पर विवाद

भारत ने मालदीव को 2010 और 2013 में दो हेलीकॉप्टर और 2020 में एक छोटा विमान तोहफे के तौर पर दिया था। इस पर मालदीव में काफी हंगामा है। विपक्ष राष्ट्रपति सोलिह पर इंडिया फर्स्ट नीति का अपनाने का आरोप लगाता है।

भारत का कहना है कि उपहार में दिए गए विमान का इस्तेमाल खोज-बचाव अभियानों और मरीजों को लाने के लिए किया जाना था। मालदीव की सेना ने 2021 में बताया था कि इस विमान के संचालन और उसकी मरम्मत के लिए भारतीय सेना के करीब 75 जवान देश में मौजूद हैं।

इसके बाद मालदीव के विपक्षी दलों ने इंडिया आउट अभियान शुरू कर दिया। उनकी मांग थी कि भारतीय सुरक्षा बल के जवान मालदीव छोड़ें।

## खालिस्तान समर्थकों ने उन्हें वापस भेजा; भारत ने ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय से नाराजगी जताई

अमृतसर। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी को खालिस्तानियों ने स्कॉटलैंड के एक गुरुद्वारे में जाने से रोक दिया। ये वही गुरुद्वारा है, जहां दोरईस्वामी खालिस्तानी गतिविधियों को लेकर गुरुद्वारा समिति के साथ बैठक करने आए थे। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भारत ने ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय से इस मामले को लेकर नाराजगी जताई है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें खालिस्तान समर्थक गुरुद्वारे के बाहर भारतीय उच्चायोग दोरईस्वामी को घेरे दिख रहे हैं और उन्हें गुरुद्वारे में जाने से रोका जा रहा है। इसके बाद दोरईस्वामी एक कार में बैठकर वहां से चले गए। वीडियो में उनके जाने के बाद खालिस्तान समर्थक उन्हें दोबारा कभी वहां ना आने की हिदायत देते नजर आए।

हाई कमिश्नर को रोकने वालों में शामिल एक खालिस्तानी समर्थक ने कहा- हमें पता चला था कि भारत के राजदूत यहां आने वाले हैं। रोके जाने पर वो कार में बैठकर वापस चले गए। गुरुद्वारे में आने वाले भारत सरकार के किसी भी शख्स के साथ यही होगा, चाहे वो किसी भी बहाने से यहां आ रहे हों। हमें पता है कि वो क्या करना चाह रहे हैं।

कनाडा में जो हुआ वो हमने देखा। कनाडा के पीएम ने साफ तौर पर भारत की निंदा करते हुए उनके डिप्लोमैट को निकाल दिया। ऐसे में उन्हें गुरुद्वारे में आने का न्योता देना बेहद गलत है। इस घटना के बाद बीजेपी नेता मनिंदर सिंह सिरसा ने कहा- स्कॉटलैंड में जो हुआ मैं उसकी निंदा करता हूं। गुरुद्वारे में किसी को भी आने-जाने का पूरा हक है।

हमारे धर्म में हिंसा फैलाने के लिए नहीं कहा जाता बल्कि हम मानवता की रक्षा करते हैं। पीएम मोदी ने भी हमारे समुदाय की तारीफ की थी। सिखों के लिए भारत ही सबसे सुरक्षित जगह है।

यह घटना इसी साल मार्च में लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के बाद दूसरी बड़ी घटना है। मार्च में खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय हाई कमीशन पहुंचकर वहां तोड़फोड़ की थी। इसके बाद वहां लगा तिरंगा भी उतार दिया था।

### न्यूयॉर्क में बारिश के कहर के बाद आपातकालीन स्थिति घोषित

न्यूयॉर्क । अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में भारी बारिश के कहर के बाद आयी बाढ़ के कारण आपातकालीन स्थिति की घोषित कर दी गई है। शहर के सबवे , सड़कों और राजमार्गों पर पानी भर गया है, जबकि लागार्डिया हवाई अड्डे पर कम से कम एक टर्मिनल बाद में फिर से खोलने से पहले शुक्रवार को बंद कर दिया गया था। शहर के कुछ हिस्सों में आठ इंच तक बारिश होने से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी, लेकिन शाम तक आसमान साफ शांत हो गया था। गवर्नर कैथी होचुल ने कहा, यह एक खतरनाक, जानलेवा तूफान है। होचुल ने एक्स पर कहा, मैं पूरे क्षेत्र में हो रही अत्यधिक बारिश के कारण न्यूयॉर्क शहर, लॉन्ग आइलैंड और हडसन वैली में आपातकाल की स्थिति की घोषणा कर रहा हूं।

### रूस ने बेलगोरोड क्षेत्र में यूक्रेन के नौ उरगन एमएलआरएस रॉकेटों को मार गिराया

मास्को। रूस ने कहा है कि उरगन मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम (एमएलआरएस) से नौ रॉकेटों का उपयोग करके रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में आतंकवादी हमले को अंजाम देने के यूक्रेन के प्रयास को विफल कर दिया गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा, 30 सितंबर की सुबह मास्को समयानुसार लगभग 3: 45 बजे यूक्रेन शासन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र पर आतंकवादी हमला करने का प्रयास किया गया, जिसे विफल कर दिया गया। यूक्रेन ने इसके लिए उरगन एमएलआरएस के नौ रॉकेटों का उपयोग किया। मंत्रालय ने कहा, ड्यूटी पर मौजूद वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलगोरोड क्षेत्र के ऊपर हवा में सभी नौ रॉकेटों को नष्ट कर दिया। इससे पहले, क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा कि वायु रक्षा बलों ने रूसी शहर बेलगोरोड के पास हवाई लक्ष्यों को मार गिराया, कोई हताहत या क्षति की सूचना नहीं है।

### जॉर्जिया चुनाव मामला : अदालत ने सह-प्रतिवादी स्कॉट हॉल दोषी ठहराया

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े जॉर्जिया चुनाव हस्तक्षेप मामले में सह-प्रतिवादियों में से एक स्कॉट हॉल को फुल्टन काउंटी सुपीरियर कोर्ट ने दोषी ठहराया है। हॉल पर सात आरोप हैं, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वह जॉर्जिया में 2020 के चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन की जीत को पलटने के लिए पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ एक साजिश का हिस्सा थे। स्कॉट पर विशेष रूप से कॉफ़ी काउंटी में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप है। फुल्टन काउंटी के न्यायाधीश स्कॉट मैकेफी ने शुक्रवार को उसके खिलाफ प्रत्येक मामले के लिए 12 महीने की परिवीक्षा लगाई, जिसके कारण प्रभावी रूप से पांच साल की परिवीक्षा अवधि के साथ-साथ प्रत्येक मामले के लिए 1,000 डॉलर का जुर्माना यानी कुल 5,000 डॉलर का जुर्माना लगाया। इसके अलावा ने स्कॉट को मतदान या चुनाव प्रशासन से संबंधित किसी भी गतिविधि में भाग नहीं लेने का आदेश दिया।

### एपेक शिखर सम्मेलन के लिए रूस को अमेरिका का निमंत्रण नहीं मिला है: एंटोनोव

मास्को। रूस को अभी तक सैन फ्रांसिस्को में आयोजित होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन के लिए अमेरिका की ओर से आधिकारिक निमंत्रण नहीं मिला है। अमेरिका में रूस के राजदूत अनातोली एंटोनोव ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने नवंबर में आयोजित होने वाले एपेक शिखर सम्मेलन के मुद्दे पर कहा, हमें अभी तक अमेरिका से आधिकारिक निमंत्रण नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि रूस अमेरिका से सभी प्रतिनिधिमंडलों के लिए एपेक शिखर सम्मेलन में समान पहुंच सुनिश्चित करने और उचित समय पर वीजा जारी करने का आग्रह करता है। एंटोनोव ने कहा, हम व्हाइट हाउस से सभी प्रतिनिधिमंडलों के लिए मंच तक समान पहुंच और समय पर वीजा जारी करने को सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं।

### स्कॉटलैंड में दो ट्रेनों में टक्कर, दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

एडिनबर्ग। उत्तरी स्कॉटलैंड में दो ट्रेनों के बीच टक्कर में घायल हुए दो लोगों को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक दुर्घटना शुक्रवार को शाम 7-10 बजे केयर्नगॉर्म्स के एवीमोर रेलवे स्टेशन पर हुई। स्कॉटिश फायर एंड रेस्क्यू सर्विस (एसएफआरएस) के एक प्रवक्ता ने कहा, दो हताहतों को रायगमोर अस्पताल पहुंचाया गया है। तीन हताहतों का इलाज घटनास्थल पर ही किया गया, लेकिन उन्हें अस्पताल ले जाने की जरूरत नहीं पड़ी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्टेशन पर प्रतिष्ठित फ्लाइंग स्कॉट्समैन स्टीम लोकोमोटिव और रॉयल स्कॉट्समैन के बीच टक्कर हुई थी। स्कॉटिश ग्रीन्स ट्रांसपोर्ट के प्रवक्ता मार्क रस्केल ने कहा, यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि घटना किस वजह से घटित हुई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा युवा इकाई की बैठक संपन्न

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



**बलरामपुर।** अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा युवा इकाई की एक बैठक कमलापुरी गेस्ट हाउस उतरौला में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रमेश गुप्ता (प्रधान) का आगमन हुआ। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी युवा प्रदेश महामंत्री राम प्रकाश गुप्ता ज्वेलर्स, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता, प्रदेश संयुक्त मंत्री शिवपूजन एवं अमित गुप्ता का नगर अध्यक्ष अमरचंद गुप्ता के द्वारा माल्यार्पण कर सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर युवा महासभा के नगर इकाई के गठन पर भी चर्चा किया गया एवं युवा सभा का बैंक खाता खोलने एवं एक अलग शपथ ग्रहण समारोह कराने की भी व्यवस्था की बात कही गई इस विशेष शुभ अवसर पर युवा प्रदेश महामंत्री राम प्रकाश गुप्ता ज्वेलर्स, संजय गुप्ता ,पंकज गुप्ता, दीपक गुप्ता, रोहित राज गुप्ता, दीपक चौधरी ,फरिन्द्र गुप्ता ,रूपेश गुप्ता, रमेश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता ,नितेश गुप्ता ,बलराम गुप्ता ,विजय कुमार,अनिल गुप्ता पत्रकार, दिनेश कुमार गुप्ता, अनिल गुप्ता, उमानंद गुप्ता पत्रकार ,बजरंगी गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता, शशि गुप्ता ,सोनू कुमार गुप्ता ,शशि गुप्ता,दिनेश गुप्ता,राजकुमार गुप्ता, शिवपूजन गुप्ता, अमित गुप्ता,अभिषेक गुप्ता सभासद ,प्रमोद कुमार गुप्ता आदि सैकड़ो की संख्या में युवा स्वजातीय बंधुओ ने सम्मिलित होकर बैठक को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।।

### स्वच्छता के जश्न में जुटेंगे प्रतिष्ठित संस्थान और देश के जवान

नयी दिल्ली। देश भर में प्रतिष्ठित संस्थान, धार्मिक संगठन सशस्त्र बलों के जवान, स्कूली बच्चों से लेकर कॉलेज छात्र और तमाम मशहूर हस्तियां रविवार को स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्वच्छता दिवस पर जनमानस का नेतृत्व करेंगे। इस मौके पर स्वच्छता अभियानों में 12 राज्यों के मुख्यमंत्री, नौ राज्यपाल और उपराज्यपाल सफाई अभियानों का हिस्सा बनेंगे। स्वच्छता दिवस शहरों में महासफाई अभियान चलाया जायेगा जिसके अंतर्गत विभिन्न ऐतिहासिक संग्रहालयों, स्मारकों और किलों की सफाई की जाएगी। सशस्त्र बलों के जवान भी स्वच्छता मिशन का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिसमें केन्द्रीय पुलिस बलों और असम राइफल्स के जवान भी शामिल होंगे। इस्कॉन मंदिर संघ स्वच्छता अभियान के लिए मंदिर की सफाई की जिम्मेदारी संभालेगा और धार्मिक स्थलों के आसपास के क्षेत्रों को गोद ले रहा है। रामकृष्ण मठ श्रमदान के लिए कई क्षेत्रों को गोद ले चुका है। पर्वतारोही प्रदीप सांगवान का हीलिंग हिमालय संगठन उत्तराखंड में हिमालय पथ को साफ करने के लिए आगे आया है। स्कूलों और कॉलेजों में स्वच्छता अभियान के हिस्से के रूप में माता अमृतानंदमयी का अम्मा फाउंडेशन देश भर में स्वच्छता के लिए श्रमदान करेगा। अपने-अपने शहरों में खेल और कला क्षेत्र से जुड़ी नामी हस्तियां सफाई अभियानों का प्रतिनिधित्व करेंगी, जिनमें ओलंपियन पीवी सिंधू, विशाखापत्तनम में कर्नम मल्लेश्वरी और पद्मश्री सुदर्शन पटनायक आदि शामिल होंगे।

### शाह ने गुजरात में 1651 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात की राजधानी गांधीनगर में अहमदाबाद नगर निगम और अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण के 1651 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। शाह ने सरखेज, भाड़ज गांव, ओगणज, जगतपुर गांव और त्रागड में तालाबों के नवीनीकरण कार्यों का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने इस मौके पर कहा कि गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में कोई ऐसा वार्ड नहीं है जहां विकास कार्यों का लोकार्पण तथा शिलान्यास न हुआ हो और सरकार ने लोगों के मांग करने से पहले ही विकास कार्य शुरू किए हैं। उन्होंने कहा कि गत 52 महीनों में गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में 17,544 करोड रुपये के विकास कार्य हुए हैं। आज लगभग 1650 करोड़ रुपये की लागत से 39 परियोजनों का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ जिनमें से 18 योजनाओं का लोकार्पण और 21 का भूमिपूजन हुआ। शाह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से राज्य विधानसभाओं और लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है।

### मोदी ने परिवारतंत्र के रिवाज को प्रजातंत्र के मिज़ाज में बदला : नकवी

नयी दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) के नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परिवारतंत्र के रिवाज को प्रजातंत्र के मिज़ाज में बदल कर, ग्राउंड जीरो के ग्लोबल हीरो का बेहतरीन ब्रांड बन गए हैं। नकवी ने आज यहाँ में चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के इंडियन ब्रांड एण्ड लीडरशिप कॉन्क्लेव 2023 को सम्बोधित करते हुए कहा कि परिवार प्रायोजित प्रोग्राम से नहीं , परिश्रम की पराकाष्ठा के परिणाम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दल ग्लोबल लीडरशिप का प्रमाणिक ब्रांड बनें हैं। उनके निर्णायक नेतृत्व ने साबित किया है कि परफॉर्म के लिए ट्रांसफॉर्म, रिफॉर्म के लिए रिस्क का कमिटमेंट, कन्विक्शन और करेज पहली जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोई भी बेहतरीन ब्रांड बाई चांस नहीं बाई च्वाईस बनता है, ब्रांड के प्रति आकर्षण को आस्था में बदलने के लिए प्रोडक्ट की प्रमाणिकता, व्यक्तित्व की विश्वनीयता ब्रांड के ग्लोबल ग्लैमर और गौरव का गहना है। नकवी ने कहा कि तकनीक और कनेक्टिविटी क्रान्ति ने दुनिया को छोटा और प्रतिस्पर्द्धा को बड़ा कर दिया है। संसार के हर हिस्से की व्यापारिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, शैक्षणिक, प्रशासनिक गतिविधियों पर लोगों की पैनी नज़र रहती है, डिजिटल दुनिया में किसी भी पर्सनैलिटी, प्रोडक्ट, इन्डस्ट्री, इंस्टीट्यूशन की वैश्विक विश्वसनीयता कायम करना और रखना लोहे के चने चबाने से कम नहीं है।

# बीज से बाजार, तकनीक से नवाचार के वैश्विक परिदृश्य से परिचय कराएगा कृषि कुंभ 2.0

## दिसंबर में संभावित है कृषि कुंभ 2.0, आयोजन को ग्लोबल बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा



लखनऊ। वर्ष 2018 में कृषि कुंभ के आयोजन के लिए देश भर में सराहे गए उत्तर प्रदेश में कृषि कुंभ 2.0 को वैश्विक समारोह बनाने के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को इसकी समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि कुंभ 2.0 में प्रदेश के प्रत्येक जनपद के साथ-साथ देश के हर राज्य की भागीदारी कराई जानी चाहिए। हर राज्य में कृषि क्षेत्र में हो रहे बेस्ट प्रैक्टिस को यहां प्रदर्शित किया जाए, इससे हमारे किसान तकनीकी दृष्टि से और संपन्न हो सकेंगे। यह आयोजन बीज से बाजार तक और दुनिया भर में कृषि क्षेत्र में अपनाई जा रही तकनीक से लेकर नवाचार तक की जानकारी देने वाला होगा। आयोजन दिसंबर के दूसरे सप्ताह में संभावित है।

उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि कुंभ के इस दूसरे संस्करण में 02 लाख से अधिक किसानों की प्रतिभागिता कराई जाए। भारत सरकार के माननीय मंत्रीगणों, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कृषि एवं संवर्गी सेक्टर की ख्यातिलब्ध कंपनियों/संस्थाओं, सभी कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्रों, प्रगतिशील किसानों को आमंत्रित किया जाए। सम्मेलन के वैश्विक स्वरूप पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान, इजरायल, क्रोएशिया, पोलैंड, पेरू, जर्मनी, यूएसए, फिलीपींस, साउथ कोरिया, इंडोनेशिया जैसे देशों में खेती-किसानी को लेकर अनेक अभिनव कार्य हो रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तर्ज पर संबंधित देशों में भारतीय दूतावासों/उच्चायोग से संपर्क कर इन देशों को कृषि कुंभ में कंट्री पार्टनर के रूप में सहभागी बनाने के प्रयास किए जाएं।

सम्मेलन का मुख्य कार्यक्रम लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में होगा, जबकि इससे पूर्व नई दिल्ली में कर्टेन रेजर इवेंट भी आयोजित किया जाएगा। कृषि कुंभ के विभिन्न आयामों के संबंध में विमर्श करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मेलन के दौरान गौ-आधारित प्राकृतिक खेती, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने की तैयारियों, श्री अन्न के प्रोत्साहन, एफपीओ आधारित व्यवसाय, खेती की लागत को कम करने, पराली प्रबन्धन के साथ-साथ 1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाले राज्य में कृषि सेक्टर के योगदान को बढ़ाने के प्रयासों पर चर्चा कराई जानी चाहिए। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों/संस्थाओं द्वारा कृषि प्रदर्शनी, इंटीग्रेटेड फार्मिंग, ड्रोन के उपयोग, औद्यानिक क्षेत्र की उपलब्धियों, गोवंश संरक्षण, रेशम उद्योग की प्रगति, एग्रो फॉरेस्ट्री, फूलों की खेती, कृषि उद्यमिता, कृषि विविधीकरण, एग्री स्टार्टअप, डिजिटल एग्रीकल्चर जैसे विषयों पर चर्चा-विमर्श, विशेषज्ञों के व्याख्यान, प्रदर्शनियां आदि आयोजित की जाएंगी।

### श्रीअन्न की विशिष्टताओं से परिचय कराएगी विशेष कार्यशाला

बाजार, ज्वार, मडुआ, सांवा, कोदो, काकुन, कुटकी, चेना, कुट्टू और रामदाना जैसे स्वाद और पोषण युक्त श्रीअन्न की विशिष्टताओं से परिचय कराने को अक्टूबर में राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देशानुसार, उत्तर प्रदेश श्रीअन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में मिलेट्स के विभिन्न उत्पादों/पकवानों का प्रदर्शन किया जाएगा। मिलेट्स पर कार्य करने वाले एफपीओ, उद्यमियों, कृषकों का सम्मानित किया जाएगा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में प्रस्तावित मिलेट्स की इस खास कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ होटल एशोसिएशन/शेफ, स्कूली बच्चों, एफपीओ आदि को भी आमंत्रित किया जाएगा।

# अज्ञात चोरों ने बैंक की दीवार काटकर चोरी का किया प्रयास

## क्षेत्राधिकारी उतरौला ने घटनास्थल का किया निरीक्षण



रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** भारतीय स्टेट बैंक की शाखा सरायखास में अज्ञात चोरों ने बैंक की पिछली दीवार तोड़कर अंदर दाखिल होकर चोरी का प्रयास किया।

सादुल्लानगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत छितलूपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा सरायखास परिसर की दीवार शुक्रवार की देर रात्रि अज्ञात चोरों ने काट दिया।

शाखा प्रबंधक हिमांशु त्रिवेदी ने बताया कि शनिवार सुबह बैंक का सफाई कर्मी सफाई के लिए अंदर घुसा तो देखा कि परिसर के पीछे की दीवार में छेद है। सफाई कर्मी लवकुश द्वारा घटना की सूचना शाखा प्रबंधक को दी गई।

शाखा प्रबंधक द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। घटना स्थल पर पहुँची क्षेत्राधिकारी उतरौला ज्योति श्री, प्रभारी निरीक्षक सादुल्लानगर बृजानंद सिंह ,स्वाट टीम प्रभारी खादिम सज्जाद ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण किया।

क्षेत्राधिकारी उतरौला ज्योति श्री ने बताया कि बैंक परिसर में अज्ञात चोरों द्वारा दीवार काटा गया लेकिन चोर अंदर प्रवेश नहीं कर सके बैंक का किसी प्रकार का कोई क्षति नहीं हुई है। घटना की जाँच की जा रही है।

सूत्रों ने बताया की बेखौफ चोरों द्वारा बैंक की दीवार काटना पुलिस के लिए बड़ा चुनौती बन गया है। बैंक पर रात्रि में पुलिस की ड्यूटी रहती है। आसपास विशेष ध्यान व रात्रि गस्त में पुलिस चक्कर लगाती रही। फिर भी बेखौफ चोरों ने बैंक की दीवार काट दी। बैंक की दीवार कटने से क्षेत्रीय लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस हर पहलू की जांच में जुटी हुई है।

# जनपद में बड़े उद्योगों की स्थापना को करें सार्थक प्रयास : जिलाधिकारी



रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग की बैठक कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी रोजगार स्कीम प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना की समीक्षा के दौरान उद्योग विभाग द्वारा लाभार्थियों को योजनाओं में ऋण के लिए बैंको को प्रेषित आवेदन पत्र का लंबित रहने पर नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि बैंक रोजगार स्कीम में ऋण करने में ढिलाई ना बरतें। उन्होंने कहा कि यदि लाभार्थी के डॉक्यूमेंट में कोई कमी है तो उसको सही कराते हुए ऋण प्रदान करे।

जिलाधिकारी ने कहा की जनपद में बड़े उद्योग को लगाए जाने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए सरकार द्वारा दिए जा रहे सब्सिडी एवं रियासतों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाए। उन्होंने शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में युवाओं को बेहतर ढंग से इन्नोवेटिव प्रशिक्षण प्रदान किए जाने का निर्देश दिया।

# लिजेंड्री क्रिकेट स्टार मुरलीधरन मंगलमय संस्थान में

विश्वविख्यात क्रिकेटर मुथईया मुरलीधरन आज अपने जीवन पर बनने वाली फिल्म '800' के प्रोमोशन के लिए मंगलमय संस्थान पहुँचे। मुरली के साथ इस फिल्म में मुरली का किरदार निभाने वाले एक्टर मधुर मित्तल व अन्य स्टार कास्ट भी थी।

संस्थान में मुरली के आगमन पर छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। हर कोई मुरली से सेल्फी व आटोग्राफ की मांग कर रहा था और सौम्य स्वभाव के मुरली ने किसी को भी निराश नहीं किया बल्कि स्वयं ही छात्रों के बीच जाकर उनके साथ फोटो खिंचवाई।

इससे पहले संस्थान में आगमन पर संस्थान के चेयरमैन श्री अतुल मंगल, वाइस चेयरमैन आयुष मंगल, एक्सीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती प्रेरणा मंगल व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर सभी महमानों का स्वागत किया। छात्रों से



खचाखच भरे सभागार में जैसे ही मुरली पहुँचे छात्रों ने ''मुरली-मुरली'' चिल्लाकर उनका स्वागत किया। सबसे पहले - 800'' फिल्म का ट्रेलर चलाया गया उसके पश्चात मुरली ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने जीवन में जिस प्रकार संघर्ष करते हुए उन्होंने एक मुकाम हासिल किया उसी प्रकार आप सब को भी बिना कठिनाइयों से घबराये हुए चाहे जिस क्षेत्र में हो आगे बढते रहना चाहिए।

लीड एक्टर मधुर मित्तल जो कि आस्कर अवार्ड जीतने वाली फिल्म स्लमडाग मिलेनियम में अपने किरदार ''सलीम मलिक'' के लिए जाने जाते हैं ने भी छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह फिल्म उनके कैरियर की सबसे चुनौतीपूर्ण फिल्म है जिन्हें करते हुए उन्हें भी काफी कठिनाइयाँ तो हुई परन्तु इस फिल्म को करते हुए मजा भी काफी आया। उन्होंने कहा कि इस फिल्म को फिल्म की तरह न देखते हुए एक मानवीय पहलू और एक आम व्यक्ति कैसे संघर्षों से पार पाता हुआ एक महा मानव बनता है इस नजरिये से भी इस फिल्म को देखने की जरूरत है। कार्यक्रम के अन्त में सभी महमानों को स्मृतिचिन्ह भी भेंट किये गये और वाइस चेयरमैन श्री आयुष मंगल ने सभी महमानों का धन्यवाद किया।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ईवीएम हाल में डीएम ने की चेकिंग



सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह द्वारा ई0वी0एम0 हाल में फर्स्ट लेबल चेकिंग का निरीक्षण करने के दौरान वस्तुस्थिति से विज्ञ करते हुए कहा कि आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 के लिए ई0वी0एम0 मशीनों का एफ0एल0सी0 का कार्य 11 सितम्बर से गतिमान था, जो 28 सितम्बर को पूर्ण हो गया है।

उन्होंने बताया कि दो दिन 29 व 30 सितम्बर तक मॉकपोल के लिए समय आरक्षित किया गया था।

डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 5 प्रतिशत मशीनों में मॉकपोल सम्पन्न कराया गया था, 5 प्रतिशत मशीनों मे से 1 प्रतिशत मशीनों का 1200 वोट, 2 प्रतिशत मशीनों पर 1000 वोट तथा 2 प्रतिशत मशीनों पर 500 वोट कास्ट करने थे। कहा कि पार्टी के कुछ प्रतिनिधियों ने एफ0एल0सी0 प्रक्रिया को खुद देखा है तथा इसके सम्बन्ध में अपनी राय भी दिया है। एफ0एल0सी0 ओ0के0 की सूची भी मौके पर उपलब्ध कराया जाना था, जो आज मौके पर उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को एफ0एल0सी0 ओ0के0 की सूची उपलब्ध कराया गया है।

बताया कि यदि पार्टी प्रतिनिधियों को एफ0एल0सी0 ओ0के0 की सूची अभी तक प्राप्त नहीं हो सकी है, वह निर्वाचन कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जो भी प्रक्रिया थी, उसके तहत पार्टियों के प्रतिनिधियोन की उपस्थिति में सम्पन्न कराया गया है। अभी तक किसी के द्वारा कोई शिकायत प्रकाश में नहींआई है। उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील किया कि आगामी दिनों में जो भी निर्वाचन की प्रक्रिया होगी, सभी को बुलाया जायेगा।

डीएम ने विश्वास जताते हुए कहा कि उम्मीद है आप सभी इस तरह की प्रक्रिया में भाग लेंगें और सारी प्रक्रिया को देख सकते हैं, जिसके लिए पार्टी पदाधिकारीगण सादर आमंत्रित हैं।

### 'आज समाज' के राकेश शर्मा बने आईएनएस के अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** दैनिक समाचार पत्र समूह 'आज समाज' के राकेश शर्मा को भारत में समाचार पत्र-पत्रिकाओं के शीर्ष संगठन दि इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) का अध्यक्ष चुना गया है। यह जानकारी आईएनएस की 84वीं वार्षिक महासभा की बैठक के बाद शनिवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है। विज्ञप्ति के अनुसार, शर्मा साक्षी समूह के के राजा प्रसाद रेड्डी का स्थान लेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आईएनएस की वीडियो कांफ्रेसिंग और अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से हुयी बैठक में वर्ष 2023-24 के लिए संगठन की नई कार्यसमिति का चुनाव किया गया। इस चुनाव में मातृभूमि के एमवी श्रेयांस कुमार को सहायक अध्यक्ष और सन्मार्ग के विवेक गुप्ता को उपाध्यक्ष चुना गया है। अमर उजाला के तन्मय माहेश्वरी आईएनएस के अवैतनिक कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। मेरी पॉल सोसाइटी की महासचिव हैं।

# स्वच्छता दिवस को लेकर छात्राओं ने निकाली रैली



संवाददाता। गौरवशाली भारत

नाँगल चौधरी। राजकीय महिला महाविद्यालय परिसर में शनिवार को एनएसएस के अन्तर्गत स्वच्छताा दिवस उपलक्ष्य रैली का आयोजन प्राचार्या डॉ. अनीता तंवर की अध्यक्षता में किया गया। इस रैली को हरी झण्डी दिखाकर प्राचार्या ने रवाना किया। जिसमें स्वयं सेविकाओं ने गली मुहल्ले में जाकर स्वच्छता संबधित जागरूक करते हुए लोगों को समझाया। इस अवसर पर प्राचार्या ने छात्राओं को 2 अक्टूबर पर महात्मा गाँधी की जन्म शती पर स्वच्छ भारत की परिकल्पना की गई। इस बारे में प्राचार्या ने छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस दिन हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी स्वच्छ भारत %अभियान का संकल्प लिया था। स्वच्छता पर बल देते उन्होंने कहा कि हमारा शरीर तभी स्वस्थ रह सकता है, जब हमारा वातावरण भी स्वच्छ हो और यह हमारा कर्तव्य है कि हमारा देश सदैव स्वच्छ रहे। उन्होंने बताया कि स्च्छता बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता।इस रैली का सफल संचालन प्रभारी डॉ. पूनम तंवर और डॉ. सुशीला यादव की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. मनोज कुमार, सन्तोष यादव, ममता बायला, कुलदीप, रमन यादव, रणवीर आदि स्टाक सदस्य मौजूद रहे।

# वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सफाई का कीर्तिमान कायम करेगी भारतीय रेलवे

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान के तहत रविवार को एक कीर्तिमान रचने जा रही है। देश के 29 स्टेशनों पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की 14 मिनट के रिकॉर्ड समय में पूरी साफ सफाई करने का रिकॉर्ड कायम किया जाएगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रविवार से यह एक नियमित प्रक्रिया के रूप में स्थापित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सुबह चल कर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन दोपहर में जिस स्टेशन पहुंचती है, वहां से इसे कम समय में ही लौटना होता है। ऐसे में सफाई कर्मचारियों को विशेष रूप प्रशिक्षित किया गया है कि वे 14 मिनट के रिकॉर्ड समय में सफाई पूरा करके गाड़ी को वापसी की यात्रा के लिए तैयार कर दें।

रेल मंत्री कल अजमेर से दिल्ली छावनी आने वाली वंदे भारत में इस अभियान की शुरूआत करेंगे।

वैष्णव गुरुग्राम स्टेशन से ट्रेन में सवार होंगे और दिल्ली छावनी स्टेशन तक आएंगे और वहां 14 मिनट में साफ सफाई वाले अभियान का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल एक दिन की कवायद नहीं होगी।

हर दिन इसी तरह से सफाई की जाएगी। उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि चाहे आठ कोच वाली वंदे भारत हो या 16 कोच वाली, सफाई में इतना ही समय लगेगा क्योंकि एक कोच की सफाई के लिए तीन कर्मचारी लगाये गये हैं और रैक के कोचों की संख्या के हिसाब से कर्मचारी लगाये जाएंगे और गाड़ी की हर हाल में नियत समय में सफाई हो जाएगी।

### पेलीविजुमैप दवा को भारत में बिक्री , प्रयोग की स्वीकृति

नयी दिल्ली। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने पांच वर्ष आयु तक के बच्चों की श्वसन तंत्र संबंधित बीमारियों के उपचार में काम आने वाली अस्त्रा जेनेका निर्मित दवा 'पेलीविजुमैप' को भारत में आयात, बिक्री और प्रयोग की स्वीकृति दे दी है। अस्त्रा जेनेका फार्मा इंडिया लिमिटेड ने शनिवार को यहां बताया कि भारत में दवा का इंजेक्शन 100 एमएल, 50 एम एल और 0.5 एम एल की एकल खुराक में उपलब्ध होगा। आंकड़ों के अनुसार श्वसन तंत्र संबंधी बीमारियां दुनिया भर में बच्चों के स्वास्थ्य के लिए कड़ी चुनौती हैं।

# खन्ना कैम्प में भाजपा मण्डल बूथ सशक्तिकरण अभियान

**सोनभद्र ।** भाजपा डाला मंडल के बूथ शसक्तीकरण अभियान के क्रम में संगठनात्मक बैठक गुरुवार को बाड़ी स्थित खन्ना कैंप के प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दीपक दुबे ने की। बैठक की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह गौतम ने पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम की जानकारी दी कहा कि आगे आगामी 2024 लोकसभा चुनाव भी आने वाला है। चुनाव जिताने के दृष्टिकोण से संगठन की संपूर्ण जिम्मेदारी बूथ व



शक्ति केंद्र प्रभारी की होती है। हम कार्यकर्ताओं की पहचान संगठन से है। सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति इमानदार होना चाहिए। संगठन में कार्य करने वालों को ही पदाधिकारी का दायित्व सौंपा जाए। कार्यक्रम में उपस्थित बूथ प्रभारी शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक तथा पार्टी पदाधिकारीयों ने केंद्र सरकार के नौ साल से अधिक उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। संचालन मंडल उपाध्यक्ष बृजेश कुमार पांडेय ने किया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन, संतोष कुमार बबलू, मंडल प्रभारी कमलेश चौबे, महामंत्री संदीप सिंह, रामनिवास तोमर, धीरेंद्र प्रताप सिंह, अमरेश उपाध्याय, उर्मिला, मनीष तिवारी, राजू शुक्ला, रिशु जायसवाल, संतोष त्रिपाठी, मनी शंकर राय, अमीत शर्मा, मदन अग्रहरि आदि लोग मौजूद रहे।

CMYK CMYK CMYK CMYK